3	Rīti	,,	,,	,,	—style
4.	Dhvani	,,	,,	,,	—suggestiveness
5	Vakrokti	,,	,,	,,	—fascinating uncommonness of idea and expression.
6.	Aucitya	,,	,,	,,	—propriety of idea and expression

These six schools should not be considered as thoroughly exclusive of each other or antagonistic to each other, rather they represent the gradual stages through which the study of literary criticism was marching towards the inner core of poetry. It is a continuous search and hence a *gradual growth of the doctrine, which can thus be classified* in four stages also :—

1. Formative stage—from unknown beginning to Bhāmaha
2. Creative stage—from Bhāmaha to Ānandavardhana
3. Definitive stage—from Ānandavardhana to Mammaṭa
4. Scholastic stage—from Mammaṭa to Jagannātha.

In the third the process starts with चमत्कार and ends in चमत्कार.

The three elements शब्द, भावना and चमत्कार thus loom out clearly It is the भावना that interconnects शब्द and चमत्कार. Kāvya is thus the result of these three—शब्द, भावना & चमत्कार. The word चमत्कार stands for लोकोत्तराह्लाद "लोकोत्तरत्वं चाह्लादगतश्चमत्कारत्वापरपर्यायोऽनुभवसाक्षिको जातिविशेष" It is a supermundane pleasure of which personal experience is the proof It cannot be derived from ordinary words like a son is born to you This चमत्कार is related to word through भावना which is described by Jagannātha as "पुनः पुनरनुसन्धानात्मा" It consists in continued contemplation.

Of the three elements, शब्द, भावना and चमत्कार the last one is supreme To this Jagannātha refers as—'काव्यश्रीचित्र चमत्कारित्वं चावशिष्टमेव"[1] On this चमत्कार only he has based the clasification of poetry. Upto Jagannātha the position of प्रतीयमानार्थ was the fundamentum Divisions of poetry, which was not very just. Some very beautiful instances of poetry were thus thrown in the third class. In the post-dhvani period Visvanātha had gone to the extent of recognising only two varieties—ध्वनि & गुणीभूतव्यंग्य only. He did not recognise the third variety even as a kāvya. At this time Jagannātha on the basis of चमत्कार so re-arranged the poetry that instances which Viśvanātha refused to recognise as Kāvya, could assume the status of उत्तमकाव्य. Jagannātha is not the first one to recognise चमत्कार. In the sixteenth century प्रभाकर in his 'रसप्रदीप' had defined poetry as "चमत्कारविशेषकारित्वम् गुणविशेषकारित्वम् वा". Before him in the 18th century विश्वेश्वर too had written his चमत्कारचन्द्रिका. According to Narāyana, the great grand-father of विश्वनाथ, चमत्कार is the soul of poetry. All these must have influenced Jagannātha. To Jagannātha not only the चमत्कार but all the three elements शब्द, भावना and चमत्कार are important. His शब्द is रमणीयतापेक्ष. While dealing with Rasa he says—

1 Rasagaṅgādhara p 7

Jagannātha. It is thus a synthesis and a symbol of all the principles of poetics

R C. Dwivedi : The idea of *Camatkāra* which, according to some scholars, owes its origin to the sound *Camat* produced at eating a good dish was later on philosophically propounded under the influence of Śaivism It would be interesting and instructive to learn Jagannātha's original source of ramaṇīyatā concept, the author and the book in which it is hinted at for the first time and to trace its development through the centuries till it is finally raised to such an exalted position and declared the soul of poetry by Paṇḍita-Rāja Jagannātha The idea of *ramaṇīyatā* was accepted by all the poeticists who preceded or followed Jagannātha. It would indeed be interesting to explore its precise correlation with kindred concepts and various terms used by ācāryas through the ages to express their pre-eminent concern with *ramaṇīyatā* and how it is effected by a poet. I am afraid Jagannātha, by making *ramaṇīya* (beautiful) an adjective of meaning, *artha*, in his definition of poetry, laid more stress on content rather than form Indian tradition of literary criticism has by and large laid equal emphasis on both the word and meaning, which Jagannātha and some other poeticists seem to contradict.

In the beginning, the tradition in poetics seems to have made no mention of *Bhakti* at all. Vedic and Paurānic treatises were considered, as if, super-literary works that could not be dealt on par with other compositions of poetry expressive of the human feelings. Bharata, therefore, in line with the tradition prevalent in his times recognises only eight sentiments,[1] where the Erotic (Śṛngāra) is expressive of an attachment between a male and a female on the human plane. It is only in Abhinavagupta (C 1100 AD) that we find a great stress on Śānta, though Bharata has also made a mention of it.[2] *Bhakti* finds a mention at this stage as one of the ingredients as a Sañcāri emotion centred in gods as distinct from the attachment for a human heroine.[3] This attachment need not necessarily be centred in gods etc. but may be expressed as Devotion and Faith with concentration on God. These were regarded as ingredients of the *Śānta rasa*.[4] Mammata[5] and Hemacandra[6] also endorse this view in placing *Bhakti* in the category of a *Bhāva*.

A departure from the tradition is manifest with Panditarāja Jagannātha who seems to have been influenced by the Bhakti stalwarts like Sri Rūpa and Jiva Gosvāmins. He maintains, "Therefore why these the only *rasas*? Propped on the supreme God-head, manifested through the enthralling horripilation and flow of tears etc., well nourished by the emotions of joy at the time of listening to the narrations of the Purānas like the Bhāgavata and others, the intimate and immediate experience of the Bhakti sentiment in devotion to the Lord is utmost difficult to conceive. The devotion here in the form of love for the Lord, is the stable emotion. This cannot be included under the Śānta rasa, there being a contradiction between attachment and detachment."[7] It is really a pity that inspite of strong advocacy for the rasahood of *Bhakti*, Panditarāja declares his slavery to the tradition and

1. Nāṭyaśāstra, Gaekwad Series, Baroda 1934, Vol I, IV. 16
2. Ibid, Vol I, IV. 120
3. Dhvanyāloka locana, Ed Chowkhamba Series, p 175
4. Abhinavabhārati, Delhi 1960, p 656
5. Kāvyaprakāśa, Ed Jhalkikara, Poona 1938, p 118
6. Kāvyānuśāsana, Ed Mahavira Jain Vidyalaya, Bombay 1938, p 106
7. Rasagangādhara, Nirnayasagar Press, Bombay 1916, p. 43

no intrinsic defect or shortcoming in *Bhakti* being potentially capable of culminating in the status of a fullfledged *rasa*. Its inclusion, therefore, under one or the other emotions or sentiments serves practically no purpose and cannot, therefore, be justified, if *rasa* in its pure intrinsic nature is the very essence of the Highest Bliss "Rasa, verily is He". "One enjoys Supreme Bliss on attainment of this Rasa."[1] This authority of the highest philosophic value goaded the protagonists of the *Bhakti* school not to recognise it as a mere rasa but to proclaim it as *rasa-rāt* or the king of rasas, the only sentiment capable of transformation into the eight, nine, or twelve traditionally recognised *rasas*

The motive force behind a *rasa* is not merely a recognition by a group of literary critics but the very underlying vitality, the real joy, that forms the fundamental numenon of love, pathos, fear etc. capable of taste by the men of taste.

The stable emotion of all-engulfing, sweet attachment develops through the eight successive stages of *Bhāva*, *Premna*, *Sneha*, *Māna*, *Pranaya*, *Rāga* and *Anurāga* to mount into the *rūdha bhāva* that is the rarest wealth by itself[2] The joy and ecstacy are inexpressibly tasted both in union and separation, the poison, honey and nectar being fused into one in both the aspects It is an irony of anguish and enjoyment to be suffering severe pangs of separation even amongst the most intimate embraces of the lover or the beloved. And it is the highest boon to dive deep into the loving embrace where a glance would be a well neigh impossibility in the case of love with parakīyā[3] The poor wretch knocking about for a handful of gram strikes against the inconceivable fortune of the rain of golden treasure overhead.[4]

mony within the just man's psyche, and from the fact that when a man is attracted to excellence in men and actions everywhere he is only being drawn by an anxiety for the most valuable part of himself There can never be a real conflict between a man's concern for himself and his concern for what is valuable in the world around him

1. *Raso vai saḥ. Rasam hyevāyam labdhvānandī bhavati* Taittirīyopanisad, Gita Press, Gorakhapura, V E 2019 p 173

2 Ujjvalanilamani, p 416
 (i) Bahu vārvate yatah khalu yatra pracchanna kāmukatvam ca
 (ii) Yā ca mitho durlabhatā sā paramā manmathasya ratiḥ

3 Ibid p 14

4. Ibid p 500-81

This is the supreme Copernican change wrought by the Vaiṣṇavite rhetoricians in the nucleus of the Sanskrit poetics in so far as the traditional literature used to revolve round the mundane objects of senses and now the whole structure moved on the pivot of the Absolute Lord, the dearest of the dear, the loveliest of the lovely and the final goal of all poetry, poets and poetics

(b) Bhagavadbhakti Rasāyana-
Kāntādi viṣayā vā ye rasādyāstatra nedṛśam,
Rasatvaṃ puṣyate pūrṇasukhāsparśitvakāraṇāt,
Paripūrṇarasā Kṣudrarasebhyo bhagavadratiḥ,
Khadyotebhya ivādityaprabheva balavattarā

11

to us than what they would mean to any schoolboy or linguist or lexicographer or scientist, I am afraid we are no literary critics and we cannot claim to interpret rightly the principles of criticism.

Much earlier than Bhāmaha, in Kālidāsa himself, we have the invocation to *śabda* and *artha* as happily wedded to each other in a harmony which is the privilege of poetry. No Indian theorist could take this aesthetic harmony (*sāhitya*) for granted, that would be begging the question His business was to explain it in detail, in terms of literary categories. In all poems, whether taken in parts or as a whole, there is beauty and the business of the theorist is to demonstrate the hidden art of the poet in the use of *śabda* and *artha* to result in the reader's aesthetic delight.

This brings us to the second basic premiss of all the Sanskrit theorists that all poetry must end in the reader's delight, whether it is called *prīti* (joy), or *ānanda* (bliss) or *rasa* (aesthetic experience) I would like to know if there is a single writer in the whole range of Sanskrit *Alaṅkāraśāstra* who denies this essential fact, viz, the reader's delight while enjoying a poem In this broad sense, and this is the only sense which is justified, all concepts propounded in the *śāstra* are aesthetic concepts, i e. concepts concerned with the elucidation of beauty as attained by the unique *sāhitya* of *śabda* and *artha*

III

Now let us see how each of the concepts throws light on beauty in poetry and how each provides a sufficient explanation in itself without opposition to, but in relation to, the other concepts.

First comes *Alaṅkāra*, perhaps the most misunderstood of all concepts Its differentia itself is *vakrokti* or the principle of *atiśaya* to use Bhāmaha's expression. Without imaginative handling by the poet there is no *alaṅkāra* of any type—of *śabda* or of *artha* One is regarded as a poet at all because his perception involves the activity of his imagination or *pratibhā* It is the imagination which perceives things in multi-coloured relations, similarity, contrast, identity, etc.

never *ornamental*. It is the poetaster or imitator that we have the mechanical adding up (*citra*) where art is reduced to artifice, and this abuse only proves the rarity of *mahākavis* or master-poets This consideration of propriety or *aucitya* is the first requirement in the making of a literary critic and without it, one would be no more than a pretender in the critic's dress.

What then is the nature of the total impression of beauty with reference to which something may be accepted as appropriate (*ucita*) or rejected as inappropriate (*anucita*)? This question turns on the criterion which is at the basis of all literary judgement, of all statements of *guṇas* or excellences and *doṣas* or flaws in literature. *Guṇas* and *doṣas* are related concepts and their dichotomy is disastrous The Indian tendency towards normative classification usually makes one lose the binding thread of underlying principle behind all accepted *guṇas* and *doṣas* Again, we fall back on the literary taste as the guiding factor and on the aesthetic delight of the critic in deciding this issue.

At this stage we have to face another question Is all poetry uniformly good? Are there no gradations of goodness or different manifestations of goodness? By goodness is here meant aesthetic and not ethical valuation, of course Again from the earliest writer on poetics proper, viz, Bhāmaha, up to the latest, we have converging evidence to the fact that at least two types of beauty are clearly distinguishable, their mixture constituting a third. One is the sweet and spontaneous path of genius which can be contrasted with cultivated artistry revelling in gaudy glitter of thought and language. If the first is natural art, the second is cultivated and sophisticated art. Criticism has to recognise both. This is at the back of the concept of two styles or *mārgas* or *rītis*, viz, *Vaidarbhī* and *Gauḍī*, later including *Pāñcālī*, the mixed one. Kālidāsa represents the first, as Subandhu the second by common consent; while Bāṇa illustrates the third. One may be interested in further subdivision of *Rīti* or one may not be. But the fundamental recognition of *Rīti* cannot be avoided by any *sahṛdaya* or literary critic.

What then is the basis for all *Rītis*? The answer is to be sought in the total impression of beauty conditioning all

Perhaps it could be the stuff of drama. But what about poetry, accepted as poetry by one and all? Is there no beauty in language valued for its own sake, no beauty in thought commonly held as valuable? If we agree that we have something more in poetry than mere represented emotion, we must at once realise that any definition making *rasa* in the narrow sense the *sine qua non* of poetry like *vākyaṁ rasātmakaṁ kāvyam* by Visvanātha, should fall wide of the mark. For as Jagannātha himself admitted ungrudgingly, the word *rasa* is a much abused term in Sanskrit poetics. Its precise significance must be caught by the critic before bandying it about recklessly.

I avoid all the textbooks on *Alaṅkāraśāstra* and take what the dictionary writer has to say on *Rasa*. Ksīrasvāmin, the brilliant commentator on Amarakośa, has this to say on *rasa* —

> ratyādayo bhāvā anukriyamāṇāḥ
> sāmājikaiḥ rasyanta iti rasāḥ;

yadāhuḥ —

> "vibhāvairanubhāvaiśca yukto'tha vyabhicāribhiḥ
> āsvādyatvāt pradhānatvāt sthāyyeva tu rasībhavet.
> [Ksīrasvāmin on *Amarakośa*, Nāṭya-varga, H D. Sharma's edn , Poona, 1941, p 51.]

Avoiding all controversy, this must be accepted as the crucial meaning of *rasa*. It is a *sthāyibhāva* (i.e. one of the eight recognised by Bharata) which gets heightened into *rasa* by the blending of *vibhāvas*, *anubhāvas* and *vyabhicāribhāvas*. All these are mental states, moods, feelings or emotions except *vibhāvas* which are the stimuli, physical or personal, occasioning mental states. Their imitation or representation by actors make them relishable to spectators in drama. This is the very essence of Bharata's concept of *Rasa* and should not be lost sight of in abstract theorisings about aesthetic experience indulged in by several writers in the name of *rasa*.

Let us ask ourselves whether in our *Mahākāvyas*, such *rasa* can be felt or explained. Take the first canto of the *Kumārasambhava*. We have Kālidāsa's fine description of Mount Himālaya. Now it is a simple *parvata-varṇanā*. Can we assert that there is *rasa* in Bharata's sense? If any one were to assert so, we should ask him these questions :—What

all concepts in *Alankāraśāstra*, ancient as well as modern It admits intellectual ideas (*vastu*) and figurative modes (*alankāra*) on a par with mental states and emotions (*rasādi*) into the realm of poetry provided they undergo the minimum transformation through the imagination (*pratibhā*). The poetic process itself is searchingly re-defined as *suggestion* or *dhvani* to clear the common misunderstandings of it by scholars as identical with primary or secondary denotation (*abhidhā* or *lakṣaṇā*). Dhvani, then, is not a new concept as such, it is the understanding philosophy of all concepts, viz, *rīti*, *alankāra*, *guṇa-doṣa aucitya*, *rasa*, etc Even the worst critics of Ānandavardhana, viz, Bhaṭṭa Nāyaka and Mahimabhaṭṭa accepted the searching analysis of Ānandavardhana, while quarrelling with him on the issue of the name to be given to the underlying poetic function, which is unique Though I have not used the word *Dhvani* so long in this paper, all my re-valuation of the different concepts has been from the attitude of *dhvani* only, and I claim no originality for it

The implications of such a re-valuation on practical criticism are obvious Practical criticism will have to analyse poetic beauty inhering in form as well content, now taken as one unit, and now taken in part, under all the different heads of *Alankāra*, *Guṇa*, *Rasa* etc, and no one analysis would be complete by itself To talk of a poem's *rasa* as existing without its *alankāra* or *guṇa* is anathema The earlier the analogy of detachable ornaments (*hārādivadalankārah*) is shed, the better it would be for practical criticism We may talk of a poet's failure when *alankāra* miscarries; but not of poet's success without a shred of *alankāra* or *guṇa*. If the truth of this is realised, we could write independent studies of every Sanskrit poet in as many chapters as we have concepts, to bring out the success or failure of the poet. Such studies might put a stop to our cheap imitation of Western critical jargon and raise the prestige of Indian literary criticism itself.

may or may not be a Rasika. The audience enjoys the feelings of pleasure and pain in a detached, impersonal manner and thus the enjoyment of Rasa becomes a sort of universal experience. Bharata, therefore, seems to be quite right in not using the word Sthāyibhāva as equivalent to Rasa. The aesthetic pleasure which has been called carvaṇā, is essential for Rasa-experience. The masterpieces of Sanskrit literature provide us abundant food for the enjoyment of the intellectual palate. They provide not only sweet products for immediate enjoyment but are also tasteful to ruminate on for the whole of our life. Sanskrit poetry is a fountain of pleasure for one's solitary moments. I am never tired of impressing on our youngmen the pleasures of Sanskrit literature, as apart from value of this language as a vehicle for literary writings and modern scientific terminology.

Every writer of Sanskrit poetics has expanded on the importance of Śabda or Artha, and some have emphasised their inter-relation. The simple truth is that we cannot separate the Śabda from the meaning anymore than the Ardhanārīśvara Śiva from Pārvatī. Kālidāsa has invoked them both together, वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये. The most comprehensive and acceptable definition of poetry therefore appears to be Panditarāja's : रमणीयार्थप्रतिपादकः शब्दः काव्यम् and not a host of other definitions which are well known, but which leave out one aspect or the other of good poetry. The use of language with a view exclusively to beauty—and not for bombast or meaningless jargon—is the only true explanation of all Alankāras. Hence it is but *Dhvani*, used in its wide sense. The Dhvani school has rightly dominated the field of literary criticism ever since it was propounded by Ānanda-Vardhana and explained in all its implications by Abhinavagupta. Kuntaka could not convert the later critics to Vakrokti being the soul of poetry as it was identified with one of the Alankāras however much he tried to make its definition very pervasive.

I may say a few words about the great emphasis laid on Pratibhā by various writers. No doubt a poet's Pratibhā is of great importance in any composition. But modern psycho-

अलङ्कारस्वरूपविवेचनम्

डा० ब्रह्मानन्द शर्मा

अलमुपपदपूर्वके कृधातौ घञ्प्रत्ययप्रयोगादलङ्कारशब्दस्य व्युत्पत्तिः। घञ्-प्रत्ययश्च भावकरणयो[1]रित्यलङ्करणमलङ्कृतिरित्यस्य प्रथमोऽर्थः, "अलङ्क्रियतेऽनेनेत्यलङ्कारः" इति करणव्युत्पत्तिबलाच्च अलङ्करणसाधनमित्यस्य द्वितीयोऽर्थः। अलङ्करणमिति प्रथमोऽर्थः शोभाधानापरपर्याय एव। स च मूलतः कर्मरूपः (अत्र कर्मणा वैशेषिकगतं कर्माभिप्रेतं न तु व्याकरणगतं कर्मकारकम्) गमन-पठनलेखनादिवदस्यापि कर्मरूपत्वात्। कर्म चेदं मूलतः कविसम्बद्धम्, तस्यैव एतदवलम्बनेन काव्यप्रवृत्तिदर्शनात्। सहृदयस्य तु काव्यगतस्यास्य शोभाधानस्य प्रतीतिर्न हि कर्मरूपत्वेन अपि तु गुणात्मकधर्मरूपत्वेन पूर्वविद्यमानरूपेण शोभाधानप्रक्रियाधानस्य सम्पन्नत्वेन प्रतीतेः।[2] सा चैषा प्रतीतिः शोभात्मैव।

अलङ्करणसाधनमित्यलङ्कारशब्दस्य द्वितीयोऽर्थः साधनरूपोऽस्ति। साधनञ्चेदं न हि बाह्ययोगेन काव्यशोभाधायकं किमपि तद्बहिर्वर्ति तत्त्वमपि तु आन्तरिकयोगेन तच्छोभाधायकं तदन्तर्वर्ति तत्त्वम्। तदन्तर्वर्तित्वाच्च तस्य काव्यधर्मत्वमेव। एवमत्राप्यलङ्कारस्य काव्यशोभाधायकत्वरूपधर्मत्वमेव सिद्धम्। तच्चालङ्कारस्य शोभात्मकत्वेनैव प्रकारादुपपन्नमित्युभयथाप्यलङ्कारः सहृदयदृष्ट्या शोभारूपः सौन्दर्यरूपो वेति पर्यवसितम्।

इदं सौन्दर्यं शब्दार्थगतत्वेन द्विविधं सत् शब्दालङ्कारोऽर्थालङ्कारश्चेत्यलङ्कारद्वैविध्यप्रयोजकमित्यालङ्कारिकाणां मतम्। तच्च शब्दार्थयोर्भेदग्रहाभावेऽसम्भवमित्यत्र कश्चन भेदहेतुर्मृग्यः। स च शब्दस्य सामान्यार्थग्रहणेन न सम्भवति, उच्चारणांशेन सह अर्थतत्त्वस्यापि तत्रान्तर्भावात्। अतः शब्द उच्चारणरूप इत्यस्माभिः स्वीकार्यम्। तथात्वे कर्णविषयभूतस्य उच्चारणरूपस्य शब्दस्य बुद्धिविषयभूतादर्थात्पार्थक्योपपत्तेः। अतः शब्दालङ्कार उच्चारण-सौन्दर्यमर्थालङ्कारश्चार्थसौन्दर्यमित्यायातम्। परं केवलस्योच्चारणसौन्दर्यस्य सङ्गीतविषयत्वेन काव्यगतत्वाभावात् काव्ये च शब्देन सह अर्थस्य नियतसम्बन्ध-दर्शनात् शब्दालङ्कारे उच्चारण-सौन्दर्यस्य अर्थसम्बन्धित्वमनायत्या स्वीकृत-मित्यर्थसम्बद्धमेवोच्चारणसौन्दर्यं शब्दालङ्कारस्य स्वरूपमिति पर्यवसितम्।

१. घञि च भावकरणयोः—अष्टाध्यायी ६-४-२७

२ अत्र शोभाया विवेचनं विषयगतं रूपमादाय कृतं न तु आत्मगतं रूपमादाय।

दिकस्य वाच्यार्थोपस्कारकत्वेन प्रतीतेर्हृदयावर्जकत्वमत्र रसस्य वाच्यार्थस्योपस्कार-पर्यायमिति तत्रैवार्थालङ्कारता न सन्धेया।

अथ कुन्तकोक्त्या ध्वन्यादीनामलङ्कारत्वपक्षोऽप्यनुमतोऽपि वक्रोक्ते-र्यत्र चमत्कारस्यास्वादाभावाद्रसस्य वाच्यार्थस्यैवालङ्कारत्वं युक्तम्।

अलङ्कारस्यैतल्लक्षणं ध्वनिवादिना सम्मतं न वेति आनन्दादिकृते-ऽलङ्कारलक्षणेऽत्रोद्ध्रियते—

'अङ्गाश्रितास्त्वलङ्कारा मन्तव्याः कटकादिवत्।'

—ध्वन्यालोकः

'उपकुर्वन्ति तं सन्तं येऽङ्गद्वारेण जातुचित्।
हारादिवदलङ्कारास्तेऽनुप्रासोपमादयः॥' —काव्यप्रकाशः

अत्रालङ्कारस्याङ्गाश्रितत्वादङ्गस्य च वाच्यवाचकरूपत्वाद्वाच्यवाचक-चारुत्वस्यैव क्रमेण शब्दार्थगतालङ्कारत्वम्। तथात्वेऽपि वाच्यवाचकस्याति-शयत्वस्य प्रकाशनेन तत्र रसध्वन्युन्मुखीभावेनैव वाच्यतत्त्वविचारो हेतुः। रसध्वनौ वाच्यादीनामङ्गत्वात् तदाश्रयत्वाभिधानं तेषां युक्तम्। परमस्मिन्नेव रसध्वन्यभावेऽपि अलङ्कारसद्भावेन किञ्च 'शब्दचित्रं वाच्यचित्रमव्यङ्ग्यमवरं स्मृतम्' इति ध्वनिवादिना मम्मटेनापि तथात्वस्वीकारेण स्वतन्त्रतया अल-ङ्काराणां प्रतिपादनोपपत्तेर्नहि सर्वत्राश्रयत्वाभिधानं तेषां युक्तम्।

अभिनवगुप्तपादाचार्यास्तु 'तथा हि अचेतनं शवशरीरं कुण्डलाद्युपेतमपि न भाति अलङ्कार्यस्याभावाद्' इति रसध्वन्यभावे न हि अलङ्कारजन्यं किमपि सौन्दर्यं सम्भवति इत्येतेषां मतं विचारणीयम्। अत्र तथा हि अचेतनं शवशरीरं कुण्डलाद्युपेतमपि न भातीत्यंशः प्रथमं विचार्यते। अत्र रसस्य प्राणतुल्यत्वेन रसरहितयोः शब्दार्थयोः शवशरीरतुल्यत्वमभिमतमस्माकम्, परं पूर्वविद्यमान-प्राणविगमे इव शरीरस्य पूर्वविद्यमानरसापहारे एव शब्दार्थयोः शवशरीरत्व-सम्भवात् प्रकृते च रसायोगमात्रदर्शनेन तथात्वाभावात् न हि रसरहितयोः *शब्दार्थयोः शवशरीरतुल्यत्वं युक्तम्। एवं सति 'रसः प्राणा एव' इति यदि भव-*तामाग्रहस्तर्हि नीरसशब्दार्थयोर्मूर्खादिवदेव निष्प्राणशरीरत्वं स्यात्। मूर्खा-दयस्त्वलङ्कारयोगेन किमपि चारुत्वं भजन्त इत्यनुभवसम्मतम्। अतो नीरस-शब्दार्थयोरप्यलङ्कारयोगेन सौन्दर्यधीः इति ज्ञेयम्।

वस्तुतः शवशरीरेऽलङ्काराणामाधाने सत्यपि तदाधानेन वा तत्र चारुत्वाभावे प्राणविगमनप्रतीतिजन्या तद्घृणैव हेतुः। अन्यथा त्वप्रतीतौ सर्वशरीरेष्विव प्रकृतेऽपि तत्प्राणयोगात् सम्प्रति च तत्र तद्दर्शनात् अनुमानतः सिद्धिः। न तथा नीरसशब्दार्थयोः शब्दार्थयोः रसस्य नित्यसंयोगाभावेन तत्र तद्विगमन-प्रतीत्यनुपपत्तेः।

ब्रह्मानन्द शर्मा उपनेत्र तु भिन्नमेव । किन्तु मुखे यत्सौन्दर्यं कुरूपता वा विद्यते तस्य तस्या वा किं स्वरूपम् ।

रे प्र द्विवेदी मुखमेव तत्सौन्दर्यम् ?

ब्रह्मानन्द शर्मा मुखमेव तत् ।

वेंकटाचलम् योऽयं काव्यशास्त्रे प्रत्न पन्था विद्यते तस्मिन् किं नामानौचित्यं भवद्भिरालोचितं येन नूतनस्य कस्यापि पथ प्रवर्तनं भवतामभिरुचितम् ?

ब्रह्मानन्द शर्मा पूर्ववर्तिनामभिनवगुप्तपादाचार्यादीनां मते या कापि सङ्गतिर्विद्यते सा तु मया कथितैव यदगत्वाभिधानमेवोचितम् । अस्माकं मते तु वाच्यार्थरूप एवालङ्कारः स्यात् । ते तु पुनरङ्गत्वेन तस्य निर्देशं कुर्वन्ति ।

वेंकटाचलम् अङ्गत्वे का हानि ?

रे प्र द्विवेदी काव्यशास्त्रे तूच्यते यद् 'ब्राह्मणश्रमणन्यायेनालङ्काराणामलङ्कार्यता' । ये इदानीं बाह्यावस्थायामलङ्कारा सन्ति त एव यदा अन्तर्भूता भवन्ति, ध्वनिभूता भवन्ति, तदा 'अलङ्कार्या' उच्यन्ते । एवम् अलङ्कारालङ्कार्ययोर्भेदो ध्वनिवादिनामपि सम्मत । "प्रतीयमान पुनरन्यदेव वस्त्वस्ति वाणीषु महाकवीनाम् । यत्तत् प्रसिद्धावयवातिरिक्त विभाति लावण्यमिवाङ्गनासु" अत्र यत् प्रसिद्धपद वर्तते तस्य व्याख्यानम् आनन्दवर्द्धनेन कृत यत् प्रसिद्धेभ्य अलङ्कृतेभ्य प्रतीतिभ्यश्च अङ्गेभ्य । एवमानन्दवर्द्धनेनापि अलङ्कारालङ्कार्ययोर्भेद स्वीक्रियते । भवद्भिस्त्वत्राभेद प्रतिपाद्यते मुखमेव सौन्दर्यमितिवत् । अनेन किं नूतनत्वं सिद्ध काव्यशास्त्रे इत्यस्माकं जिज्ञासा ।

रामचन्द्र द्विवेदी . अलङ्कारविषये प्राचां मते व्यवस्थाद्वयी विद्यते, एका अन्वयव्यतिरेकगर्भा अपरा आश्रयाश्रयिभावगर्भा । प्रथमा प्राधान्येन मम्मटेन द्वितीया च स्वपितुरनुवर्तिना रुय्यकेण प्रतिपादिता । मम्मटस्य मतेऽत्र एवभूतशब्दस्य अन्वयात् एवभूतशब्दस्य च व्यतिरेकादत्र शब्दालङ्कार अर्थालङ्कारो वा । अय शब्द अत्र चारु विद्यते अयमर्थ अत्र चारु विद्यते इति निश्चित्य रुय्यकेण स्थाप्यते अय शब्दालङ्कार अर्थालङ्कारो वा । यदि शब्दार्थयो शब्दार्थालङ्कारयोश्चाभेद स्वीक्रियते तर्हि शब्दस्तावत् शब्दालङ्कार अर्थस्तावद् अर्थालङ्कार । नहि किमाश्रित्य, किं स्वमेवान्वयीकृत्य एकस्य तस्यैवालङ्कारस्य शब्दालङ्कारता अर्थालङ्कारता वा स्यात् ? अभेदे च आश्रयस्य पूर्ववर्तित्वम् आश्रितस्य

व्यवहारः न भवति । चारुशब्दार्थता तु पूर्वभाविनी स्वीकार्या । रससन्दर्भे पूर्वं चारुशब्दार्थसन्दर्भो न भविष्यतीति तु अचिन्तनीयम् । आत्मनः सर्वत्र विद्यमानतायामपि यथा 'जीवात्मा' इति शब्दस्य मनुष्ये एव व्यवहारो भवति तथैव इयं रसदेवता तत्रैव तिष्ठति यत्र मन्दिरं सुन्दरं भवति । तत्र कोऽपि अलङ्कारविशेषः स्यान्न वा एतत्त्वन्यत् । किन्तु चारुशब्दार्थता तु भविष्यत्येव । सा वक्रोक्तिरूपा अतिशयोक्त्यादिरूपा वा स्यात् । अलङ्कारविशेषस्तु प्रश्नान्तरम् । भवता मतेन तु रम्यार्थस्य काव्ये सर्वत्र सद्भावादर्थालङ्कारत्वं निरन्तरमापतति । प्राचां मते तु बहुत्र दोषाभावरूपतैव स्यात् ।

बोध, भाव-बोध, मृत्यु-बोध आदि स्पष्टतया पाश्चात्य प्रभाव के सूचक हैं।

हिंदी-आलोचना के इतिहास का आयाम लगभग सवा चार सौ वर्षों का है। उसके दो स्पष्ट अवस्थान हैं। पहला अवस्थान लगभग सवा तीन सौ वर्षों का है जो हिंदी-साहित्य का मध्यकाल कहलाता है, और दूसरा पिछली एक शताब्दी का है जिसे हम आधुनिक काल कहते हैं।

मध्ययुगीन समीक्षा प्रायेण सैद्धांतिक है। उसका क्षेत्र काव्य तक सीमित है। उसके प्रणेता आचार्य-कवि हैं। उन्हें कवि-आचार्य कहना भी समीचीन नहीं प्रतीत होता, क्योंकि वे प्रकृत्या कवि हैं, उनके साहित्य में आचार्यत्व की अपेक्षा कवित्व का स्वर ही मुखर है। कुछेक अपवादों को छोड़कर प्राय सारी-की-सारी समीक्षा पद्यबद्ध है। इस काल की समीक्षा पर संस्कृत-समीक्षाशास्त्र का एकाधिपत्य पाया जाता है।

आधुनिक काल में सैद्धांतिक समीक्षा की अपेक्षा व्यावहारिक समीक्षा कहीं अधिक लिखी गयी है। आधुनिक आलोचना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। उसकी परिधि में कवितेतर साहित्य-रूप (उपन्यास, कहानी, निबंध, रेखाचित्र, रिपोर्ताज आदि) भी समाहित हैं। ये गद्य-रूप पश्चिम की देन हैं। अतएव इनकी आलोचना भी पाश्चात्य समीक्षाशास्त्र के मानदंडों द्वारा निर्धारित है। परंतु, काव्यशास्त्र और काव्य-समीक्षा के क्षेत्र में संस्कृत का प्रभाव अव्याहत रहा है।

आलोचना-पद्धतियाँ

संस्कृत-आलोचना-पद्धति के प्रभाव का आकलन करने के पूर्व एक स्पष्टीकरण अपेक्षित है। कुछ लोग रसवादी आलोचना-पद्धति, मार्क्सवादी आलोचना-पद्धति आदि का व्यवहार कर दिया करते हैं। यह व्यवहार भ्रांति-जनित है। रसवाद या मार्क्सवाद आलोचना के मानदंड हैं उन्हें आलोचना-पद्धति कहना गलत है। उन मानदंडों के प्रयोग की शैली ही आलोचना-पद्धति है। यदि कोई आलोचक रस को काव्य की कसौटी मानकर रस का शास्त्रीय विवेचन करते हुए उदाहरण-रूप में किसी रचना का उल्लेख करता है तो हम कहेंगे कि वह आलोचना की आचार्य-पद्धति का अनुसरण करता है। यदि वह आलोच्य रचना की व्याख्या करता हुआ उसमें निहित रस-सौन्दर्य का उद्घाटन करता है तो कहना चाहिए कि वह आलोचना की व्याख्यात्मक पद्धति है। इसी प्रकार केवल प्रशंसात्मक कथन या विवेचना आलोचना की भक्ति-पद्धति या प्रशस्ति-पद्धति या 'सगुणाभ्यवहारी' पद्धति है। दूसरी ओर, केवल दोष-दर्शन आलोचना की अरोचकी-पद्धति या खंडन-पद्धति है। तात्पर्य यह है कि रसवाद की दृष्टि से ही आलोचना की विभिन्न पद्धतियों का अवलंबन किया जा सकता है और किया गया है।

१. काव्यमीमांसा (गायकवाड़ संस्करण), पृ० ५.

"रामचरितमानस" 'गीतावली' और 'बरवैरामायण' में ही उदाहरण दिये गये हैं।[1]

आधुनिक काल में आचार्य-पद्धति पर कई प्रकार के ग्रंथ लिखे गये हैं (१) जिनमें गद्य में लक्षण-निरूपण करके उदाहरण-रूप में संस्कृत-आचार्यों द्वारा उद्धृत पद्यों के हिंदी-अनुवाद अथवा हिंदी-पद्य दिये गये हैं, जैसे—'भारती-भूषण' (अर्जुनदास केडिया), 'काव्य-कल्पद्रुम' (कन्हैयालाल पोद्दार) आदि, (२) जिनमें हिंदी-रीति-परंपरा का पालन किया गया है, जैसे—'रस-कलश' (हरिऔध), (३) जिनमें गद्यबद्ध विस्तृत सैद्धांतिक विवेचन-विश्लेषण किया गया है और *आवश्यकतानुसार पुराने या नये उदाहरण भी दे दिये गये हैं*, जैसे—'रस-सिद्धांत स्वरूप-विश्लेषण' (आनंदप्रकाश दीक्षित), "ध्वनि-संप्रदाय और उसके सिद्धांत' (भोलाशंकर व्यास) आदि।

सिद्धांत-प्रतिपादन की दृष्टि से एक अन्य प्रभाव भी द्रष्टव्य है। जिस प्रकार संस्कृत के महाकवियों ने यत्र-तत्र अपने काव्यमतों की संक्षिप्त निबंधना की है उसी प्रकार हिंदी के कवियों ने भी।[2]

संस्कृत में टीका-पद्धति या व्यावहारिक समीक्षा का निदर्शन काव्य-कृतियों पर लिखित टीकाओं में उपलब्ध होता है, जैसे संजीवनी (मल्लिनाथ), अर्थद्योतनिका (राघवभट्ट) आदि टीकाकारों की आलोचना-शैली आचार्य-पद्धति से भिन्न है। उनकी दृष्टि लक्ष्य रचना पर केंद्रित है, सिद्धांत-पक्ष गौण है। अपनी मान्यता के समर्थन अथवा स्पष्टीकरण के लिए उन्होंने आवश्यकतानुसार सैद्धांतिक विचार-चर्चा भी की है। इस प्रसंग में मल्लिनाथ की प्रतिज्ञा ध्यान देने योग्य है "नामूलं लिख्यते किंचिन्नानपेक्षितमुच्यते।" 'अमूल' का आपाततः ग्राह्य अर्थ है—अप्रामाणिक। इससे एक दूसरा अर्थ भी द्योतित होता है—टीकाकार या काव्यालोचक के लिए काव्य ही मूल वस्तु है, उसे छोड़कर इधर-उधर की गप्प हाँकना अवांछनीय है। "अपेक्षित" की व्यंजना यह है कि सहृदय-प्रबुद्ध पाठक को काव्य का मर्म समझाने के लिए विस्तृत

१ जौरन के लच्छन लिए रामायण के लच्छ।
तुलसीभूषण ग्रंथ को या विधि कियो प्रतच्छ॥
—तुलसीभूषण (अप्रकाशित), पृ० १

२. वागर्थाविव संपृक्तौ वागर्थप्रतिपत्तये। —कालिदास
गिरा अरथ जल बीचि सम कहिअत भिन्न न भिन्न। —तुलसीदास
सुभाषितं हारि विशत्यधो गलाद् दुर्जनस्यार्करिपोरिवामृतम्।
तदेव धत्ते हृदयेन सज्जनो हरिर्महारत्नमिवातिनिर्मलम्॥ —माघ
कवि विआस रस कँवला पूरी। दूरिहि नियर नियर भा दूरी॥—जायसी

मिलता है।[1] सूक्ति-पद्धति का अनुसरण विकसित रूप हिंदी-विद्वानों द्वारा लिखवायी गयी भूमिकाओं, आकाशवाणी की वार्ताओं, अपनी कृति पर लिखवाये या छद्म नाम से स्वयं लिखे गये लेखों और जीवित साहित्यकारों पर प्रणीत शोध-प्रबंधों में भी देखने को मिलता है।

इसके विपरीत, ऐसी समीक्षाएँ भी पायी जाती हैं जिनका प्रयोजन आलोच्य विषय का खंडनमात्र है। 'व्यक्तिविवेक' और 'चित्रमीमांसाखंडन' इसी पद्धति की आलोचनाएँ हैं। यह बात ध्यान देने योग्य है कि संस्कृत में सूक्तियाँ कवियों को लक्ष्य करके चलीं और नपी-तुली शब्दावली में निर्णयात्मक समीक्षा का निचोड़-सा प्रस्तुत किया गया, खंडनात्मक समीक्षा सैद्धांतिक और पूर्वाग्रह-मुक्त रही। हिंदी में भी आधुनिक युग में दोषदर्शनपरक आलोचनाएँ लिखी गयीं, किंतु वे सैद्धांतिक न होकर व्यावहारिक हैं। 'कालिदास की निरंकुशता' में महावीरप्रसाद द्विवेदी ने, और 'प्रसाद जी के दो नाटक' में कृष्णानंद गुप्त ने आलोच्य साहित्यकारों के केवल दोषों का उद्घाटन किया है। पहिली कृति को तत्त्वाभिनिवेशी और दूसरी को मत्सरी आलोचना का उदाहरण माना जा सकता है।

राजशेखर ने भावक के जो चार प्रकार (१. अरोचकी, २. मत्सरी, ३. सतृणाभ्यवहारी, ४. तत्त्वाभिनिवेशी) बतलाये हैं[2] उनमें से प्रथम दो खंडन-पद्धति के आलोचक हैं, और तीसरा सूक्ति-पद्धति का। चौथे को औचित्यानुसार आचार्य-पद्धति अथवा टीका-पद्धति के समीक्षक-वर्ग में रखा जा सकता है।

संस्कृत-समीक्षाशास्त्र में काव्यालोचन के छह मानदंड प्रसिद्ध हैं। रस, अलंकार, ध्वनि, रीति, वक्रोक्ति और औचित्य। हिंदी के प्राचीन एवं अर्वाचीन आलोचनाशास्त्री प्रायः अलंकारवादी या रसवादी हैं। किसी-किसी ने आनंद-

१ उपमा कालिदासस्य भारवेरर्थगौरवम्।
दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयो गुणाः॥
सुबन्धुर्बाणभट्टश्च कविराज इति त्रयः।
वक्रोक्तिमार्गनिपुणाश्चतुर्थो विद्यते न वा॥ —राघवपाण्डवीय
कविता करता तीन हैं तुलसी केशव सूर।
कविता खेती इन लुनी सीला बिनत मजूर॥
सूर सूर तुलसी ससी उडुगन केशवदास।

२. काव्यमीमांसा (गायकवाड़ संस्करण), पृ० १४

कि रस-सिद्धांत व्यापकतम है और उसकी सर्वाधिक चर्चा हुई है। वे रस को व्यंग्यरूप मानते हुए भी यह भूल जाते हैं कि वस्तुरूप, अलंकाररूप और रसरूप त्रिविध ध्वनि की केवल एक विधा रस है। ध्वनि व्यापक है, रस व्याप्य है। रस निरूपक ग्रंथों की तुलना में अलंकार-निरूपक ग्रंथों की संख्या कहीं अधिक है। रस-सिद्धांत-पोषक "काव्यप्रकाश", "साहित्यदर्पण", 'रसगंगाधर" आदि में भी अलंकार को रस की अपेक्षा कई गुना अधिक स्थान दिया गया है। व्यावहारिक समीक्षा में तो टीकाकारों ने प्रायश अलंकारों का ही निर्देश किया है, यदा-कदा ही रस की चर्चा की है। नाट्यशास्त्रीय रचनाओं के रस-प्रकरण को सम्मिलित कर लेने पर भी संस्कृत-समीक्षा में रस की चर्चा अलंकार की अपेक्षा न्यून है।

हिंदी में भी अलंकार पर सबसे अधिक लिखा गया है। मात्रा की दृष्टि से रस का स्थान उसके बाद आता है। पचास से अधिक केवल अलंकार-ग्रंथ लिखे गये हैं।[1] रसनिरूपक ग्रंथों के दो वर्ग हैं। सामान्य[2], और शृंगारपरक।[3] शृंगार के संदर्भ में नायक-नायिका-भेद-वर्णन रीति-परंपरा के आचार्यों का प्रिय विषय रहा है। कितने ही ग्रंथ केवल नायिका-भेद पर लिखे गये हैं।[4] शृंगार-वर्णन में उनका मन विशेष रमा है, अन्य रसों की चर्चा केवल काम-चलाऊ है। उनकी प्रतिभा का चमत्कार नायिका-भेद-निरूपण में अवेक्षणीय है। आधुनिक काल में रस-सिद्धांत पर कई महत्त्वपूर्ण स्वतंत्र ग्रंथ और शोधप्रबंध लिखे गये हैं।

हिंदी में समीक्षाशास्त्र का आरंभ तब हुआ जब संस्कृत में समीक्षाशास्त्रीय मौलिक चिंतन का युग अवमित हो चुका था। भरत, भामह, वामन, आनंदवर्धन, कुंतक आदि मौलिक विचारक थे। टीकाकार होते हुए भी अभिनवगुप्त की मौलिकता असंदिग्ध है। १२ वीं शती ई० से ही संस्कृत-समीक्षाशास्त्र में

१. ललितललाम (मतिराम, १७वीं शती ई० का उत्तरार्ध), भाषाभरण (वैरीसाल, १७४८ ई०), पद्माभरण (पद्माकर, लगभग १८१० ई०), अलंकार-मंजूषा (भगवानदीन, १९१८ ई०), अलंकार-पीयूष ("रसाल', १९२९ ई०), भारती-भूषण (अर्जुनदास केडिया, १९३० ई०), अलंकार-मंजरी (कन्हैयालाल पोद्दार, १९३६ ई०) आदि।

२ रसिकप्रिया (केशवदास, १५९१ ई०), रससारांश (भिखारीदास, (१७४ ई०), नवरसतरंग (बेनीप्रवीन, १८२१ ई०), रसकलस (हरिऔध, १९३१ ई०), रसमंजरी (कन्हैयालाल पोद्दार, १९३४ ई०) आदि।

३ हिततरंगिणी (कृपाराम, १५४१ ई०), रसराज (मतिराम, लगभग १६४३ ई०), शृंगारनिर्णय (भिखारीदास, १७५० ई०) आदि।

४ शंभुनाथ सुलंकी (१६५० ई०), कुंदन (१६९५ ई०), केशवराय (१६९७ ई०), गंड्गराम (१७०८ ई०) आदि के द्वारा लिखित 'नायिकाभेद'।

की पूर्ति आधुनिक युग में हो रही है।[1] इस पीढ़ी के अनेक आलोचकों ने संस्कृत के मूल-ग्रंथों का गंभीर अनुशीलन करके काव्यशास्त्र के विभिन्न पक्षों की प्रौढ़ मीमांसा की है। यह संस्कृत-काव्यशास्त्र की महिमा का चमत्कार है कि हिंदी के अनेक आलोचक मूल-ग्रंथों से सर्वथा अनभिज्ञ होने पर भी आचार्यप्रवर के उच्चासन पर विराजमान हैं।

विचारणीय प्रश्न

क्या संस्कृत के समीक्षाशास्त्र में प्रतिष्ठित काव्य के मानदंड आज पुराने पड़ गये हैं? क्या संस्कृत का कोई काव्य-सिद्धांत ऐसा है जिसके निकष पर हम पुरानी और नयी कविता को समान रूप से परख सकते हैं? नयी पीढ़ी के अनेक आलोचकों का उत्तर है—नहीं। उनकी दृष्टि में काव्य के पुराने प्रतिमान काल-कवलित हो गये हैं। नये प्रतिमानों के निर्धारण में वे ईमानदारी, वर्तमान की सही पहचान, प्रामाणिक अनुभूति, अनुभूति की जटिलता, तनाव, विघटन, विसंगति, विडंबना आदि शब्दों के नूतन अवबोध आदि की बात करते हैं।

उनकी आलोचनाओं से निष्कृष्ट यह तात्पर्य अवश्यमेव मान्य है कि पुराने सिद्धांतों को आँख मूँद कर नहीं स्वीकारना चाहिए, उनमें युगधर्मानुसार संशोधन अपेक्षित है। लेकिन, जो कुछ भी पुराना है उसे केंचुल की तरह छोड़ देना चाहिए—यह अतिवाद है।

नया कवि कोई सिद्धांत निश्चित करके चलने के लिए बाध्य नहीं है। परंतु, आलोचक को इतना स्वच्छंद होने का अधिकार नहीं है। उसे यह निश्चित करके चलना पड़ेगा कि कविता और कवितेतर वाङ्मय में क्या तात्त्विक भेद है, कविता के वे कौन-से व्यावर्तक धर्म हैं जिनके आधार पर उसकी समीक्षा करणीय है। बहुत-से नये समीक्षकों के संबंध में कठिनाई यह है कि वे सामान्य रूप से समीक्षा-सिद्धांत के उपस्थापन को, और विशेष रूप से नयी कविता के मूल्यांकन में समर्थ नये काव्यशास्त्र के निर्माण को भी रूढ़िवादिता या दकियानूसी समझते हैं।

दूसरी ओर, संस्कृत-काव्यशास्त्र के समर्थक आलोचक हैं। कुछ आलोचकों का आग्रह है कि रस ही काव्य की एकमात्र कसौटी है और नयी कविता भी उसी कसौटी पर परखी जानी चाहिए। वे रस की व्यापकता की बात तो करते हैं किंतु उसे सिद्ध करके दिखा नहीं सकते। उनका रस-सिद्धांत अभिनवगुप्त

१. रस-सिद्धान्त : स्वरूप-विश्लेषण (आनंदप्रकाश दीक्षित), रस-विमर्श (राममूर्ति त्रिपाठी), ध्वनि-संप्रदाय और उसके सिद्धांत (भोलाशंकर व्यास), रीतिकालीन अलंकार-साहित्य का शास्त्रीय विवेचन (ओमप्रकाश शर्मा), लक्षणा और उसका हिंदी-काव्य में प्रसार (राममूर्ति त्रिपाठी) आदि।

गीत बेचता हूँ,
मैं सभी किसिम के गीत
बेचता हूँ।
जी माल देखिये दाम बताऊँगा,
बेकाम नहीं है, काम बताऊँगा,
कुछ गीत लिखे हैं मस्ती में मैंने,
कुछ गीत लिखे हैं पस्ती में मैंने,
यह गीत सख्त सरदर्द भुलायेगा,
यह गीत पिया को पास बुलायेगा।
जी, पहले कुछ दिन शर्म लगी मुझको
पर पीछे-पीछे अक्ल जगी मुझको,
जी, लोगों ने तो बेच दिये ईमान।
जी आप न हों सुन कर ज्यादा हैरान।
मैं सोच-समझ कर आखिर
अपने गीत बेचता हूँ,
जी हाँ, हुजूर मैं गीत बेचता हूँ।

इस रचना से किस रस की प्रतीति होती है ? यदि कोई हास्य रस की अनुभूति करता है तो उसे हृदयहीन समझना चाहिए। यदि करुण रस माना जाए तो फिर 'करुण' की नयी परिभाषा बनानी पड़ेगी। एक प्रयोगवादी कवि-समालोचक का कथन है कि इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें गंभीर बात हल्के-फुल्के ढंग से कही गयी है। लेकिन हल्के-फुल्के ढंग को कविता का लक्षण नहीं माना जा सकता। वास्तविकता यह है कि इस कविता में ध्वनि का ही चमत्कार है। आज के पाठक और समालोचक की रुचि और मूल्यावधारणा विकृत हो गयी है। कवि ने यह बात बड़ी शक्तिमत्ता और चित्रात्मकता से कही है। उसके प्रत्येक वाक्य से ध्वनित प्रश्न चमत्कार को उत्कर्ष प्रदान करते हैं।

तीसरा उदाहरण धर्मवीर भारती की 'कविता की मौत' से लीजिए।

भूख ने उसकी जवानी तोड़ दी
यों बड़ी ही नेक थी कविता
मगर धनहीन थी, कमजोर थी,
और बेचारी गरीबन मर गयी।

इसमें शोक या करुणा नहीं है, क्योंकि कविता का उपसंहार है :

लो तुम्हें मैं फिर नया विश्वास देती हूँ
नया इतिहास देती हूँ,
कौन कहता है कि कविता मर गयी ?

जाने वाली प्रत्येक वस्तु पर लागू हो सके। नायक के साथ तादात्म्य वाला सिद्धान्त व्यापक नहीं है। वस्तुत भावक का समस्त भाव्य-वस्तु के साथ तादात्म्य होता है।

वेंकटाचलम् यह ठीक है कि प्रेक्षक अथवा सहृदय का सभी नाटकीय पात्रों से तादात्म्य होने मे कुछ वैयक्तिक कठिनाइया हैं। किन्तु कवि का—जिसका मैंने अपने निबन्ध मे सहृदय से अभेद स्थापित करने का यत्न किया था—काव्यसर्जन के समय अपने पात्रों से तादात्म्य स्वीकार करना ही पडेगा। यदि कवि अपने पात्रों से तादात्म्य स्थापित नहीं कर सकता तो वह उनका स्वाभाविक चित्रण, उनके मानसिक भावों का यथार्थ विवेचन और उनके अनुरूप भाषा का प्रयोग करने मे सफल नहीं हो सकता। यह मानना ही पडेगा कि कवि अपने पात्रों के साथ तन्मयीभाव करता है।

उ भा सिंह यह ठीक है कि कवि तन्मयता के बिना नहीं लिख सकता, अभिनेता भी तन्मयता के बिना अभिनय नहीं कर सकता। प्रेक्षक की भी अपनी एक तन्मयता होती है। पर प्रश्न यह है कि ये तीनो स्वरूपत एक ही हैं या इनमें कुछ साम्य-वैषम्य है। मधुसूदन सरस्वती के मत को स्वीकार करते हुए मैं यह मानता हूँ कि इनमें 'तारतम्य' है अर्थात् साधारणीकरण मे मात्रा का भेद है, गुण या स्वरूप का नहीं। जिस प्रकार आप कवि और सहृदय को मूलत एक मानते हुए उनकी अनुभूतियो मे मात्रा का भेद करते हैं उसी प्रकार से मैं भी प्रेक्षक और कवि के तादात्म्य मे मात्रा-भेद को स्वीकार करता हूँ।

वेंकटाचलम् : अनुभूति या भावना मे तो मात्राभेद हो सकता है पर तादात्म्य के साथ ऐसा संभव नहीं है। या तो पूरा तादात्म्य होगा या बिल्कुल नहीं होगा—आधा तादात्म्य हो, आधा न हो ऐसा नहीं हो सकता।

उ. भा. सिंह : काव्य तीन प्रकार के हो सकते हैं—एक तो कवि किसी प्रख्यात कथावस्तु पर लिखे, दूसरे अपने जीवन मे आये और निकट मे अनुभव किये गये किसी व्यक्ति के विषय मे लिखे और तीसरे स्वय अपनी अनुभूतियो पर लिखे। इन तीनों मे प्रथम तो सुनी-सुनायी या कल्पित वस्तु है, दूसरी कवि द्वारा देखी गयी और परिचित, तीसरी मे कवि स्वय उसका अनुभव करने वाला है। तीनों ही प्रकार के काव्य मे साधारणीकरण होता है पर उसमे अन्तर स्वीकार करना होगा। हम जो प्रेक्षक के

रा गो शर्मा 'दिनेश': आपने अभी जो यह कहा कि जिसने जवाहरलाल नेहरू को देखा है वह उनके विषय में अच्छी कविता लिख सकता है। मैं समझता हूँ कि प्रत्यक्ष अनुभूति से अच्छी कविता नहीं लिखी जाती है, परोक्ष अनुभूति से लिखी जाती है। यदि किसी की माँ मर गई है तो वह बैठ कर रोयेगा, कविता नहीं लिखेगा। सुन्दर दृश्य को देख कर व्यक्ति प्रसन्न होगा उस पर कविता नहीं करेगा। कविता करने की प्रक्रिया पूर्णतः परोक्षानुभूति की प्रक्रिया है। जवाहरलाल नेहरू को देखे या न देखे, यदि कवि की परोक्षानुभूति प्रबल है तो वह अच्छी कविता कर सकता है।

वसन्त जेटली - परोक्षानुभूति से आपका क्या तात्पर्य है? क्या 'अनुभूति' जैसी वस्तु भी परोक्ष हो सकती है? मैं समझता हूँ 'परोक्ष' और 'अनुभूति' ये शब्द अपने में विरोधी हैं।

रा गो शर्मा 'दिनेश' यह वे ही लोग कह सकते हैं जिन्होंने कविता नहीं लिखी।

लेखकों और कवियों ने भी पाश्चात्य काव्य-पद्धतियों से प्रभावित होकर स्वतंत्र लेखों के रूप में 'बिम्ब' या 'बिम्बवाद' की चर्चा और व्याख्या का प्रयत्न किया है। इन नए चर्चाकारों में कुछ व्यक्ति तो ऐसे हैं जिनका दृष्टिकोण यह रहा है कि पाश्चात्य सिद्धान्तों को भारतीय सिद्धान्तों के साथ रख कर चला जाए; किन्तु अधिकांश नए लेखक पश्चिम के लारेन्स, इलियट, एजरा पाउण्ड आदि साहित्यकारों एवं विभिन्न मनोविज्ञानवेत्ताओं के चिन्तन से आक्रान्त होकर भारतीय काव्यशास्त्र को अधूरा मानने की अपनी कुण्ठा का पोषण करते रहे हैं। अद्यावधि आधुनिक भारतीय आचार्यों में केवल डा० नगेन्द्र ही ऐसे चिन्तक हैं, जिन्होंने प्राच्य और पाश्चात्य काव्य-सिद्धान्तों का गंभीर मंथन करके अपनी व्याख्या निष्पक्षता से देते हुए स्वतंत्र पुस्तक के रूप में इसी पाश्चात्य सिद्धान्त 'काव्य-बिम्ब' का निरपेक्ष दृष्टि से विशद विश्लेषण किया है। हम विभिन्न परिभाषाओं पर विचार करते हुए यहाँ हिन्दी के इस मनीषी आचार्य द्वारा प्रस्तुत बिम्ब की व्याख्या का आख्यान प्रस्तुत करेंगे।

'बिम्ब' शब्द अँग्रेजी 'इमेज' शब्द का पर्याय है। इस ('इमेज' शब्द की व्याख्या को स्पष्ट करने के लिए 'शार्टर आक्सफोर्ड डिक्शनरी', 'चेम्बर्स ट्वेंटिएथ सेन्चुरी डिक्शनरी', 'थर्ड न्यू इण्टरनेशनल डिक्शनरी', 'एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका' आदि से लेकर कई महत्त्वपूर्ण कवियों और लेखकों की कृतियों तक को सम्मिलित किया जा सकता है। यथा—शार्टर आक्सफोर्ड डिक्शनरी की परिभाषा इस प्रकार है। बिम्ब : 'किसी पदार्थ का मनश्चित्र या मानसी प्रतिकृति।'[1]

इस परिभाषा से यह सिद्ध होता है कि बिम्ब पदार्थ का एक ऐसा चित्र है, जो मानस पर या मानस के द्वारा निर्मित होता है।

चेम्बर्स ट्वेंटिएथ सेंचुरी डिक्शनरी में निम्नांकित परिभाषा मिलती है।

"कल्पना अथवा स्मृति में उपस्थित चित्र अथवा प्रतिकृति, जिसका होना अनिवार्य नहीं है।"

इस परिभाषा में कल्पना और 'स्मृति' के साथ-साथ चक्षुरिन्द्रिय का भी महत्त्व माना गया है। यहाँ बिम्ब को माना तो चित्र ही गया है, परन्तु उसे मन से हटा कर मन के धर्मों तक विस्तृत कर दिया गया है। चाक्षुषता की अनिवार्यता अस्वीकार करके उसकी व्यापकता बता दी गई है। 'न्यू इण्टरनेशनल डिक्शनरी' में प्राप्त परिभाषाएँ इस प्रकार हैं—

१. काव्य-बिम्ब पृष्ठ ४

बिम्ब पदार्थों के आन्तरिक सादृश्य की अभिव्यक्ति है।"

स्वयं डा० नगेन्द्र ने भी अपनी परिभाषा देते हुए यही तथ्य सिद्ध किया है। वे लिखते हैं कि 'काव्य-बिम्ब शब्दार्थ के माध्यम से कल्पना द्वारा निर्मित एक ऐसी मानस-छवि है, जिसके मूल में भाव की प्रेरणा रहती है।" इस परिभाषा में पूर्वोक्त सभी परिभाषाओं से अधिक व्यापकता है। डा० नगेन्द्र ने काव्य-बिम्ब को मानस-छवि माना है, उनके लिए शब्दार्थ का माध्यम बतलाया है, कल्पना को उसकी निर्मात्री शक्ति घोषित किया है तथा भाव को प्रेरक कहा है। स्पष्ट है कि काव्य के संदर्भ में बिम्ब एक ऐसी अभिव्यंजना है, जो भाव की प्रेरणा से, कल्पना की रचना से एवं शब्दार्थ के माध्यम से मानस में बनकर बाहर आती है। यदि ध्यान से देखा जाए तो डा० नगेन्द्र ने इस तथ्य को बहुत अच्छी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि बिम्ब काव्य का रूप है, काव्य की आत्मा नहीं, एक साधन है, सिद्धि नहीं। वे मानते हैं कि 'कला की सर्जना वस्तुतः बिम्ब-रचना का ही नाम है।" यहां बिम्ब-रचना को कला की सर्जना बताने में उनका यही उद्देश्य प्रतीत होता है कि बिम्ब कला का सज्जित स्वरूप है। यदि कला सर्जना को ही, जो कि किसी अन्य साध्य का साधन है, साध्य मान लिया जाए, कला कला के लिए का नारा सत्य स्वीकार कर लिया जाए, तो बात दूसरी है, अन्यथा इन परिभाषाओं के अनुसार बिम्ब काव्य के साधन पक्ष का ही सिद्धान्त ठहरता है, साध्य पक्ष का सिद्धान्त नहीं। और इस दृष्टि से यह सिद्धान्त भारतीय काव्यशास्त्र के अलंकार, रीति, वक्रोक्ति आदि सिद्धान्तों के समान काव्य के अभिव्यंजना-पक्ष तक ही सीमित रह जाता है उसकी आत्मा का मूल्य नहीं बन पाता। सच बात यह है कि बिम्ब मूलतः अनुभूति के सम्प्रेषण में सहायक होता है। काव्य में यह सम्प्रेषण-प्रक्रिया शब्द के द्वारा ही पूर्ण हो सकती है। यही कारण है कि हर शब्द किसी न किसी अनुभूति के बिम्ब को प्रेषित करता है। शब्द की स्वतंत्र रूप में एक सीमा है, इसीलिए उसका बिम्ब एक जड़ है। कवि इस जड़ता को तोड़ कर जब शब्द को अपनी अनुभूति की अभिव्यक्ति का माध्यम बनाता है, तब प्रतीक जन्म लेते हैं और प्रतीकों के माध्यम से ही इन शब्दों में वह शक्ति आ जाती है, जिससे केवल वस्तुओं के ही नहीं, गुणों के भी बिम्ब पुनरुत्पादित हो उठते हैं। इस प्रकार बिम्ब शब्द की वह शक्ति बन जाती है, जिसके माध्यम से वस्तु-जगत्, जो भाव-जगत् में परिवर्तित हो चुका होता है या गुणधर्म जो स्थूल से हटकर मानस

१. काव्य-बिम्ब, पृष्ठ ५
२. वही पृष्ठ १

भाग को उस सीमा तक बटा दिया है, जिस सीमा में पत्रकारिता, इतिहास आदि की पहुँच होनी चाहिए।

वस्तुत बिम्ब-सिद्धान्त के मूल में यह भाव छिपा है कि काव्य जो प्रस्तुत करता है, वह सब उस वस्तु या गुण जगत् का मूल रूप नहीं होता है, जिसकी प्रत्यक्ष या परोक्ष अनुभूति कवि को होती है, अपितु उस वस्तु या गुणजगत् का प्रतिरूप होता है। इस तथ्य को हम सहज में समझ सकते है कि बिम्ब-सिद्धान्त के अनुसार काव्य-सर्जना में यथार्थ का नहीं, यथार्थ की प्रतिकृति का अंकन होता है। और प्रतिकृति जहाँ है, वहाँ बहुत-कुछ प्रतिभा, रुचि एव कल्पना है—वह यथार्थ से भिन्न एक नई सृष्टि है। जिस प्रकार दर्पण में हमारी जो छवि बनती है, वह हमारा शरीर नहीं होती और प्राय ठीक वैसी भी नहीं होती जैसा हमारा रूप है। निश्चय ही दर्पण का उस छवि के निर्माण में अद्भुत योग रहता है। एक दर्पण में हम अपनी छवि देख कर अपने ही सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाते हैं, तो दूसरे दर्पण में अपने उसी रूप को बदला हुआ देखकर उस दर्पण को ही फोड देना चाहते हैं। फिर भी हम यह नहीं कह सकते कि हमारा कौन-सा रूप यथार्थ है। काव्य में बिम्ब-निर्माण की प्रक्रिया तो जड दर्पण से भिन्न चेतन मानस द्वारा पूर्ण होती है और उस पर बुद्धि तथा आत्मा का भी अनुशासन रहता है। इसीलिए वह लोकोत्तर भूमि पर ले जाती है। यह वह लोक नहीं होता जिसकी छवियाँ जडता पर आधारित होती हैं, और जिनमें हमारी इन्द्रियाँ प्रत्यक्षत प्रभावित रहती है, अपितु वह ऐसा जगत् होता है, जहाँ हमें लौकिक अभाव की पूर्ति का अवसर मिलता है। अत बिम्ब केवल 'जो है' की ही प्रतिक्रिया नहीं होता या 'जो था' के अंशो से ही नहीं बनता अपितु 'जो नहीं है' या जो 'नहीं था' उससे भी वह समान की सापेक्षता के आधार पर अवतरित होता है। पाश्चात्य विचारक 'क्रोचे' ने अपने सौन्दर्य-दर्शन के मूलाधार में जिस सहजानुभूति को स्वीकार किया है, वह कवि की प्रतिभा, रुचि और कल्पना के सयोग से अनेक रूपों में परिवर्तित होती हुई बिम्ब बनती है। और तभी उससे सौन्दर्य-भावना जाग्रत होती है।

बिम्ब और संस्कृत काव्यशास्त्र

जैसा कि हम आरम्भ में संकेत कर चुके हैं, भारतीय काव्यशास्त्र में 'बिम्ब' की एक सिद्धान्त के रूप में तो स्वीकृति नहीं है, किन्तु संस्कृत के आचार्य 'बिम्ब' शब्द और काव्य में उसकी स्थिति से परिचित अवश्य थे। बिम्ब हमारे विभिन्न काव्य-सिद्धान्तों में सहचारी मात्र है, रचना का नेतृत्व नहीं करता। इस तथ्य को कुछ अधिक विस्तार से समझने के लिए सब से पहले रस-सिद्धान्त को लिया

लक्षणा और व्यंजना के प्राय समस्त व्यापार बिम्बात्मक ही होते हैं। अन्तर है तो इतना ही कि बिम्ब जिस रूप या गुण का मूर्तन करता है, उनकी सीमा रहती है, जब कि लक्षणा और व्यजना उस सीमा को लाँघ कर अपनी शक्ति का आगे भी प्रसार करती हैं। 'निराला' की कविता 'जूही की कली' को नए समीक्षक बिम्ब-रचना का अच्छा उदाहरण मानते हैं। इस कविता में, पवन और कली दोनो प्रतीक भी हैं। किन्तु, बिम्ब और प्रतीक का समस्त अस्तित्व उसमे लक्षणा एव व्यजना पर ही निर्भर है। जहाँ प्रतीक और बिम्ब-विधान का कार्य समाप्त हुआ है, वहीं व्यजना का महत्वपूर्ण कार्य शेष भी रह गया गया है। और, जब उस व्यापार का विश्लेषण किया जाता है, तब वे बिम्ब उभरते हैं, जो शब्दार्थ मे नहीं, व्यग्यार्थ मे निहित थे। ये निहित बिम्ब अचाक्षुष तो हैं, पर अगोचर नहीं।

अलकार-विधान तो समग्रत बिम्बात्मक ही होता है। सादृश्यमूलक सभी अलकारो मे बिम्ब का चमत्कार निहित रहता है। आचार्य डा० नगेन्द्र ने इस सम्बन्ध मे दृष्टान्त और निदर्शना अलकारो के साहित्य-दर्पण और काव्य-दर्पण ग्रन्थो मे दिए गए लक्षण उद्धृत किए हैं, जिनमे 'प्रतिबिम्ब' एव 'बिम्बानु-बिम्ब' शब्दो का प्रयोग भी हुआ है। ये दोनो अलकार ही नहीं, उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, सदेह, आदि अनेक अलकारो की स्थापना बिम्ब के आधार पर ही हुई है। सस्कृत के आचार्यों ने बिम्ब को गौण मानकर उससे उत्पन्न होने वाले शब्दार्थ-चमत्कार ही को प्रधानता दी है। अलकार-सिद्धान्त का समस्त प्रस्तुत और अप्रस्तुत विधान बिम्ब-रचना करता हुआ ही आगे बढ़ता है। वास्तविकता यह है कि अलकार-विधान मे बिम्ब का ही नहीं बिम्ब के भी बिम्ब का ग्रहण होता है। यही कारण है कि अलकार-गत चमत्कार केवल बिम्ब के प्रस्तुत पक्ष तक ही सीमित नहीं रहता, न वस्तु या गुण की यथार्थता तक काव्य का सौन्दर्य बँध पाता है। हरिऔध जब लिखते हैं—

दिवस का अवसान समीप था
  गगन था कुछ लोहित हो चला,
तरु-शिखा पर थी अब राजती
  कमलिनी-कुल-वल्लभ की प्रभा।

तब वस्तु-जगत् का 'फोटो' ही सामने आता है, मानस-साक्षात्कृत बिम्ब का विस्तार उसके भी बिम्ब-प्रतिबिम्ब तक नहीं होता। अत बिम्ब-सिद्धान्त के लिए जहाँ यह छद विशेष कवित्व-पूर्ण है, वहाँ अलकार-सिद्धान्त के लिए इस का स्थान काव्य की सामान्य श्रेणी मे ही है। विशेष श्रेणी का कवित्व

ही नहीं, उनके द्वारा होने वाली अभिव्यक्ति और अभिव्यंग्य के औचित्य को भी सम्मिलित किया गया है। अलंकार, रस, आदि सबके लिए औचित्य की मर्यादा स्थापित की गई है। उस मर्यादा में बिम्ब-योजना भी आजाती है। बिम्ब सिद्धान्त का अगर कोई अंश उपेक्षित रह जाता है, तो मात्र वह अंश जो खण्डित बिम्बों से जुड़ा हुआ है, क्योंकि उनमें औचित्य का पूर्ण निर्वाह नहीं हो पाता।

वक्रोक्ति में वर्ण से प्रबन्ध तक की जो वक्रता स्वीकृत है, वह स्वतः बिम्बों का निर्माण ही नहीं करती बिम्बों के माध्यम से ही काव्य की सिद्धि तक पहुँचती है। जब प्रसाद जी निम्नांकित पंक्तियों में वाक्य-वक्रता स्थापित करते हैं, तब उनसे सहज रूप में बिम्ब-विधान सामने आजाता है—

> घिर रहे थे घुँघराले बाल
> अंस अवलंबित मुख के पास।
> नील घन शावक से सुकुमार
> सुधा भरने को विधु के पास॥

अतः स्पष्ट है कि वक्रोक्ति-सिद्धान्त भी बिम्ब-प्रक्रिया की उपेक्षा नहीं करता, किन्तु वह बिम्ब को अपना लक्ष्य भी नहीं बनाता है।

बिम्ब-सिद्धान्त की अपूर्णता

संस्कृत काव्यशास्त्र के प्रमुख-सिद्धान्तों में बिम्ब की स्थिति को समझ लेने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि यह सिद्धान्त काव्य की समीक्षा का पूर्ण सिद्धान्त नहीं कहा जा सकता। रचना-प्रक्रिया के मानसिक आयामों तक तो इस सिद्धान्त की अच्छी पहुँच है। काव्य की व्याख्या भी इस सिद्धान्त के द्वारा सफलता-पूर्वक की जा सकती है, किन्तु काव्य की सिद्धि का मूल्यांकन इस सिद्धान्त के द्वारा सम्भव नहीं है। बिम्ब-विधान के द्वारा हम काव्य में विभिन्न मानसी छवियों को तो देख सकते हैं, किन्तु उन छवियों की योजना का लक्ष्य खोजने नहीं जा सकते। अतः बिम्ब-सिद्धान्त रूप-गुण-संघटन द्वारा सौन्दर्य-भावना की स्थिति एवं खण्डित-संश्लिष्ट बिम्बों के माध्यम से जिज्ञासा-चिन्तना की बौद्धिक स्थितियों तक ही हमें सीमित रखता है। वह काव्य को एक साभिप्राय सर्जना नहीं बनने देता। इस सिद्धान्त में स्मृति और कल्पना का जितना महत्त्व है, उतना भाव की परिणति का नहीं है। इसीलिए आजकल हिन्दी की विचार-प्रधान नई कविता में यह सिद्धान्त पश्चिमी साहित्य से भी अधिक सम्मानित हो रहा है। बिम्ब सिद्धान्त की अपूर्णता का मुख्य कारण यह है कि बिम्ब काव्य-भाषा की आत्मा है, काव्य की नहीं, काव्य का तो वह उपकरण

है, उससे प्रभावित होता है या अनुभूति प्राप्त करता है तो वह अनुभूति उसके अन्दर भावात्मक होती है। भाव से मेरा तात्पर्य काव्यशास्त्रीय भाव नहीं अपितु सूक्ष्मता है। किसी भी वस्तु या दृश्य की अपने मानस पर बनी हुई भावात्मक सत्ता को हम जब सम्प्रेषित करना चाहते हैं तो यथावत् प्रेषित न करके उस सबने हमारे मानस पर बने हुए रूप या छवि को हम प्रेषित करते हैं। जो प्रेषित किया जाता है वह हमारी दृष्टि में बिम्ब है। यह बिम्ब वस्तु का यथार्थ रूप नहीं होता क्योंकि उसके पीछे व्यक्तिगत अनुभूति भी होती है। बिम्ब के माध्यम से हम किसी अनुभूति को जगाना चाहते हैं। इस प्रकार बिम्ब साधन है—साध्यरूप न होने के कारण वह काव्य की आत्मा नहीं हो सकता, जैसा आपने द्वितीय प्रश्न में कहा है। जहाँ तक एक प्रतीक का सबध है, वह किसी भाव को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त होता है जैसे मैंने उल्लू वाला उदाहरण दिया है। मृत्यु के लिए 'नीली झील' भी एक प्रतीक है। इस प्रतीक को कवि ने किसी अनुभूति से गढ़ा है—अनुभूति की भावात्मक सत्ता तो यहाँ भी है किन्तु नीली झील प्रतीक बिम्ब नहीं हो सकता, बिम्ब वस्तुत प्रतीक से आगे की वस्तु है।

डा कल्याणलाल शर्मा सम्भवत आपको यह रोचक प्रतीत होगा कि हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में जो बिम्बसिद्धान्त अंग्रेजी के प्रभाव से आया है वह वस्तुत अंग्रेजी को चीन और जापान की देन है। भारतीय तथा रोमन आदि लिपियाँ वर्ण या अक्षर सूचित करती हैं किन्तु चीनी लिपि वस्तुत एक चित्र लिपि है जहाँ प्रत्येक चित्र एक वस्तु या विचार का द्योतक है (idiogram)। पचास वर्ष पूर्व जब इजरा पाउण्ड ने सर्व प्रथम इस सिद्धान्त को जन्म दिया तो उसके मन में यही धारणा थी कि एक पूरे विचार के लिये एक शब्द-चित्र ही क्यों न प्रस्तुत किया जाए। अपने १५–२० वर्षों के जीवन काल में यह इंग्लैण्ड में अधिक प्रसिद्ध नहीं हो सका। हिन्दी में यह सम्भवत इस शताब्दी के तीसरे दशक में आया किन्तु चौथे दशक के प्रारम्भ होने तक यह बहुत अधिक प्रसिद्ध नहीं रहा। कारण यह है कि इस प्रकार की कविता लिखना बहुत कठिन है। (अनु.)

रतेरुत्पत्ते, कटाक्षादिभिरनुभावै तस्या प्रतीते, लज्जादिभि सञ्चारिभिश्च तस्या परिपोषस्य स्वीकारात्। तथापि उत्पत्तिमन्तरा प्रतीते परिपोषस्य च अभावात् उत्पत्ते प्राधान्यमादाय उत्पाद्योत्पादकभावसम्बन्ध एव प्राधान्यात्तदभिमत। अत एवं तन्मतम् उत्पत्तिवादनाम्ना व्यपदिश्यते। विभावादिभि उत्पत्त्यादिक्रमेण परिपोषमुपयात रत्यादिस्थायिभाव एव रस। एष च रस मुख्यतया रामादावनुकार्ये एव वर्तते, किन्तु सात्त्विकवाचिकाङ्गिकाहार्यरूपैरभिनयै रामाद्यनुकर्तरि नटेऽपि रामत्वाद्यनुसन्धानबलात् स वर्तते। रामत्वाद्यनुसन्धानबलात् नटे गौण्या वृत्त्या, आरोपेण वा विद्यमानस्य रसस्य साक्षात्कारात्मक ज्ञान सामाजिकै विधीयते। तज्ज्ञानाच्च सामाजिकानामानन्दानुभूतिर्जायते, रते स्वभावसुन्दरत्वेन तज्ज्ञानस्य आनन्दप्रदत्वात्। तदुक्त पण्डितराजेन—"मुख्यतया दुष्यन्तादिगत एव रसो रत्यादि कमनीयविभावाद्यभिनयप्रदर्शनकोविदे दुष्यन्ताद्यनुकर्तरि नटे समारोप्य साक्षात्क्रियते। मतेऽस्मिन् साक्षात्कार धर्म्यंशे लौकिक आरोप्यांशे त्वलौकिक"। इति।

श्रीशङ्कुकस्तु—चित्रतुरगादिन्यायेन रामत्वेन ज्ञाते नटे नटेनोच्चारितकाव्यबलानुसन्धेयैर्विभावाख्यै कारणै शिक्षाभ्याससमधिगतपाटवप्रदर्शितै अनुभावाख्यै कार्यै, कृत्रिमनिजानुभवार्जनबलात् प्रकाशितै सञ्चार्याख्यै सहकारिभिश्च रामविषयिण्या रतेरनुमिति विधीयते सामाजिकै। यद्यपि नटेनाभिनीता विभावानुभावव्यभिचारिण कृत्रिमा, न पारमार्थिका, तथापि नटेन शिक्षाभ्याससमधिगतापूर्वकौशलेन ते विभावादयस्तथाभिनीयन्ते यथा सामाजिकाना तत्र कृत्रिमताज्ञान न भवति। अतो भवति तेभ्यो रतेरनुमिति सामाजिकानाम्। सा च अनुमितिसिद्धापि रति स्वभावसुन्दरत्वात् आनन्दप्रदा इति सामाजिकाना वासनया चर्व्यमाणा सामाजिकेभ्य आनन्द ददाति, आनन्दरूपरसजनकत्वाच्च रसनाम्ना व्यपदिश्यते। अत्र मते रससूत्रस्थसंयोगपदस्य गम्यगमकभाव सम्बन्ध, निष्पत्तिपदस्य चानुमितिरर्थ। रतेरनुमानादेवं तन्मत नैयायिकमतानुसारि व्यपदिश्यते।

अत्रोभयत्रापि मते अनुकर्तृनिष्ठा स्थायिभावाख्या रतिरेव रसिकाना रसजनिका। एकत्र सा अनुकर्तरि रामरूपतानुसन्धानात् ज्ञानलक्षणालौकिकसन्निकर्षेण साक्षात्क्रियते। अपरत्र च अनुमित्या ज्ञायते रसिकै इति केवल भेद। परन्तु अस्मिन्मतद्वयेऽपि रति सामाजिके नैव वर्तते। अपि च या रति रसतामेति सा लौकिकी एव न तु ततो विलक्षणा। तस्या ज्ञानाच्च य आनन्द उपजायते स सामाजिकेषु तिष्ठतीति रसानन्दयोर्वैयधिकरण्य न तु सामानाधिकरण्यम्।

भट्टनायकस्तु अन्येभ्यो लौकिकेभ्य शास्त्रीयेभ्यश्च शब्देभ्य काव्यशब्दाना वैलक्षण्यात् तेषु अभिधाव्यापाराद् भिन्न व्यापारद्वय स्वीकरोति—भावकत्व

केवलाना भावकत्वम् अर्थापरिज्ञाने तदभावात्, न च केवलानामर्थाना, शब्दान्तरेणार्प्यमाणत्वे तदभावात्, द्वयोस्तु भावकत्वमस्माभिरेवोक्तम्" इत्यादिभिर्लोचनवचनै स्पष्टमेव काव्यस्य अर्थात् शब्दार्थयोर्भावकत्वमुक्त न तु विभावादीनाम्। अतो विभावादिभि सह रतेर्न भाव्यभावकसम्बन्ध। तुष्यद्दुर्जनन्यायेन यदि विभावादेर्भावकत्वमङ्गीक्रियेत, तदापि भावकत्व नाम साधारणत्वापादनम्। न च रत्यादे स्थायिभावस्य साधारणत्वापादनेनैव रसनिष्पत्ति सम्भवति यावत् सामाजिकाना तस्य भोगो न स्यात्। अतो हेतोरपि नात्र विभावादीना स्थायिना सह भाव्यभावकसम्बन्ध सघटते। अत एव पण्डितराजैरुक्तम्—"एव साधारणीकृतेषु दुष्यन्तशकुन्तलादेशकालवयोवस्थादिषु पक्षे पूर्वव्यापारमहिम्नि तृतीयस्य भोगकृत्त्वव्यापारस्य महिम्ना निगीर्णयो रजस्तमसोरुद्रिक्तसत्त्वजनितेन निजचित्स्वभावनिर्वृतिविश्रान्तिलक्षणेन साक्षात्कारेण विषयीकृतो भावनोपनीत साधारणात्मा रत्यादि स्थायी रस। तत भुज्यमानो रत्यादि, रत्यादिभोगो वेत्युभयमेव रस"। इति।

अत्र मते रामादिरति भावकत्वव्यापारेण रामादिव्यक्तिविशेषसम्बन्ध परिहृत्य साधारणीकृतेति सामाजिकाना तस्या भोगे न काचिदपि बाधा, तथापि सा रति न सामाजिकानाम् अपि तु रामादेरेवेति वस्तुगत्या सामाजिकाना साक्षात्कारात्मको भोगो नोपपद्यते। स्वस्या एव रते स्वेन मनसा सह सयोगेन साक्षात्कारसम्भवात् पररत्या सह साधारणीकरणेऽपि मनस सनिकर्षाभावात्, मनस सन्निकर्षमन्तरा च रत्यादीना साक्षात्कारानुपपत्ते। तस्मादभिनवगुप्त एतामनुपपत्तिं परिहर्तुं रससूत्रमन्यथा व्याचख्यौ।

तथा हि य स्थायिभाव साधारण्यमापाद्य सामाजिकै: चर्व्यमाण सन् रसत्वमधिगच्छति, स न परकीय —अनुकार्यगतोऽनुकर्तृगतो वा, अपि तु सामाजिकनिष्ठ एव। स सामाजिकाना हृदये वासनारूपेण पूर्वमेव वर्तते। किन्तु तदानी सोऽनभिव्यक्तदशाया वर्तते। यदा तु काव्ये दोषाभावगुणालङ्कारसंस्कृतै: शब्दै नाट्ये च *आङ्गिकादिभिश्चतुर्विधैरभिनयै*, तस्य स्थायिभावस्य कारणकार्यसहकारीणि समुपस्थाप्यन्ते, तदा सोऽभिव्यक्तिमुपयाति। यद्यपि रत्यादे स्थायिनो भावस्य सीतादीनि कारणानि, कटाक्षविक्षेपादीनि कार्याणि, लज्जौत्सुक्यनिर्वेदादीनि सहकारिकारणानि च व्यक्तिविशेषसम्बद्धानि इति तैर्न सामाजिकगतस्य स्थायिनो रत्यादे समुद्बोधनमभिव्यक्तिर्वा सम्भवति, तथापि काव्ये तेषा कारणकार्यसहकारिणा दोषाभावगुणालङ्कारसंस्कृतै सुन्दरै: शब्दै: नाट्ये च चतुर्विधैरभिनयै. समुपस्थापितत्वात् तानि सहृदयहृदये स्थान लभन्ते। चित्तगताश्च ते विभावादय चमत्कारित्वात् सहृदयेन भाव्यन्ते

१. रसगङ्गाधरे पृ. २४।

भिनवभारत्यामभिनवगुप्तेन—[1]"तत्र लोकव्यवहारे कार्यकारणसहचारात्मकलिङ्गदर्शने स्थाय्यात्मपरचित्तवृत्त्यनुमानाभ्यासपाटवादधुना तैरेवोद्यानकटाक्षधृत्यादिभिर्लौकिकीं कारणत्वादिभुवमतिक्रान्तैर्विभावनानुभावनासमुपरञ्जकत्वमात्रप्राणैः, अत एवालौकिकविभावादिव्यपदेशभाग्भिः प्राच्यकारणादिरूपसंस्कारोपजीवनख्यापनाय विभावादिनामधेयव्यपदेश्यैः" इत्यादिना सन्दर्भेण ।

पूर्वं काव्ये नाट्ये च विभावादीनां देशकालसम्बन्धपूर्वकं विशेषधर्मपुरस्कारेण व्यक्तिविशेषसम्बन्धित्वेनैवोपस्थितिः, पश्चात् मानससाक्षात्कारापरपर्यायया भावनया तेषां देशकालसम्बन्धपरिहारपूर्वकं व्यक्तिविशेषसम्बन्धराहित्येनोपस्थितिर्भवतीति प्रतिपादितं स्वयमभिनवगुप्तेनाभिनवभारत्याम्—[2]"ग्रीवाभङ्गाभिरामम्" इत्यादिवाक्यात् "वाक्यार्थप्रतिपत्तेरनन्तरं मानसी साक्षात्कारात्मिकाऽपहस्तिततत्तद्वाक्योपात्तकालादिविभागा तावत्प्रतीतिरुपजायते" इत्यादिना ।

व्यक्तिविशेष-देशकालादिसम्बन्धरहितैरत एव साधारणीकृतैर्विभावादिभिः सामाजिकचेतसि वासनारूपेण विद्यमाना साम्प्रतमभिव्यज्यमाना रतिरपि व्यक्तिविशेषसम्बन्धरहिता सती साधारण्येनैवाभिव्यज्यते । अर्थात् सामाजिके साधारणीकृतैर्विभावादिभिरभिव्यज्यमाना सा रतिः न सामाजिकनिष्ठत्वेनाभिव्यज्यते, अपि तु रतित्वेन रूपेणाभिव्यज्यते । अभिव्यञ्जकानां विभावानुभावव्यभिचारिणां साधारण्यात् । अत एव तत्र सकलहृदयानाम् एकघनतयैव प्रतीतिः संवादो वा जायते । अर्थात् सकलहृदयानां समानैवानुभूतिस्तस्याः । अन्यथा व्यक्तिविशेषसम्बन्धित्वेन तदभिव्यक्तौ तु व्यक्तिविशेषसम्बन्धस्यापि तत्र सत्त्वात् व्यक्तीनां च परस्परमत्यन्तं वैषम्यात् रतेरनुभूतिर्न सकलहृदयेषु ऐकरूप्यं भजेत, न च तेषां सहृदयानां परस्परं संवादोऽपि उपपद्येत । अत एवोक्तमभिनवभारत्याम्—[3]"अयमेव परं देशकालाद्यनालिङ्गितम् । तथाविधे हि नात्माऽत्यन्तं तिरस्कृतो न वा विशेषतः उल्लिखितः । एवं परोऽपि ।" इति । तथा साधारण्येनाभिव्यक्ता रतिश्च सामाजिकेन लौकिकप्रत्यक्षादिप्रमाणेभ्यः, ताटस्थ्यावबोधशालियोगिज्ञानात् आत्ममात्रविश्रान्तयुक्तयोगिज्ञानात् च भिन्नेन अनुभूत्यपरपर्यायेण अलौकिकेन मानसेन ज्ञानेन साक्षात्क्रियते तदा रसो भवति । न चात्र लौकिकप्रत्यक्षादिप्रमाणव्यापारः । किन्त्वलौकिकविभावादिसंयोगबलोपनतैव चर्वणा । सा च प्रत्यक्षानुमानागमोपमानादिलौकिकप्रमाणजनितरत्याद्यवबोधतः तथा योगिप्रत्यक्षजनिततटस्थपरसंवित्तिज्ञानात्सकल-

१. अभिनवभारत्या पृ २८४ ।
२ अभिनवभारत्या पृ २७९ ।
३ तत्रैव ।

विका, यथा च तेषा विभावानुभावव्यभिचारिसंज्ञा अलौकिक्य, यथा वा तस्या रसनप्रकार प्रत्यक्षादिसर्वविधलौकिकप्रमाणाविषयत्वात् अलौकिक, तथा अस्या साधारण्येनोपस्थिताया तात्कालिक्या रते कारणाना विभावादीना हेतुत्वमपि अलौकिकम्। तथा हि लोके द्विविधो निमित्तहेतुर्भवति—कारक ज्ञापकश्च। विभावादयश्च रसस्य न कारकहेतव । यतो हि दण्डादीना कारकहेतूनामभावेऽपि घटादे स्थितिर्दृश्यते। न च विभावादिबोधाभावे रसस्थिति केनाप्यनुभूयते, अपि तु विभावादिबोधसत्त्वे एव। अत एव रसस्य विभावादिजीवितावधित्व प्रोक्तम् । न चापि विभावादय रसस्य ज्ञापकहेतव । दीपादिभ्य प्राक् घटादेरिव, ज्ञापकहेतुभ्य प्रागपि ज्ञाप्यस्य सत्त्वदर्शनात् । न च विभावादिभ्य प्राक् रस केनाप्यनुभूयते, साधारणीकृताया रतेरेव रस्यमानत्वे रसत्वात्, तस्याश्च विभावादिचर्वणात प्रागसत्त्वात् । अतो न लौकिक्या रते रसत्वम् अपि तु तद्विलक्षणाया अलौकिक्या एव । अत एव आचार्येण भरतेन रससूत्रे विभावादीनामुपादानेऽपि स्थायिपद नोपात्तम्। तथा सति परकीया चित्तवृत्ति रस इत्यभ्युपगम्येत न चेदमभीष्टम् । यथोक्तमभिनवगुप्तेनाभिनवभारत्याम् "[1]अत एव सूत्रे स्थायिग्रहण न कृतम्। तत् प्रत्युत शल्यभूत स्यात्। केवलमौचित्यादेवमुच्यते स्थायी रस इति। औचित्यन्तु तत्स्थायिगतत्वेन कारणादितया प्रसिद्धानाम् अधुना चर्वणोपयोगितया विभावादित्वावलम्बनात्" इति ।

लोचनेऽप्येतदेव तेन उक्तम्। यथा—"[2]अतएव न परकीया चित्तवृत्तिर्गम्यते इत्यभिप्रायेण 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगात् रसनिष्पत्ति' इति सूत्रे स्थायिग्रहण न कृतम्। तत् प्रत्युत शल्यभूत स्यात्। स्थायिनस्तु रसीभाव औचित्यादुच्यते। तद् विभावानुभावोचितचित्तवृत्तिसंस्कारसुन्दरचर्वणोदयात्, हृदयसवादोपयोगिलोकचित्तवृत्तिपरिज्ञानावस्थायाम् उद्यानपुलकादिभि स्थायिभूतरत्याद्यवगमाच्च।"

न चोभयविधप्रकारभिन्न कोऽपि हेतु लोके उपलभ्यते इति कथं विभावादीना हेतुत्वम् इति शक्यम्। उभयप्रकारभिन्नस्य हेतो लोके अदर्शनेन तद्भिन्नाना विभावादिहेतूनामलौकिकत्वसिद्धे । विभावादीनामलौकिकत्वसिद्धिश्च रसस्य अलौकिकत्वसाधिकेति भूषणमेव न दूषणम्। तदुक्तमभिनवभारत्याम्—"अत एव विभावादयो न निष्पत्तिहेतवो रसस्य तद् बोधापगमेऽपि रससम्भवप्रसगात्। नापि ज्ञप्तिहेतव येन प्रमाणमध्ये पतेयु:। सिद्धस्य कस्यचित् प्रमेयभूतस्य रसस्याभावात्। किन्तर्हि एतद्धि विभावादय इति।

1. अभिनवभारती पृ. २८४
2. लोचने पृ. १५६

यथा—

'ऊर्ध्वोर्ध्वमारुह्य यदर्थतत्त्वं,
धीः पश्यति श्रान्तिमवेदयन्ती ।
फलं तदाद्यैः परिकल्पितानां,
विवेकसोपानपरम्पराणाम् ॥
तस्मात्सतामत्र न दूषितानि,
मतानि तान्येव तु शोधितानि ।
पूर्वप्रतिष्ठापितयोजनासु,
मूलप्रतिष्ठाफलमामनन्ति ॥

परमत्र एतदवधेयं यद् रसास्वादस्य निर्विघ्नतया चमत्कारनिर्वेशरसनास्वादनयोगसमापत्तिलयविश्रान्त्यादिशब्दैरभिधीयमानया सकलविघ्ननिर्मुक्तया स्वानुभूत्यपरपर्यायया संविदैव भवति। तस्मात् रसास्वादनार्थं संविदि रसप्रतीतिप्रतिबन्धकानां सकलविघ्नानामभाव आवश्यक । ते च विघ्नाः— प्रतिपत्तावयोग्यता, सम्भावनाविरहः, स्वगतत्वपरगतत्वनियमेन देशकालविशेषावेशः, निजसुखादिविवशीभावः, प्रतीत्युपायवैकल्यम्, स्फुटत्वाभावः, अप्रधानता, संशययोगश्च ।

तत्र प्रथमस्य विघ्नस्य परिहारार्थं लोकसामान्यवस्तुविषयो हृदयसंवादः, अलोकसामान्येषु तु चेष्टितेषु प्रख्यातरामादिनामधेयपरिग्रहः क्रियते । स्वगतत्वपरगतत्वनियमेन देशकालविशेषावेशरूपविघ्नापसारणार्थं च 'नटी विदूषको वाऽपि' इत्यादि-प्रस्तावनालोचनेन नटस्वरूपाधिगमः तत्पुरस्सरं, अलौकिकभाषादिभेदसम्पाद्यमानरङ्गपीठमण्डपगतकक्षादिपरिग्रहनाट्यधर्मिसहितं, प्रतिशीर्षकादिना तत्प्रच्छादनरूपोऽभ्युपायश्च समाश्रीयते ।

निजसुखादिविवशीभावस्य तृतीयविघ्नस्य व्यपोहनार्थं तु प्रतिपदार्थनिष्ठैः साधारण्यमहिम्ना सकलभोग्यत्वसहिष्णुभिः शब्दादिविषयमयैः आतोद्यगानविचित्रमण्डपपदविदग्धगणिकादिभिरुपरञ्जनं समाश्रीयते । प्रतीत्युपायवैकल्यरूपस्य चतुर्थस्य विघ्नस्य स्फुटत्वाभावरूपस्य पञ्चमस्य विघ्नस्य चापसारणार्थं लोकधर्मीवृत्तिप्रवृत्त्युपस्कृता शब्दलिङ्गव्यापारविलक्षणा प्रत्यक्षव्यापारकल्पा अभिनया समाश्रीयन्ते ।

अप्रधानतारूपस्य षष्ठस्य प्रत्यूहस्य व्यपोहनाय अप्रधानविभावानुभावव्यभिचारिव्यतिरिक्तः स्थाय्येव चर्वणापात्रत्वेनाश्रीयते । अत एव 'स्थायिभावान् रसत्वमानेष्याम' इत्यादिना तच्चर्वणाया एव रसत्वमुक्तम्, न तु विभावादिचर्वणाया ।

१. अभिनवभारती पृ० २७८ ।

परिचर्चा

रे. प्र. द्विवेदी : भट्टनायकमतस्यालोचने भवद्भिरुक्तं यत् स अनुकार्यनिष्ठां रतिमेव मनुते। अस्त्यत्र किञ्चित्प्रमाणम्? वस्तुतः विभावस्य साधारणीकरणमेव तन्मतम्। तत्स्वीकारेणैवास्यैषा सामाजिकादीनां तत्र प्रवृत्तिर्घटते। काव्यप्रकाशादौ कुत्रापि रतिः साधारणीकृता भवतीत्यत्र प्रमाणं नास्ति। अस्ति चेद्दीयताम्।

सु. दा. स्वामी : काव्यप्रकाशे रसगङ्गाधरे चैतत्स्पष्टं लिखितं वर्तते 'साधारणीकृता रतिः'। कस्य रतेः साधारणीकरणं सञ्जातम्?

रे. प्र. द्विवेदी : परनिष्ठाया रतेः साधारणीकरणं भवतीति कुत्रापि काव्यप्रकाशे भट्टनायकमते नास्ति यद्धि मतं डा. रामचन्द्रद्विवेदिमहोदयेनाक्षरशः समुपस्थापितम्।

सु. दा. स्वामी : एतत्पूर्वमेव प्रतिपादितं यद्विभावादयः पूर्वं विशेषरूपेण समुपस्थाप्यन्ते। रतिरपि विशेषरूपेण समुपस्थापिता भवति वा न वा?

रे. प्र. द्विवेदी : वामनेन परनिष्ठाया रतेरास्वाद्यत्वं प्रतिपादितं अन्यैरपि किन्तु भट्टनायकमतेऽपि तदेव वर्तते इत्यत्र किं प्रमाणम्?

सु. दा. स्वामी : वर्तते। रतौ को नाम साधारणीकरणात्पूर्वं विशेषो वर्तते। शकुन्तलानिष्ठत्वमेव विशेषः। किन्तु सा रतिः शकुन्तलाया एव वर्तते या साधारणीक्रियते, न तु सामाजिकानाम्।

रे. प्र. द्विवेदी : सर्वेऽपि भावा विभावरूपा एव वर्तन्ते। विभावस्यैव च साधारणीकरणम्। 'साधारणात्मा रत्यादि' रित्यत्र सामाजिकनिष्ठा एव रतिर्न पुनरनुकार्यनिष्ठा रतिरभिप्रेता।

रा. च. द्विवेदी : 'भावनाभाव्य एषोऽपि शृङ्गारादिगणो मतः' अलङ्कारविमर्शिन्युद्धृतस्य भट्टनायकमतस्यास्य कोऽभिप्रायः?

सु. दा. स्वामी : अभिनवभारत्यामेव पदानामर्थो वर्तते—भावनाद्वारा साधारणीकरणेन रसस्य भोगो भवति।

दर्पणकृद् विश्वनाथः साहित्यदर्पणेऽप्यमुमेव क्रममनुसरति। रूढिप्रयोजनाभ्यां द्वैविध्यं चोत्प्रेक्ष्यमाणेन भेदान् षोडशसङ्ख्याकतां नयति।

२ काव्यप्रदीपकारादयः क्रममिमम्—

"रूढिप्रयोजनाभ्यां भेदे संभवत्यपि न ते विभाजकत्वेनोक्ते, किन्तु हेतुत्वेनेति न तत्कृतो भेदो गणितः। अत एव च पश्चाद् "व्यंग्येन रहिता रूढौ"-इत्यादिना तत्कृत भेदं दर्शयिष्यति, अन्यथा पुनरुक्तिप्रसङ्गात्। एवं च यथोक्तव्याख्यानेन षड्विधत्वे निर्व्यूढे यत् 'षड्विधेति रूढिप्रयोजनोपादानलक्षणारोपाध्यवसानरूपैः षड्भिरुपाधिभिः कल्पिता विधा प्रकारा यस्यामिति षड्विधेति चण्डीदासव्याख्यानं तत् "शुद्धैव सा द्विधा, सारोपान्या तु" इति "एव, तु" शब्दयोरनालोचनविजृम्भितत्वादनादेयम्" इत्येवम् 'अनन्तरोक्तानां शुद्धाभेदचतुष्टयस्य स्थानान्तरम् अथवा आरोपाध्यवसानमूलयो भेदयोरुपादानलक्षणगतभेदषट्कतामुद्भाव्य—

"लक्षणा तावद् द्विविधा—(१) शुद्धा, (२) गौणी च। तत्राद्या द्विविधा (१) उपादानलक्षणा (२) लक्षणलक्षणा च। ते अपि प्रत्येकं (१) सारोपा (२) साध्यवसाना चेति द्विविधे इति शुद्धाभेदाश्चत्वारः। गौणी तु द्वेधा (१) सारोपा (२) साध्यवसाना चेति षड्विधत्वं लक्षणायाः"—[1]
इत्येव षड्विधत्वमस्या आपादयन्ति। सुधासागरकारो भीमसेनदीक्षितः[2], म०म० दुर्गाप्रसादद्विवेदी[3], श्यामभट्ट श्रीनन्दकिशोरशास्त्री[4], डा० सत्यव्रतसिंहः[5], श्रीनिवासशास्त्री[6] चैतमेव क्रममनुधावन्ति।

३. म० म० गोकुलनाथोपाध्यायप्रभृतयः[7] पुनः प्रागुक्तयोर्भेदयोर्नवीनदर्शनन्तोऽपि भिन्नेनैवाध्वना प्रवर्तन्ते। ते हि 'आरोपाध्यवसान'मूलयोः शुद्धाभेदयोः 'उपादानलक्षण'मूलाभ्यां ताभ्यां विविक्ततामेव गणयन्ति।

---

१ "स्वसिद्धये—"इति का० प्र० शास्त्रिणः प्रदीपावतरणिका।

२. सुधासागरे काव्यप्रदीपस्यैवोपर्युद्धृता "लक्षणा—तावद् षड्विधत्वं लक्षणायाः" इमा एव पङ्क्तयो लभ्यन्ते। प्रक्षिप्ता अपीमा भवन्ति।

३. साहित्यदर्पणस्य निर्णयसागरीये संस्करणे पृ० ५६।

४ चन्द्रशेखरीनामानी मयू० ९ का० १३।

५ चौखम्बाविद्याभवनतः प्रकाशितः काव्यप्रकाशस्य हिन्दीभाषानुवादः।

६ मेरठतः प्रकाशितः काव्यप्रकाशहिन्दीभाषानुवादः। अत्रानुवादको मम्मटस्य लक्षणाभेदानष्टौ गणितानपि कथयति।

७ वाराणसेयसंस्कृतविश्वविद्यालयतः प्रकाशिते म०म०गो०ना०कृते काव्यप्रकाशविवरणे।

प्रकरणमिदं समापयितुकामः अनयोः लक्ष्यलक्षकयोः भेदाभेदाशायामपि "अनयोर्लक्ष्यस्य लक्षकस्य च · गङ्गातटे · लक्षणायाः को भेदः" इत्यनेन वृत्तिग्रन्थेनोपस्थापयति । तदेव प्रकरणमिदं "शुद्धैवे"ति कारिकालम्बेन "एव"कारसाचिव्येन व्यवच्छेद्य प्रकरणान्तराय "सारोपान्या तु" इत्येव कारिकोपलम्भे व्यवच्छेदमात्रपरे 'अन्य-तु"-पदे अवदधानो वृत्तिकृत् स्वातन्त्र्येणैव प्रक्रमते । चातुर्विध्यं प्रतिपाद्य च पूर्वोक्तयोः उपादानलक्षणयोः काव्यप्रकाश इव शब्दव्यापारविचारेऽपि सङ्कलनाय "लक्षणा तेन षड्विधे"तिकारिकोत्तरम् "आद्यभेदाभ्यां सहे"ति ब्रूते । इत्थं यथा "एव-तु"-शब्दसाचिव्येन प्रदीपकारः चण्डीदासमतं प्रत्यादेष्टि तथैव "अन्य"शब्दसाचिव्याभ्यां ताभ्यां प्रदीपकारमतमपि प्रत्यादेष्टुं शक्यते ।

२. काव्यप्रकाश-शब्दव्यापारविचारयोर्मम्मटेन लक्षणाया यान्युदाहरणान्युपस्थापितानि, ये च तेषु तस्या भेदाः सम्भवन्ति तदुभयमप्यधोदत्तया तालिकया स्पष्टम्—

	उदाहरणानि	लक्षणाभेदाः
१	कुन्ताः प्रविशन्ति	उपादानलक्षणा
२	गङ्गायां घोषः	लक्षणलक्षणा
३.	गौर्वाहीकः	सारोपा गौणी
४	गौरयम्	साध्यवसाना गौणी
५	आयुर्घृतम्	सारोपा शुद्धा
६	आयुरिदम्	साध्यवसाना शुद्धा

प्रकारान्तराभ्युपजिगमिषया पुनः "कुन्ताः पुरुषाः प्रविशन्ती"ति "गङ्गायाः तटे घोष" इति, अन्यानि चैवंविधानि साहित्यदर्पणकृत्प्रभृतिभिः प्रतिपादितानि स्थलान्यसौ समग्रहीष्यत् । न चासौ सगृह्णाति । एतच्चात्र विस्मयावहं यत् प्रदीपेऽपि स्थलानीमानि न लभ्यन्ते, काव्यप्रकाशवदुदाहृतानामेषामुक्तानामेव स्थलानां तत्रोपलम्भात् ।

३. येषु काव्येषु लक्षणाया उपयोगो दृश्यते तेषामप्यनुशीलनेन तथ्यमिदं दृष्टिमानमश्नुते यदुपर्युक्ता एव षड् भेदा व्यवहारोपयोगिनो भवन्ति नान्ये । एतदपि च निम्नप्रदत्तया तालिकया स्पष्टभूयिष्ठम् :—

	लक्षणाभेद	काव्यभेद	उदाहरणम्
१.	उपादानलक्षणा	अर्थान्तरसंक्रमितवाच्यध्वनि	"त्वामस्मि०", "कदली कदली०" ।[1]

१. काव्यप्र० उदा०—२३, साहित्यदर्पणे ४।३—उदा० ।

यद्यप्यत्रानिमयो काव्यभेदयोर्नामनी नोल्लिख्येते तथापि येषां तत्पूर्ववर्त्तिना तानि लिख्यन्ते तत इदं स्पष्टं यद् गोकुलनाथादिभिः प्रतिपादित एव लक्षणाभेदश्च काव्योपयोगी मम्मटाभिमतश्च सिद्धयति, नान्य, उक्तेषु काव्यस्थलेषु प्रकारान्तरोपजनितस्य लक्षणाभेदस्यानुपलम्भात् । लक्षणाया अशीतिप्रकारत्वा-मभिमन्यमानः साहित्यदर्पणकारोऽपि कल्पितैर्वाक्यखण्डैरेव "गङ्गायां तटे घोष" इत्यादिभिन्नान् उदाहरति, न तु काव्यस्थलैः । यत्र चासौ काव्यभेदान् गणयितुं काव्यस्थलान्युपस्थापयति तत्रासावपीमानेव काव्यप्रकारान्द्वादशभिन्नान् षडेव भेदानुपयोजयति नान्यान् । न हि लक्षणोपादानोपजीविनः अविवक्षित-वाच्यस्य ध्वनेः पदगतस्य अर्थान्तरसंक्रमणाय 'नयने तस्यैव नयने चे"ति, वाक्यगताय च तस्मै काव्यप्रकाराद्दुदाहृतम् 'त्वामस्मि वच्मि विदुषां'-त्यादि वाक्यमेव निदर्शनतया प्रस्तौति, प्रस्तौति चैवमेव पदगताय अत्यन्त-तिरस्कृतध्वनिश्चुदाहृतं निःश्वासान्ध इवादर्श ' इति पदम्, वाक्यगताय चास्मै काव्यप्रकारनिदर्शितमेव उपकृतं बहु तत्रे त्यादि विपरीतलक्षणो-दाहरणमेव । न चैतेषु स्थलेषु लभ्यमानासु लक्षणासु उपादान-लक्षणयो आरोपादिमवान्तिरत्वं दृश्यते । रूपकपरिणामादीनामपि विदुषानेन यानि निदर्शन-स्थलान्युपस्थापितानि तेष्वपि आरोपाध्यवसानाभ्यामितर यत्किञ्चनापि लक्षणा-प्रकारा नानुभूयते । एतेन स्पष्टं यल्लक्षणाया भेदान्तराणि काव्यानुपयोगीन्येव । न केवलं काव्ये, काव्यात्मके वेदेऽपि यावत् तानि नोपयुज्यन्ते । गुणवादा-त्मकमथवाद प्रयुञ्जाना वैदिका ऋषयोऽपि "यजमानः प्रस्तर.", 'आदित्यो यूप" इत्यादिषु स्थलेषु व्यावहारिकीमेव लक्षणामुपजीवन्ति[1], न कल्पनिकीम् ।

साहित्यकौमुदीकारो विद्याभूषणोऽपि "इहोपादानलक्षणादिषु भेदेषु काव्या-न्यामर्थान्तरसंक्रमितवाच्यात्यन्ततिरस्कृतवाच्यौ, मध्यमान्त्या रूपकप्रथमाति-शयोक्ती, निरूपयिष्येते"—इत्येव "लक्षणा तेन षड्विधे"ति वाक्यविवरणं लक्षणोपयोगस्य दिशमिमामुक्तेनैव यथा द्योतयति ।

साहित्यसारकार अच्युतरायोऽपि च तामेव दिशमनुसरति—"जहती लक्षणा-र्पणमनिका, गङ्गायां घोष इत्यत्रात्यन्त वाच्यस्तिरस्कृतः अजहत्स्वपादाननाम्नी स्वेनाभिधावति, अनयार्थान्तरे संक्रमितवाच्योऽत्र सूच्यते, गौणी प्रयोजनवती सारोपा चन्द्र आननम्, गौर्वाहीक इति ज्ञेया रूपकाख्या हिता, सैव साध्यव-साना तु गौरेवायमिति स्फुटा चन्द्र एवेदमित्यादौ रूपकातिशयोक्तिकृत्' इति । (साहित्यसारे २।७१-७८) ।

१. द्र० मीमांसादर्शनस्य १।४।१२—सूत्रे शाबर भाष्य तन्त्रवार्त्तिके च । मीमांसादर्शनस्य ३।१।६—सूत्राण्यपि द्र० ।

काव्ये च दोषो दशम उल्लासे एव परिकरात् पूर्वं काव्यलिङ्गमनुपनिबध्नतोऽपि हेत्वलङ्कार विस्मरत । एतेन "परिकरात् परतोऽपि मम्मटभट्ट एव निरलङ्कारकेऽपि वैचित्र्यस्यापत्त्याभावप्रतियोगित्वमत्र नोद्भावयिष्यते" इत्यपि श्रद्धा तूलतूला । यद्युच्यते— 'आयुर्घृतमि त्यादौ वैचित्र्यम्, तथापि नैतदलङ्कारतां स्पृशति, वैचित्र्यलेशमात्रस्यालङ्कारत्वजनकतानभ्युपगमाद्, तथा सति 'गतोऽस्तमर्क'[1] इत्यादावपि अलङ्कारत्वमभ्युपेयेत, वैचित्र्यलेशस्य तत्रापि सत्त्वात् ।'[2] काव्योपयोगित्वं चैषां व्यङ्ग्यार्थप्रत्यायनत एव चारितार्थमिति, तर्हि "गौर्वाहीक गौरेवे"त्यादावप्युपनीतानलङ्कारत्वाभाव, व्यापकत्वात् । न च "विच्छित्तेरतिभूमिस्तानुभूयते इति नास्त्यत्र व्यापकत्वमिति" वाच्यम्, पक्षान्तरेऽपि विच्छित्तिविशेषस्य स्वीकर्तुं शक्यत्वात् । स्वीकृते चापि "आयुर्घृतमि'त्यादौ शुद्धारोपभूतो यो हेतुहेतुमतोरभेदोऽनुभूयते तमेवैकमाश्रित्य निर्मितेषु—"अविरलकमलविकास[3] उल्लास फुल्लपरिरम्भ-पुष्पपतनाम्',[4] 'तारुण्यस्य विलास'[5] इत्यादिषु स्थलेषु रुद्रट-जगन्नाथ-विश्वनाथ-विच्छित्ति । विद्यानाथप्रभृतिभिरप्पय्यदीक्षितैरपि च समर्थित एवात्र विच्छित्तेः सत्त्वम् । न केवलमेभिरेव, काव्यप्रकाशटीकाकृत्सु सुधाकृद् भीमसेन, विवरणकृद् गोकुलनाथश्च स्थलेष्वेषु विच्छित्तिविशेषमनुमोदते[6] साधयेते च नूनं शुद्धारोपाध्यवसानयो नार्थतत्ताम् । सन्ति च

---

१ भामहोऽत्र काव्यत्वाभावमेव मनुते—"गतोऽस्तमर्को भातीन्दुर्यान्ति वासाय पक्षिणः । इत्येवमादि किं काव्यं वार्तामेनां प्रचक्षते ॥-२।८७॥

२ अत एव स्वयं काव्यप्रकाशकृतैव काव्यत्वं तयो बोद्धव्यत्वाभेदावतनेनैव वाक्येन प्रतिपाद्येते । द्र० पञ्चम उल्लास । अत एव च पण्डितराजोऽपि रसगङ्गाधरकाव्यलक्षणनिर्धारणप्रस्तावेऽत्र काव्यत्वं स्थापयति ।

- ३. रुद्रटकाव्याल० ७।८३, काव्यप्रकाशकारणमालावृत्ति ।

४ रसगङ्गाधरे अवरकाव्यनिरूपणान्ते ।

५ साहित्यदर्पणे हेत्वलङ्कारनिरूपणप्रस्तावे ।

६ तथाहि सुधाकारस्तत्प्रकरणे—"शुद्धाभ्यां ताभ्यां हेत्वलङ्कारं निरस्यतिप्रसङ्गानां" इति भीमसेन, विवरणे च—"हेतुत्वादिनयस्य हेत्वलङ्कारस्वरूपत्वेन तन्मूला लक्षणा "आयुर्घृतमित्यत्र···पर्णिलेदवट" इत्यादौ स्थलस्य प्रकारान्तरम् अथवा 'हेतुमता सह हेतोरभिधानमभेदतो हेतु'रिति मतेन हेत्वलङ्कारमुपपादयति" इति म० म० गोकुलनाथ. ।

वीकोऽपि[1] मम्मट पतित एव प्रेक्षाजुषामुपालम्भगोचरे । तच्च जयरथस्या-लङ्कारविमर्शिन्या काव्यलिङ्गालङ्कारप्रकरणतः स्यातन्त्रमेव, यत्रासौ महता सरम्भेणोक्तिप्रकारस्यालङ्कारतां प्रत्यादेष्टि[2] । एतत्प्रत्यादेशोपजीव्या रस-गङ्गाधरकर्तुः पण्डितराजस्यापि प्रतिज्ञा—

"काव्यलिङ्गं नालंकारः, वैचित्र्यात्मनो विच्छित्तिविशेषस्याभावात्, हेतुहेतु-मद्भावस्य वस्तुसिद्धत्वेन कविप्रतिभानिर्वर्त्यत्वायोगात्"

इत्येवमनुवदत्येव काव्यलिङ्गापरपर्यायस्य हेतोः भामहोपज्ञमिव खिलीकारम्, उद्भावयत्येव च तत्र निर्हेतुत्वरूपदोषाभावान्तर्भूतताम् ।[3] अर्चति चैतत् तस्यतामप्रत्यासत्तिम् । तथा हि—हेतुहेतुमद्भावस्य आर्थत्वमेवात्र चमत्कृतिप्रसूतेः । अत एव 'भयानकत्वात् परिवर्जनीया दयाश्रितत्वादसि देव सेव्यः'[4] इत्यत्र काव्यलिङ्गत्वं प्रत्याचक्षाणः पण्डितराजो रत्नाकरकार इवैव 'गम्यमानहेतु-त्वकस्यैव हेतोः सुन्दरत्वेन काव्यलिङ्गत्वे'[5] ति हेतुमुपन्यस्यति । अस्ति चैतत् काव्यप्रकाशोदाहृतेषु 'वपुः प्रादुर्भावात्'इत्यादिषु काव्यलिङ्गस्थलेषु । तत्रापराधद्वयाऽऽनमनादीनां हेतुहेतुमद्भावस्य शब्दतोऽकथितत्वात् । न चार्थत्वमात्रेण कुत्रचिदलङ्कारत्वमापद्यते, कविप्रतिभाप्रसूतत्वस्यैव तन्निष्पादक-त्वात् । यदि चापद्यते, तर्हि हेतुहेतुमद्भावोक्त्यापि तदापद्यतान्तराम्, तत्र कविप्रतिभाया जागरूकत्वस्यानुभविकत्वात् । किं च यो हि "महौजसो मान-धना धनार्चिताः" इत्यत्र भार्गविपक्षे धनुर्भृद्रूपैकव्यक्तिगतत्वेन बहूनां विशेषणा-

---

१ परवर्तिष्वलङ्कारसर्वस्व—साहित्यदर्पण—कुवलयानन्द—कृतस्तुवत् काव्यलिङ्ग मन्वते । नूनमसौ मम्मटस्यैव प्रभावः । यद्यपि काव्यलिङ्गपदम् इदप्रथमतया उद्भट एव प्रयुङ्क्ते, किन्तु न हेत्वर्थम्, अपि त्वनुमानार्थम् । मम्मटोऽप्यनुमानार्थं काव्यलिङ्गमेव पदं प्रयुञ्जीत,प्रयुञ्जीत च काव्यलिङ्गार्थे काव्य-हेतुपदमेव दशम उल्लासेऽपि चतुर्थ उल्लास इव चेदुचिततरं स्यात् ।

२. अलङ्कारसर्वस्वे जयरथकृतालङ्कारविमर्शिनी पृ० १८१-८२, निर्णय-सागरस०—२ ।

३-४ रसगङ्गाधरे काव्यलिङ्गालङ्कारप्रकरणान्ते ।

५ रसगङ्गाधरे काव्यलिङ्गप्रकरणारम्भे । अतश्च भामहस्य 'हेतुश्लिष्ट' नाम्नोऽलङ्कारस्योदाहरणेऽपि नातिव्याप्तिः ।

६ रसगङ्गाधरकाव्यलिङ्गप्रकरणारम्भे । रत्नाकरे शोभाकरमित्रोऽपि पदार्थहेतुके काव्यलिङ्गे हेतुत्वस्यार्थत्वमेव चमत्कृतिकारणं मनुते ।

भेद । अभेदे ह्यभेद एवाभिधानानन्तर्भावविच्छिन्नप्रतियोगितानिरूपितामनुयोगितां प्रति सम्बन्धो भवति, आरोपे च विषयः । ततश्च तत्प्रतियोगितापि विषयिता-वच्छेदकेनैवावच्छिद्यते । अत एव चारोपे विषय-विषयिणोर्मध्ये उद्देश्यविधेय-भावोऽनुभूयते, अभेदे न । अस्ति च "घृतमायुः, मदंमधात विनिद्रनलिनीपति-भ्रमरोल्लास" इत्यादिषु विधीयमानानां हेतुमतामायुरादीनामुद्देश्यभूतेषु हेतुष्वारोप । अत एव च शुद्धसारोपलक्षणापि प्रेक्षावद्भिरभ्युपेयते । अतएव विप्रतिपत्त्या विचलित आचार्यो "हेतु"रिति नाम्नि रुचिं न दधे । आरोपे च निहितमतिरप्यसौ निर्वाहयितुं न लेभे, काव्यलिङ्गे तस्याभावात्, रूपके च सतोऽपि तस्य सादृश्यैकनिगडितत्वात् ।[1] "वाग्विकल्पानामानन्त्यम्"[2] इत्युपदिष्टवतो वर्त्मानुवर्तमानेन, अत एव च स्वयमपि काव्यलक्षणे "अनलङ्कृती पुनः क्वापि" त्वलङ्काराणां स्फुटतया वैकल्पिकत्वमाधाय तान् प्रति दर्शितौदासीन्येन तत्रभवता सहृदयशिरोमणिना निर्वाहाय प्रयत्नोऽपि न कृतः ।

वस्तुतो हेतुहेतुमतोरभेदविच्छिन्नेऽरारोपमूले रूपके, अतिशयमूलेऽतिशयो-क्तिप्रभेदे वा सङ्ग्रहः कर्तुमुचितः । क्रियते च परवर्तिभिः अलङ्काररत्नाकर-विज्ञानुप्रभृतिभिरालङ्कारिकैः । अलङ्काररत्नाकरकारो हि सादृश्यसम्बन्धमूलं न आरोपमिव सम्बन्धान्तरमूलकमप्यारोपं रूपकविच्छित्तौ हेतुं प्रतिपद्यते । वक्ति हि सः—

(सूत्रम्—) "आरोपो रूपकम् ॥२६॥

(वृत्ति—) तद्धर्मत्वादिप्रतिपत्त्यर्थं सामानाधिकरण्यनिर्देश आरोप ।

इत्येवमारोपमात्रस्य रूपकत्वम्, उदाहरति च सादृश्यमूलकाय तस्मै "तम

---

१. भामह—"उपमानेन यत् तत्त्वमुपमेयस्य रूप्यते ।
गुणानां समतां दृष्ट्वा रूपकं नाम तद् विदुः ॥" काव्या० २।२१
दण्डी—"उपमैव तिरोभूतभेदा रूपकमिष्यते ॥" काव्यादर्शस्य २।६६
उद्भट—"श्रुत्या सम्बन्धविरहाद् यत् पदेन पदान्तरम् ।
गुणवृत्तिप्रधानेन युज्यते रूपकं तु तत् ॥"—काव्या० १।११
अत्र यद्यपि सादृश्यं नास्ति तथापि उदाहरणेऽस्य तदस्त्येव "ज्योत्स्नाम्बुने"त्यत्र ।
रुद्रट—"यत्र गुणानां साम्ये सत्युपमानोपमेययोरभिदा ।
अविवक्षितसामान्या कल्प्यत इति रूपकं प्रथमम् ॥"
काव्या० ८।३८।३९ ॥

२. ध्वन्यालोकप्रथमोद्योतारम्भे ।

सन्ततिजवृत्ती शृंगारश्रीविमानमहो नु भो

निरवधिसुखश्रद्धारूपे कृतो मृगकेतन ॥" अत्र इन्दुरूपे कारणे कार्यरूपाया श्रद्धाया आरोप । ग्रन्थकृता (अलंकारसर्वस्वकृता) प्यलंकारानुसारिण्यामत्र "श्रद्धाहेतुत्वात् श्रद्धे"त्यभिदधता अयमेव पक्षः प्रदर्शितः[2] ॥"

सन्ति चालङ्कारसर्वस्व—तद्विमर्शिनीकारयोरपि मम्मटभट्टस्य प्रायेणानुसार एव । अथापि यदिमे एववादिनो दृश्यन्ते तत्रापि हेतुः स्वयं मम्मट एव । काव्यप्रकाश एव सोऽपि सादृश्यमिव सदन्वातन्त्र्यमपि "अभिन्न-चमत्कार"जनकतयाऽऽद्रियते । अत एवासौ "हृदयमधिष्ठितमादौ"[3] इत्यादिषु, "राजन् राजसुता न पाठयति मामि"त्यादिषु चातिशयोक्त्यप्रस्तुतप्रशंसास्वरूपेषु कार्यकारणभावमपि "कमलमनम्भसि"[5] इत्यादाविव, "येनास्यभ्युदितेन"[6]-इत्यादाविव वा सादृश्यमिवैवाभिमताया एवातिशयोक्तिरूपाया विच्छित्तेर्निष्पादकमुरीकुरुते । अन्यत्रापि च "उदात्तं वस्तुनः सम्पन्महतां चोपलक्षणम्" —इति, "एकं क्रमेणानेकस्मिन् पर्यायोऽन्यस्ततोऽन्यथे"ति निदर्शना, "अभवन् वस्तुसम्बन्ध उपमापरिकल्पकः, स्वस्वहेत्वन्वयस्योक्ति क्रिययैव च साऽपरे"ति च भिन्नभिन्ना अपि विच्छित्तीरुदात्तादेरेकैकालङ्कारे सङ्गृह्णानो दृश्यते । अतो हि सदन्वातन्त्र्यमूलत्वमध्यारोप सादृश्यमूलत्वेन तेनैव सह रूपविच्छित्तौ सङ्गृह्णीयाच्चेत् कोऽन्यमुना विगृह्णीयात् । अत एव च तट्टीकाकारो गोकुलनाथशर्मोपाध्यायो रूपकत्वमेव "आयुर्दानमहोत्सवस्य" इत्यादिति प्रागुपस्थापिते पद्यरत्ने पूर्वं रूपकस्य[10] प्रकारान्तरमेवोद्भावयति,

---

१ काश्मीरक-महाकवि-जह्लण-प्रणीतसोमपालविलासकाव्यस्य तन्नाम्न्या तत्कृताया टीकायाम् ।

२ अलङ्कारसर्वस्वविमर्शिनीरूपकप्रकरणम् । निर्णयसा० सं०—२ पृ० ४४ ।

३ काव्यप्रकाशे कार्यकारणपौर्वापर्यविपर्ययरूपातिशयोक्त्युदाहरणम् ।

४ कारणे प्रस्तुते कार्योक्तिरूपो निष्पन्नाया अप्रस्तुतप्रशंसाया काव्यप्रकाश उदाहरणम् ।

५ काव्यप्रकाशे निगीर्याध्यवसानातिशयोक्त्युदाहरणम् ।

६ काव्यप्रकाशे सादृश्यमूलाया अप्रस्तुतप्रशंसाया उदाहरणम् ।

७-९ काव्यप्रकाशस्य दशम उल्लासे ।

१० द्र० २६६ पृष्ठे ६ संख्याकमन्त्यमेव पादटिप्पनम् ।

व्यालम्बेथाः सुरभितनयालम्भजां मानयिष्यन्[1]
स्रोतोमूर्त्या भुवि परिणतां रन्तिदेवस्य कीर्त्तिम् ॥

अत्र हि कीर्तिहेतुभूतायाश्चर्मण्वत्याः कीर्तिशब्देनोल्लेखात् कीर्तित्वेनैव प्रतीयमानत्वादस्त्येव कार्यद्वारा कारणस्याध्यवसानम्। एवमेव "स्वागतमविलम्बिनो मनोरथस्येति"[2] शाकुन्तलवाक्येऽपि कार्यभूतेन मनोरथेन कारणभूतस्य दुष्यन्तस्याध्यवसानात् सैव स्थितिः, विषयिणं प्रति विषयस्य तादात्म्येन कारणतया प्रसिद्धतरत्वात् अस्ति च स्वविषयभूताय दुष्यन्ताय मनोरथो विषयी। नास्ति च कीर्ति-चर्मण्वत्योः मनोरथदुष्यन्तयोश्चात्र किञ्चिदपि साम्यं येनात्राध्यवसानस्य गौणता कल्पयितुं शक्येत।

ननु—"कार्यकारणभावस्य सिद्धेऽपि विच्छित्तिमूलतयालङ्कृतिप्रयोजकत्वे, सादृश्येतरेषां सम्बन्धान्तराणां तु केनाप्यन्तरं वादलम्बित, काव्यस्थलेषु तदुदाहरणानामनुपदर्शितत्वात्[3] तेष्वलङ्कारप्रयोजकतायाः साधयितुं दुष्करत्वादि"ति चेत् तत्रापि स्यादेव कार्यकारणभाव इवैव तादृशी प्रयोजकता, यत्रैषा रूढप्रायता न स्यात्। अस्ति हि रूढप्रायता तात्कर्म्यादिभिः जायमानयोरारोपाध्यवसानयोः "ब्राह्मणस्तक्षा" "तक्षा" इत्यादिषु। तत्रापि दृश्यते चेच्चमत्कारः, स्वीक्रियतामासामलङ्कृतिप्रयोजकत्वम्, गवेष्यन्तान्तमां च तदुदाहरणान्यपि महति सारस्वते जगति।

एवं स्थितमेतद् यद् गोकुलनाथादिभिरुपगत एव लक्षणाभेदगणनाक्रमो मम्मटस्याभिमतः, स्थितं चैतद् यत् तत्र शुद्धयोरारोपाध्यवसानयोरुपयोगाय स्वीकर्तव्यमेव तदुपस्थितेषु वाक्येषु काव्यत्वम्, तदर्थं चमत्कृतित्वम्, तदर्थं तज्जनकेष्वलङ्कारत्वम्, तदर्थं च हेतु-रूपकातिशयोक्त्यन्यतमत्वम्।

---

१ मेघदूते ४५—तम पद्यम्।

२ शाकुन्तलस्य तृतीयेऽङ्के "तपति तनुगात्रि मदनस्त्वाम्" इतिपद्यानन्तरीयं सखीवाक्यम्।

३. गोकुलनाथादिभिः यैरपि टीकाकृद्भिर्हेत्वलङ्कार उदाहृतः, जगन्नाथादिभिरन्यैश्च महामहिमभिराचार्यैस्तैः शुद्धारोपस्यैवोदाहरणानि दत्तानि, न शुद्धाध्यवसानस्यापि। तदुदाहरणद्वयमस्माभिरेवाग्रेऽन्वेष्यते पूर्वोक्तम्। कार्यकारण-भावातिरिक्त-सम्बन्धमूलक-शुद्धारोपाध्यवसानयोरुदाहरणानि प्रायेण सर्वैरेव त्यक्तानीति इदमुक्तम्।

साहित्यिक अभिव्यक्ति

डा० देवराज उपाध्याय

निबंध का विषय है साहित्यिक अभिव्यक्ति। अतः सर्वप्रथम अभिव्यक्ति और साहित्य इन दो शब्दों के अर्थ के बारे मे निश्चय कर लेना है। प्रायः अभिव्यक्ति शब्द का प्रयोग किसी वस्तु की अभिव्यक्ति के अर्थ मे किया जाता है। शुद्ध, मात्र अभिव्यक्ति के अर्थ मे नही। पर किसी वस्तु की अभिव्यक्ति अलग बात है, शुद्ध अभिव्यक्ति अलग बात है। कवि का सम्बन्ध शुद्ध अभिव्यक्ति से ही होना है, किसी वस्तु से नही, यह बात कवि को मुक्त हृदय से स्वीकार कर लेनी चाहिए। एक युग था कि कवि का प्रभुत्व था, सब बातो मे कवि की पूछ होती थी, कोई सकट आया लोग कवि के पास समाधान के लिये जाते थे। पर विज्ञान ने कवि को सब क्षेत्रो से अपदस्थ कर दिया। १६वी शताब्दी मे खगोल, भूगोल तथा शरीरशास्त्र ने कुछ भाग को कवि से छीना, १७वी शताब्दी मे रासायनिकी तथा भौतिकी ने कुछ और भूमि ले ली, १८ वी मे अर्थशास्त्र तथा राजनीति की तूती बोली, १९वी मे प्राणिशास्त्र तथा समाजशास्त्र की दुहाई फिरी और २० वी शताब्दी मनोविज्ञान की पताका फहरा रही है। अत कवि को मान लेना चाहिये हम किसी वस्तु के बारे मे कोई भरोसे की बात नही कह सकते। हमारा क्षेत्र अभिव्यक्ति है, शुद्ध अभिव्यक्ति। अत मैं अभिव्यक्ति को किसी वस्तु से सम्बन्ध तोड कर उसे उन्मुक्त करना चाहूगा। दूसरी ओर साहित्य को थोडा सकुचित करूगा। साहित्य के दो वर्गो—ज्ञान का साहित्य (Literature of Knowledge) तथा शक्ति का साहित्य (Literature of Power) मे से केवल दूसरे को ही साहित्य कहूगा। अतः शुद्ध अभिव्यक्ति और शक्ति का साहित्य दोनो को मानकर आगे बढूगा।

अत हमने दो बाते तय की। प्रथमत साहित्य का अर्थ तय किया। द्वितीयत अभिव्यक्ति को प्रधानता दी और निश्चित किया कि साहित्य का ध्येय अभिव्यक्ति है किसी वस्तु की अभिव्यक्ति नही। हम कोमल से कोमल, मर्म-स्पर्शी से मर्म-स्पर्शी भावो को ले सकते हैं पर उनकी अभिव्यक्ति असाहित्यिक, हिसात्मक हो सकती है, ऐसी हो सकती है कि पाठक के हृदय मे क्षोभ उत्पन्न हो, और वह अन्दर से प्रक्षुब्ध हो उठे। इतना ही नही। यह भी सभव है कि जिस तरह के भाव को पाठक पर उत्पन्न करने की चेष्टा की जा रही है उसके ठीक विपरीत भाव उत्पन्न हो। मैंने ऐसी रचनायें भी पढी हैं, ऐसे भाषण भी सुने हैं जिनका उद्देश्य है पाठक तथा श्रोता मे उच्च भाव उत्पन्न करना, उदाहरणार्थ

की, पाठक मे भक्ति के भाव जगे, सूर के विरह-काव्य को पढ कर विरह के भाव जगे, भूषण ने वीरत्व के गीत गाये, पाठक में वीरत्व के भाव जगे।

पर क्या यह सही है ? मानव इतना सीधा सादा प्राणी है ? वह इतने ही सीधे तथा सस्ते ढग से प्रतिक्रिया करता है ? व्यावहारिक जगत तथा उसी की परिधि मे विचरण करने वाले साधारण मनुष्य के लिये यह सभव मान भी लिया जाय तो क्या साहित्य के क्षेत्र तथा उसकी सीमा मे प्रवेश करने वाले पाठक के लिये भी इसी मापदण्ड से काम लेना होगा ? यदि यह बात सही मान ली जाय तो त्रासदी की समस्या कैसे हल हो, लोग दुखान्त नाटको से आनन्द कैसे ग्रहण कर सकेंगे ? वह करुणा जो "भवभूति" मे अधिक मूल्य नही रखती उसका उत्तर विश्व की विभूति कैसे बन जाना ? वास्तव मे यदि यही सब इतने सस्ते ढग से होता तो अरस्तू की विरेचन-सिद्धान्त की तथा भट्टनायक की साधारणीकरण की स्थापना ही क्यो करनी पडती। प्लेटो तो अपने आदर्श गण-तंत्र मे कवियो को निष्कासित कर ही चुके थे।

अत हो न हो काव्य का ससार एक अलग ही ससार है, वहाँ की दुनिया ही निराली, वहाँ के विधान तथा नियम ही भिन्न हैं। शायद इसी को देखकर हमारे काव्यशास्त्री ने कहा होगा।

वक्रोक्तयो यत्र विभूषणानि
वाक्यार्थबाध परम प्रकर्ष ।
अर्थेषु बोध्येष्वभिधैव दोष
सा काचिदन्या सरणि कवीनाम् ।

प्रकृत ससार मे भी असाहित्यिकता नही चल सकती पर वहाँ वह कुछ अवधि तक चल भी जाय पर काव्य जगत मे तो एक क्षण भी वह चलने से रही। प्रकृति ने राम को पैदा किया पर वही उसे खा भी गई। नही, खा कहा गई, खाने जा रही थी कि कवि ने उसके फौलादी तथा रक्ताक्त पजो तथा दाढ (*Red in tooth and Claws*) से छीन कर अपने शान्ति-प्रद, कल्याण प्रद, अहिंसा तथा प्रीति की गोद मे लिया कि आज राम स्वय तो अमर हो ही गये दूसरो को भी अमरत्व प्रदान कर रहे हैं। यही कारण था कि साहित्यशास्त्रियो के सामने जब काव्य के स्वरूप पर विचार करने का प्रश्न आया तो उन्होने देखा कि काव्य-जगत तथा प्राकृतिक जगत मे तो एक बात सामान्य रूप से मिलती है, दोनो कुछ-न-कुछ वक्तव्य देते हैं, कोई बात कहते हैं, कोई उपदेश देते हैं पर दोनो मे एक अन्तर भी स्पष्ट है। वास्तविक जगत मे उपदेश प्रभुसम्मित हो, सुहृत्सम्मित होता है, पर काव्य मे "कान्ता-सम्मितत्व" की ही प्रधानता है। और मैं पूछता हूँ कि यह जो कान्तासम्मितत्व है वह विशिष्ट अभिव्यक्ति के सिवा और क्या है ?

rapid Retreat और इस को पढ़कर लोगों के हृदय में निराशा के बादल छा जाते थे। इसी बात को यदि कहा जाता था—"The retirement of the French forces of the previously prepared position in the rear was accomplished briskly and efficiently" बस सारा वातावरण ही बदल जाता था।

इस उदाहरण को सामने रख कर विचार करने से कितने ही लक्ष्य उपलब्ध होते हैं। (१) यदि उक्ति का उद्देश्य प्रभविष्णुता है, पाठकों की भावसत्ता पर अधिकार करना है तो साधारण व्यवहारगत भाषा के प्रयोग से काम नहीं चलेगा, साथ ही शास्त्र इत्यादि में प्रयुक्त इतिवृत्तात्मक शब्दार्थोपनिबन्ध भी पर्याप्त नहीं होगा। मूल वस्तु से अधिक महत्त्व अभिव्यक्ति को देना होगा। इसी को कुन्तक ने कहा "वक्रोक्ति काव्यस्य जीवितम्" और वक्रोक्ति को स्पष्ट करते हुए कहा "शास्त्रादिप्रसिद्धशब्दार्थोपनिबन्धव्यतिरेकि, प्रसिद्धप्रस्थानव्यतिरेकि, अतिक्रान्तप्रसिद्धव्यवहारसरणि।" मतलब काव्य (साहित्य) का उद्देश्य सामान्य सूचना मात्र देना ही होता तो शब्दों के सामान्य प्रयोग से काम निकल जाता है। पर साहित्य का उद्देश्य अलौकिक आह्लाद का उन्मीलन करना है। अतः उसकी अभिव्यक्ति में विचित्रता—सम्पन्नता होगी ही।

अतः अब प्रश्न यह उपस्थित होता है कि यह प्रभविष्णुता, लोकोत्तर प्रदायकता का समावेश उक्ति में किस तरह किया जाय कि वह साहित्य की श्रेणी में प्रतिष्ठित हो जाय। दूसरे शब्दों में अभिव्यक्ति साहित्यिक किस तरह हो सके। अर्थात् ऐसी हो जिसका अभीष्ट प्रभाव पड सके, न कम न अधिक। यदि कम प्रभाव पड़ा तो वह साहित्य है ही नहीं, और आवश्यकता से अधिक प्रभाव पडा तो वह साहित्य नहीं। जो साहित्य पाठक को भाव में आगे बढ़कर क्रियातत्परत्व में प्रवृत्त कर देता है वह साहित्य नहीं। साहित्य का काम 'वर्णनीयतन्मयीभवनयोग्यता' उत्पन्न करना ही है, उसे प्रतिक्रियातत्पर करना नहीं। साहित्य का काम है पाठक के हृदय के काठिन्य को गला देना। लोहा को लाल बनाकर नमनीयता ला देना है। लोहा लाल है, प्रभाव ग्रहण करने की स्थिति में है। अब शिल्पी आकर उसे यथेष्ट मोड़ दे सकते हैं। काव्यशास्त्रियों ने भी रस-विवेचन के प्रसंग में बहुत-सी बातें कही हैं वे भी हमारे लिये प्रासंगिक महत्त्व रखती हैं। अभिनव के मतानुसार "सर्वथा रसनात्मकवीतविघ्नप्रतीतिग्राह्यो भाव एव रस। तत्र विघ्नापसारका विभावप्रभृतय।" यों तो विघ्न अनेक हैं। पर उन्होंने सात विघ्नों का उल्लेख किया है। 'प्रतिपत्तावयोग्यता, सम्भावनाविरहो नाम' इत्यादि। यह तो हमारे काव्यशास्त्रियों की बातें हुईं। हम सभी अपने दैनिक जीवन में भी इस बात का ध्यान रखते हैं।

संस्कृत अलंकार शास्त्र में काव्य का सर्जना-पक्ष

मूलचन्द्र पाठक

काव्य के दो पक्ष हैं—सर्जना और आस्वाद। प्रथम का सम्बन्ध कवि से है और दूसरे का सहृदय से। कवि की अनुभूति ही वह बीज है जो काव्य-वृक्ष के रूप में अंकुरित, पल्लवित और पुष्पित होकर सहृदय के रसास्वाद में फलित होता है।[1] इस प्रकार काव्य-कर्म का प्रसार अनुभूति से अभिव्यक्ति की ओर होता है। अतः काव्य-प्रक्रिया के एक छोर पर कवि की सत्ता है और दूसरे पर सहृदय की तथा काव्य है इन दोनों सत्ताओं का योगसूत्र। यद्यपि अनुभूति के धरातल पर कवि और सहृदय का अद्वैत असंदिग्ध है तथापि काव्य-विषयक, कविगत व सहृदयगत प्रक्रियाएँ परस्पर भिन्न ही हैं। कविगत प्रक्रिया स्वरूपतः सर्जनात्मक होती है तथा उसका अनुभूति से अभिव्यक्ति की दिशा में विकास होता है जबकि सहृदयगत प्रक्रियाएँ ग्रहणात्मक होने के कारण काव्यरूप अभिव्यक्ति के माध्यम से उसकी मूलवर्तिनी अनुभूति की ओर अग्रसर होती है। अभिनवगुप्त ने अनुभूति और अभिव्यक्ति को ही क्रमशः प्रख्या व उपाख्या शब्दों से अभिहित करते हुए लोचन के मंगल श्लोक में काव्य की अखण्ड प्रक्रिया के अंगभूत उक्त दोनों पक्षों के अविभाज्य सम्बन्ध की ओर इस प्रकार संकेत किया है:—

> अपूर्वं यद्वस्तु प्रथयति विना कारणकला
> जगद् ग्रावप्रख्यं निजरसभरेण सारयति च।
> क्रमात्प्रख्योपाख्याप्रसरसुभगं भासयति तत्
> सरस्वत्यास्तत्त्वं कविसहृदयाख्यं विजयते॥

संस्कृत अलंकारशास्त्र में काव्य पर कवि और सहृदय दोनों ही दृष्टियों से विचार किया गया है, यद्यपि कतिपय विद्वानों को यह शिकायत रही है[2] कि संस्कृत काव्य-चिन्तकों ने काव्य की विवेचना एकान्ततः अथवा प्रधानतः सहृदय की दृष्टि से ही की है। यह तो सच है कि संस्कृत अलंकारशास्त्र में काव्य की सर्जन-प्रक्रिया का उतना विस्तृत, व्यवस्थित एवं प्रौढ़ विवेचन नहीं किया गया

१. अभिनवभारती (गायकवाड ओरियन्टल सिरीज, बड़ौदा) भाग १, अध्याय ६, पृ. २९४ (द्वितीय संस्करण १९५६)

२ सुशीलकुमार दे . संस्कृत पोएटिक्स एज ए स्टडी आफ एस्थेटिक्स, पृ. २

प्रतिफलित होता है।[1] हेमचन्द्र के साक्ष्य[2] के अनुसार भट्ट तौत कवि के लिए ऋषि होना आवश्यक मानते हैं। किन्तु ऋषि में केवल द्रष्टृत्व का गुण होता है जबकि कवि में दर्शन के अतिरिक्त वर्णना शक्ति भी होती है। शास्त्रों में प्रयुक्त कवि शब्द केवल तत्त्वद्रष्टा अर्थ का वाचक है जब कि लोक में दर्शन और वर्णना इन दोनों को लेकर कवि शब्द प्रचलित है। इस विषय में वाल्मीकि का दृष्टान्त देते हुए भट्ट तौत ने कहा है कि आदि कवि में स्वच्छ दर्शन की सामर्थ्य तो पहले से ही विद्यमान थी किन्तु वे जब वर्णना में भी प्रवृत्त हुए तभी लोक में कविता का जन्म हुआ। इसी प्रकार अभिनवगुप्त ने भी वर्णना के योग से ही कवि-संज्ञा स्वीकार की है[3] 'अतएव ते कवयो वर्णनायोगात् तेषाम्'। मम्मट ने काव्य को 'लोकोत्तरवर्णनानिपुण कविकर्म' कहते हुए कवि की वर्णनधर्मिता का ही निर्देश किया है।[4] महिम भट्ट ने कवि प्रतिभा को शिव का तृतीय नेत्र मानते हुए कहा है कि उसके द्वारा कवि त्रैलोक्यवर्ती भावों का साक्षात्कार करता है।[5] इस प्रकार यह स्पष्ट है कि संस्कृत साहित्य और विशेषत अलंकारशास्त्र में कवि को दर्शन और वर्णना की शक्तियों से सम्पन्न एक अलोकसामान्य व्यक्ति माना गया है। वह वस्तुओं के बाह्य रूप का ही अवलोकन नहीं करता, उनकी सारभूत आत्मा का भी साक्षात्कार करता है। यह साक्षात्कार वस्तुतः उसका प्रातिभ-ज्ञान ही है।

संस्कृत अलंकारशास्त्र में कवि की उपमा प्राय प्रजापति (ब्रह्मा) से दी गई है। आनन्दवर्धन के अनुसार कवि ही इस अनादि-अनन्त काव्य-संसार का एकमात्र प्रजापति है।[6] काव्य-सृष्टि उसकी इच्छानुसार रूप-रंग बदलती रहती है। प्रजापति के समान वह भी अपूर्व निर्माण की क्षमता से सम्पन्न है। उसका काव्य-जगत् सदैव उसका इच्छानुवर्ती रहता है।[7] अभिनव और मम्मट ने कवि को ब्रह्मा से भी उच्चतर पद पर प्रतिष्ठित किया है। अभिनव के मतानुसार कवि की वाणी ब्रह्मा से भी उत्कृष्ट है क्योंकि जहाँ ब्रह्मा की शक्ति परिच्छिन्न है

१ वही, अध्याय १२
२ काव्यानुशासन, अध्याय ८, सूत्र १ की वृत्ति
३ ध्वन्यालोक, उद्योत ३ पृ ५०८ का लोचन (बालप्रिया संस्करण, चौखम्बा १९४० ई)
४ काव्यप्रकाश, उल्लास १, कारिका २
५ व्यक्ति-विवेक २, ११८
६ ध्वन्यालोक, उद्योत ३, कारिका ४३ की वृत्ति पृ. ४९८
७ अभिनवभारती, भाग १ पृ ४

करण के लिए कवि-स्वभाव को आधार स्वीकार कर उन्होंने काव्य के मूलवर्ती तथा उसके समस्त अंग-प्रत्यंगों को प्रभावित करने वाली कवि-सत्ता को रेखांकित किया है।[1] अलंकारगत चारुत्व में 'कवि-प्रतिभा-निर्वर्तितत्व' का निर्देश कर कुन्तक, मम्मट, रुय्यक व जयरथ आदि ने कवि-व्यक्तित्व के महत्त्व को अङ्गीकार किया है। इस प्रकार रस-ध्वनिवादी तथा वक्रोक्तिवादी आचार्यों व उनके अनुयायियों के अनुसार काव्यात्मक अभिव्यक्ति का सौन्दर्य कवि की विशिष्ट अनुभूति या उसके व्यक्तित्व की ही देन है। किन्तु यहाँ यह निर्देश करना आवश्यक है कि संस्कृत आलंकारिकों ने काव्य के मूल में जिस कवि-व्यक्तित्व को प्रतिष्ठा दी है वह कवि का लौकिक व्यक्तित्व नहीं है, अपितु काव्य-व्यक्तित्व है। कवि लौकिक भाव-भूमि पर अवस्थित होकर काव्य-सृजन में प्रवृत्त नहीं होता, अपितु उसका एक अलौकिक और विशिष्ट काव्य-व्यक्तित्व ही उसकी कृति में प्रकाशित होता है। जिस प्रकार सहृदय की रसानुभूति एक अलौकिक अनुभव है, उसी प्रकार कवि की सर्जनात्मक अनुभूति भी वस्तुतः अलौकिक ही है। अभिनव के मत में काव्य या नाट्य का मूल कविगत साधारणीभूत संवित् (अनुभूति) है।[2] यही संवित् परमार्थतः रस है। काव्य इसी रसात्मक संवित् की शब्दार्थमयी अभिव्यंजना है जिसके माध्यम से सहृदय भी कविगत रस-संवित् का साक्षात्कार करने में समर्थ हो जाता है। इस दृष्टि से कवि भी सामाजिक के तुल्य ही है—'कविर्हि सामाजिकतुल्य एव'।[3] भट्ट तौत के अनुसार नायक, कवि और श्रोता तीनों का अनुभव समान होता है। भरत मुनि ने 'कवेरन्तर्गतं भावं भावयन्भाव उच्यते' भाव की इस परिभाषा द्वारा इसी सत्य की ओर इंगित किया है।[4]

अभिनव के अनुसार कविगत रस ही काव्य का बीज है, काव्य वृक्ष है तथा नाट्यगत अभिनयादि पुष्पस्थानीय हैं एवं सामाजिक का रसास्वाद फल है।[5] इस प्रकार समस्त काव्य-प्रक्रिया एक जीवन्त, अखण्ड व विकासशील प्रक्रिया है जिसका प्रारम्भ कवि में और पर्यवसान सहृदय में होता है। इस प्रकार यह काव्य-विश्व अथ से इति तक रसमय ही है। अतः कवि काव्य में अपनी जिस अनुभूति को वाग्बद्ध करता है वह उसके लौकिक व्यक्तित्व से सम्बन्ध नहीं रखती, प्रत्युत उसके अलौकिक काव्यात्मक व्यक्तित्व की अमूल्य निधि है। 'शृंगारी

१ वही १, २४
२ अभिनवभारती, भाग १, पृ. २९४
३. ध्वन्यालोक, उद्योत १, कारिका ६ का लोचन
४ नाट्यशास्त्र, अध्याय ७, श्लोक २
५ अभिनवभारती, भाग १, पृ २९४

पार्यन्तिक प्रयोजन घोषित किया है।[1] उनके अनुसार कवि को कीर्ति से प्रीति की ही प्राप्ति होती है। यद्यपि काव्यानुशीलकों को काव्य में प्रीति के अतिरिक्त व्युत्पत्ति का भी लाभ होता है परन्तु इन दोनों में प्रीति ही प्रधान है, अन्यथा काव्य में कान्तासम्मितत्व की क्या विशेषता रह जायेगी ? अत: आनन्द ही काव्य का, कवि व सहृदय दोनों की दृष्टि से, प्रमुख प्रयोजन है। धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की व्युत्पत्ति से भी अन्तत: आनन्द की ही उपलब्धि होती है।[2] इसी प्रकार मम्मट ने भी 'सद्य परनिर्वृति' को ही काव्य का मौलिभूत प्रयोजन स्वीकार किया है।[3]

उक्त विवेचन के निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि रस व ध्वनिवादी आचार्यों के मत में कवि अपनी काव्य-सर्जना में किसी लौकिक या व्यावहारिक प्रयोजनवशात् प्रवृत्त नहीं होता, उसका पारमार्थिक प्रयोजन आनन्द-लाभ ही है, यद्यपि व्यावहारिक स्तर पर अर्थ-प्राप्ति, यश व अमंगल-नाश आदि भी प्रयोजन कहे गये हैं। यदि रसवाद की दृष्टि से भी विचार करें तो भी प्रीति या आनन्द को काव्य का प्रयोजन मानना समीचीन प्रतीत नहीं होता, क्योंकि आनन्द या रस की अनुभूति तो काव्य-प्रक्रियागत सर्जना और आस्वादन का आवश्यक लक्षण है अत: उसे प्रयोजन कैसे कहा जा सकता है ? वह तो वस्तुत: काव्य की प्रकृति है, प्रयोजन नहीं। आनन्द या प्रीति को काव्य का चरम प्रयोजन स्वीकार करते हुए रसवादी आचार्यों ने एक प्रकार से काव्य-विषयक निष्प्रयोजनवाद की ही स्थापना की है। काव्य-विषयक इस आनन्दवाद को हम पश्चिम के 'कला कला के लिए' सिद्धान्त का भारतीय संस्करण कह सकते हैं।

अभिनवगुप्त ने ध्वन्यालोक के प्रथम उद्योत की पंचम कारिका की व्याख्या करते हुए आदि कवि वाल्मीकि के शोक की श्लोक-परिणति के संदर्भ में काव्य-सर्जन की मूल प्रेरणा व प्रक्रिया का बड़ा गंभीर विवेचन किया है। उनके अनुसार निषाद द्वारा शरविद्ध क्रौञ्च को देख कर शोकाकुल क्रौञ्ची आक्रन्द कर उठी। वाल्मीकि का संवेदनशील हृदय महानुभूतिवशात् क्रौञ्ची के साथ क्रमशः हृदय-संवाद व तन्मयीभवन का अनुभव करता हुआ लौकिक शोक से भिन्न अत: करुण रस में परिणत अपनी ही शोकानुभूति में निमग्न हो गया। वाल्मीकि द्वारा अनुभूत यह शोक न लौकिक था और न व्यक्तिगत ही। यद्यपि उसका मूल आधार क्रौञ्ची का लौकिक शोक ही था, परन्तु क्रौञ्ची के आक्रन्द आदि अनुभावों की चर्वणा से वाल्मीकि के हृदय में उद्बुद्ध शोक एक अलौकिक व साधारणीकृत अनुभव बन गया था। जिस प्रकार जल से परिपूर्ण कुंभ छलकने लग जाता है या तीव्र

१. ध्वन्यालोक, उद्योत १, कारिका १ का लोचन पृ. ४०-४१
२ वही
३. काव्यप्रकाश, उल्लास १, २ की वृत्ति

संवाद एवं तन्मयीभवन के द्वारा साधारणीकृत संवित् (अनुभूति) का अनुभव करता है। यही संवित् काव्य का उत्स है। अतः अभिनव के अनुसार काव्य में अभिव्यक्त अनुभूति निर्वैयक्तिक और अलौकिक होती है। यही कारण है कि उसमें सहृदय के चित्त में भी रसानुभूति जाग्रत करने की सामर्थ्य रहती है। कवि का अनुभव ही अन्ततः सहृदय का अनुभव बनता है। अतः यह अनिवार्य है कि कवि को भी साधारणीकृत भावों के माध्यम से रसानुभूति हो।

अभिनव ने अन्यत्र भी कवि-हृदय की सहज भाव-स्फूर्ति के रूप में काव्य का निरूपण किया है। ध्वन्यालोक की एक कारिका में प्रयुक्त 'निःष्यन्दमाना' शब्द की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा है—'दिव्यमानन्दरसं स्वयमेव प्रस्नुवाना, इत्यर्थः' अर्थात् कवि की सरस्वती स्वयं ही कविगत रसरूप दिव्य आनन्द को प्रवाहित करती है। इस सम्बन्ध में उन्होंने भट्टनायक का एक श्लोक उद्धृत किया है जिसके अनुसार काव्य-सर्जना की प्रक्रिया वत्स के स्नेह से द्रवित धेनु के दुग्ध-निष्यन्दन के समान सहज-स्फूर्त होती है। ध्वन्यालोक की अन्तिम कारिका में ध्वनिकार ने काव्य-सर्जन की इसी अप्रयत्नप्रसूत प्रक्रिया का निर्देश करते हुए कहा है कि स्वयं भगवती सरस्वती ही सुकवि की काव्य-वस्तु का निर्माण कर देती है, उसके लिए कवि के अपने व्यापार की आवश्यकता नहीं होती। इस प्रकार ध्वनिकार, आनन्दवर्धन तथा अभिनव तीनों के अनुसार काव्य कवि के हृदयस्थ रस की ही स्वतः स्फूर्त अभिव्यक्ति है।

संस्कृत काव्य-चिन्तकों ने काव्य-प्रयोजनों के समान काव्य-हेतुओं का भी विस्तृत निरूपण किया है। मुख्यतः शक्ति या प्रतिभा, व्युत्पत्ति या निपुणता एवं अभ्यास को काव्य का कारण माना गया है। आचार्यों में दो बातों को लेकर मतभेद रहा है—(१) उक्त तीन हेतु सम्मिलित रूप में काव्य के कारण हैं या पृथक् पृथक्, (२) काव्य-निर्माण में इनका परस्पर क्या संबन्ध व अनुपात है? प्रायः सभी आचार्यों ने शक्ति या प्रतिभा को काव्य-सर्जना का मुख्य हेतु स्वीकार किया है यद्यपि व्युत्पत्ति और अभ्यास के आपेक्षिक मूल्य व योगदान के विषय में उनका मतैक्य नहीं है।

च तदन्वयव्यतिरेकौ न सम्भवतः । असम्भवति चास्मिन् सर्वत्र महती अव्यवस्था स्यात् शब्दार्थालङ्कारयोश्च भेद एव न प्रसज्येत ।

ब्रह्मानन्द शर्मा मया न हि प्रोक्तं यत् सर्वथा तयोरभेदः । मया केवलमेतत् प्रोक्तं यत् बोधतत्त्वदृष्ट्या, ज्ञानतत्त्वदृष्ट्या वा यौ शब्दार्थौ तावेव सौन्दर्यदृष्ट्या अलङ्कारः । अत्र केवलं दृष्टिभेदः ।

वेंकटाचलम् सौन्दर्यदृष्टिर्बोधदृष्टिश्च इति दृष्टिद्वयं भवद्भिः स्थापयितुमिष्यते परन्तु सौन्दर्यस्यापि बोधो भवति । अतः सौन्दर्यदृष्टेर्बोधदृष्टावेव कथं नान्तर्भावः ?

ब्रह्मानन्द शर्मा सर्वस्यापि बोधो भवति किन्तु सौंदर्यबोधो भिन्नः अर्थबोधश्च भिन्नः । (बोधः—अर्थबोधः, न तु बोधसामान्यम्) अर्थबोधं विचार्य यदि [भेदः क्रियते] तर्हि तत्र तु अर्थस्यैव प्राधान्यम् सौन्दर्यदृष्ट्या [तु अलङ्कारस्य]

वेंकटाचलम् वयं तावत् प्रथमं स्पष्टं जिज्ञासामहे कीदृशी भवता मनसि अभेदस्य धारणा विद्यते ?

ब्रह्मानन्द शर्मा एषा धारणा यत् मुखे यत् कुरूपता सौन्दर्यं वा विद्यते तस्य स्वरूपं मुखाद् भिन्नं न किमपि विद्यते । मुखमेव तत् । एवमेव अलङ्कारा अपि न बाह्यरूपा अपि तु शब्दार्थरूपा एव । लोके यथा अलङ्कारालङ्कार्ययोर्भेदो विद्यते—यथा अलङ्कारा शरीरात् अपनेतुं शक्यन्ते न तथा काव्ये । तत्र तु ते न "हारादिवद्" वर्तन्ते अपि तु मुखे सौन्दर्यादिवत् यतो हि तेषाम् अस्तित्वं शब्दार्थयोर्भिन्नं न सम्भवति । यथा सौन्दर्यं मुखरूपमेव तथैव शब्दालङ्कारः रम्योच्चारणरूपः, अर्थालङ्कारश्च अर्थावबोधरूपः ।

रे० प्र० द्विवेदी. यदि गुणगुणिनोर्भेदो भवता न मन्यते तदा 'गुणी' एव कथ्यताम् । कथं गुणस्य ग्रहणम् ? अलङ्कारो भावरूपः शब्दार्थौ तु द्रव्यरूपौ । यथा भावद्रव्ययोर्भेदं भवद्भिः स्वीक्रियते तथैव अलङ्कारस्य (सौन्दर्यस्य) द्रव्यरूपाद् शब्दाद् अर्थाच्च भेदोऽवश्यमेव स्वीकार्यः । अयं भेदो व्यावहारिकः । यदि भवता दर्शनमाश्रित्य किञ्चिद् विचार्यते तदा त्वन्यत् । तत्र तु सर्वमेव ब्रह्मात्मकं भवति ।

रामचन्द्र द्विवेदी: जयरथस्य विमर्शिन्या टिप्पण्येका वर्तते यत् यद्यपि परमार्थेन सर्वं ब्रह्मात्मकं भवति किन्तु यथा मनुष्ये एव 'जीव' इत्यस्य व्यवहारः क्रियते तथैव काव्यशब्दार्थसन्दर्भे एव रसस्य

संस्कृत-समीक्षाशास्त्र और हिन्दी-आलोचना

डा० उदयभानु सिंह

हिंदी-आलोचना के दो मुख्य उत्तमर्ण हैं (१) संस्कृत का समीक्षाशास्त्र, और (२) पाश्चात्य (प्रधानतया अंगरेजी) साहित्यालोचन। हिंदी-आलोचना पर इन दोनों स्रोतों का प्रभाव दोहरा है (१) साहित्यिक मानदंडों की स्वीकृति, और (२) साहित्य-समीक्षा में उन मानदंडों के प्रयोग की पद्धति का अनुसरण। इन दोनों के प्रतिफल-स्वरूप एक तीसरा प्रभाव भी उल्लेख्य है संस्कृत-काव्यशास्त्र और पाश्चात्य साहित्यालोचन की पारिभाषिक शब्दावली का अविकल, परिवर्तित अथवा अनूदित रूप में प्रयोग।

"समीक्षा" और "आलोचना" को ही लीजिए। आधुनिक हिंदी-साहित्य में प्रचलित ये शब्द व्युत्पत्ति की दृष्टि से संस्कृत के ही शब्द हैं किंतु स्वगुणार्थ की दृष्टि से वे अंगरेजी "क्रिटिसिज्म" के समशील हैं। इस पर से यह क्षिप्रानुमान नहीं कर लेना चाहिए कि वे संस्कृत की साहित्यशास्त्रीय विचारधारा से सर्वथा विच्छिन्न हैं। शास्त्र-भेदों का निरूपण करते हुए राजशेखर ने समीक्षा को "अन्तर्भाष्य" और "अवान्तरार्थविच्छेद" कहा था। काव्य के संदर्भ में ये लक्षण उसके तत्त्वाभिनिवेशी विवेचन का संकेत करते हैं।

दर्शन, विचारणा, विवेचन आदि अर्थों में परंपरा-प्रयुक्त "आलोचना" का सूत्र अभिनवगुप्त के "लोचन" से मिलाया जा सकता है। आलोचना का मुख्य उद्देश्य है भावक को वह दृष्टि प्रदान करना जिसकी सहायता से वह आलोच्य वस्तु के मर्म को भली भाँति ग्रहण कर सके। "ध्वन्यालोकलोचन" के प्रथम उद्योत के अंत में अभिनवगुप्त ने कुछ इसी प्रकार की बात कही थी :

किं लोचनं विनालोको भाति चन्द्रिकयापि हि।
तेनाभिनवगुप्तोऽत्र लोचनोन्मीलनं व्यधात्॥

हिंदी-भाषा-साहित्य संस्कृताश्रयी है। फलत संस्कृत-समीक्षाशास्त्र में प्रयुक्त रस, अलंकार आदि से संबद्ध शब्दावली का हिंदी-आलोचना में तथैव व्यवहार होता आया है। यह और बात है कि मूल प्रयोक्ताओं के तात्पर्य से अनभिज्ञ होने के कारण एकाध आलोचकों ने कतिपय शब्दों का मनमाने ढंग से अर्थ-परिवर्तन कर दिया है, कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी हो गया है। "साधारणीकरण", "तादात्म्य", "आनन्दरस" आदि ऐसे ही शब्द हैं।

आधुनिक हिंदी-समीक्षा में प्रचलित यथार्थवाद, आदर्शवाद, अभिव्यंजनावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नयी कविता, ठोस कविता, अ-कविता, युग-बोध, साहित्य-

संस्कृत-समीक्षा-शैली के विविध रूप हिन्दी-आलोचना में भी प्रतिफलित हुए हैं। संस्कृत-साहित्य में आलोचना की दो प्रमुख पद्धतियाँ दिखायी देती हैं (१) आचार्य-पद्धति, और (२) टीका-पद्धति। आधुनिक साहित्य-समीक्षा के दो स्पष्ट विभाग सर्वमान्य हैं (१) सैद्धान्तिक समीक्षा, और (२) व्यावहारिक समीक्षा। आचार्य-पद्धति पर लिखित "ध्वन्यालोक", "काव्यप्रकाश" आदि ग्रंथ सैद्धान्तिक समीक्षा के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। 'काव्यमीमांसा" में निर्दिष्ट शास्त्रभेद (वृत्ति, पद्धति, भाष्य, समीक्षा, टीका, पंजिका, कारिका और वार्तिक) समीक्षाशास्त्र के संदर्भ में, अपनी सैद्धान्तिक विवेचना की विशिष्टता के कारण, आचार्य-पद्धति के ही विभिन्न रूप हैं।

संस्कृत-आचार्यों ने रस, अलंकार, ध्वनि आदि के शास्त्रीय निरूपण के क्रम में प्रायः अन्यरचित और कभी-कभी स्वरचित उदाहरणों द्वारा[1] अपने सिद्धान्तों का स्पष्टीकरण किया है। सिद्धान्त-प्रतिपादन ही उनका प्रधान उद्देश्य रहा है, लक्ष्य कृतियों का विवेचन गौण। लक्षण-उदाहरण के द्वारा शास्त्रीय समीक्षा की यह परिपाटी हिंदी-आलोचना में १६वीं शती ई० से लेकर २०वीं शती ई० तक चलती रही है। १८वीं-१९वीं शती वि० में तो आचार्यत्वाभिलाषी कवियों ने इतने अधिक रीति-ग्रंथों का प्रणयन किया कि उन दो शतियों को हिंदी का रीतिकाल कहा जाता है। भारतीय भाषाओं के इतिहास में यह "रीतिकाल" हिंदी की ही विशेषता है।

संस्कृत के आचार्य तत्त्वतः आचार्य थे। हिंदी के तथाकथित आचार्य मूलतः कवि थे। अतः "ध्वन्यालोक", "काव्यप्रकाश" आदि की कारिकाओं तथा वृत्तियों और "ध्वन्यालोकलोचन", "अभिनवभारती" आदि टीकाओं में जो सूक्ष्म-विवेचन-शैली मिलती है वह हिंदी के रीतिग्रंथों में दृष्टिगोचर नहीं होती। पद्यबद्ध होने के कारण इनमें विषय-विवेचन का वैशद्य नहीं है। "रसरहस्य" (कुलपति), "व्यंग्यार्थकौमुदी" (प्रतापसाहि) आदि कुछेक कृतियाँ ही ऐसी हैं जिनमें गद्यबद्ध वृत्ति पायी जाती है। उनमें भी तत्त्वाभिनिवेशी व्याख्यान नहीं है। संस्कृत-आचार्यों ने बहुधा अन्यरचित उदाहरण दिये थे। अधिकतर हिंदी-रीतिकवियों ने स्वरचित उदाहरण दिये हैं। हिंदी के रीतिकाल में विद्यमान संस्कृत के पंडितराज जगन्नाथ में भी इस युगीन प्रवृत्ति[1] का पाया जाना आकस्मिक नहीं है। हाँ, हिंदी में अपवादस्वरूप "तुलसीभूषण" (रसरूप, १७५४ ई०) जैसा अलंकार-ग्रंथ भी उपलब्ध है जिसमें केवल तुलसी के

१. निर्माय नूतनमुदाहरणानुरूपं काव्यं मयात्र निहितं न परस्य किंचित्।
—रसगंगाधर, १।६

विवेचन की आवश्यकता नही है। परिगिनज्ञानकला हि बुद्धय । अत टीकाकारो ने अर्थ के व्याख्यानपूर्वक रचनागत लालित्य (रस, अलकार, ध्वनि आदि) का पर्याप्त सक्षिप्त निर्देश किया है। उदाहरणार्थ "कृत न कर्णार्पितबन्धन सखे " की टीका मे राघवभट्ट ने वाच्य अथवा व्यग्य-रूप मे प्रतीत शब्दार्थालकारो का, लक्षणा तथा व्यजना के रमणीय व्यापार का, आलबन शकुन्तला के रूप-चित्रण का, और आश्रय दुष्यत की मनोदशा का सारगर्भित निर्देश किया है।[1] टीकाकारो की दृष्टि कही-कही पर पाठालोचन की ओर भी गयी है।[2]

हिंदी मे "हरिप्रकाश", "अमरचद्रिका", "मानस-पीयूष", "बिहारी-रत्नाकर" आदि टीकाएँ इसी प्रकार की रचनाएँ हैं। किसी ने व्यास-शैली अपनायी है, किसी ने समास-शैली। टीका-पद्धति को हम आधुनिक व्याख्यात्मक आलोचना का पूर्वरूप कह सकते हैं। वस्तुत पाठक के लिए व्याख्यात्मक आलोचना जितनी उपयोगी है उतनी प्रभावाभिव्यजक या निर्णयात्मक आलोचना नही, क्योंकि रचना के अर्थ-ग्रहण के बिना काव्यनिष्ठ सौंदर्य की प्रतीति सभव नही है। हिंदी के आलोचक-शिरोमणि रामचन्द्र शुक्ल ने सूर, तुलसी आदि के अनेक पद्यो की समीक्षा व्याख्यात्मक शैली मे ही की है।

पूर्वोक्त पद्धतियो के अतिरिक्त दो एकागी समीक्षा-प्रणालियाँ भी सस्कृत-परपरा मे दृष्टिगोचर होती हैं जिन्हें हम सूक्ति-पद्धति और खडन-पद्धति कह सकते हैं। अनेक सूक्तियो मे कालिदास, बाण आदि कवियो के काव्य-वैशिष्ट्य की प्रशसात्मक आलोचना उपलब्ध होती है।[3] इस प्रकार की परपरा हिंदी मे भी चलती रही है।[4] कतिपय सूक्तियो मे तुलनात्मक समीक्षा का आभास भी

१. उदाहरणार्थ - अभिज्ञानशाकुन्तल, ६।१८ पर अर्थद्योतनिका

२ शिशुपालवध, १।६० पर सर्वंकषा—विलासिनीविभ्रमदन्तपत्रिका इति ज्यायान् पाठः। अन्यथा विप्रकृष्टार्थप्रतीतिकत्वेन क्लिष्टाख्यार्थदोषापत्ते.।

३. निर्गतासु न वा कस्य कालिदासस्य सूक्तिषु।
प्रीतिर्मधुरसार्द्रासु मजरीष्विव जायते ॥ —बाणभट्ट
रुचिरस्वरवर्णपदा रसभाववती जगन्मनो हरति।
सा किं तरुणी न हि न हि वाणी बाणस्य मधुरशीलस्य ॥ —धर्मदास

४ (क) सतसैया के दोहरे ज्यो नावक के तीर।
(ख) समुझै कविता घनआनँद की हिय आँखिन नेह की पीर तकी।
—ब्रजनाथ
(ग) भाट को देन न चहै बिदाई। पूछै केसव की कविताई ॥

दर्शन की भाँति ध्वनि को काव्य का प्राणतत्त्व स्वीकार किया है।[1] रीति, वक्रोक्ति या औचित्य को हिंदी-आचार्यों ने काव्य का प्रतिमान नहीं माना। कारण यह है कि उत्तरकालीन संस्कृत-समीक्षाशास्त्रियों ने इन्हें काव्यात्मा न मानकर काव्योपकारक तत्त्व में ही इनकी संक्षिप्त विचार-चर्चा की थी, हिंदी के रीति-ग्रंथकार उसी मार्ग पर चले और रीति आदि के आपेक्षिक महत्त्व को और भी घटा दिया। बड़ी विचित्र बात है कि सुप्रतिष्ठित ध्वनि-सिद्धांत को उन्होंने अपेक्षित गौरव नहीं दिया। केशवदास जैसे दिग्गज पंडित ने उसकी एकदम उपेक्षा कर दी है। संभवतः दरबारी वातावरण में कठिन विषय का विवेचन संभव नहीं था।

संस्कृत-समीक्षाशास्त्र संस्कृत (और प्राकृत) की लक्ष्य रचनाओं पर आश्रित था। हिंदी-समीक्षाशास्त्र पौने चार सौ वर्ष तक संस्कृत-लक्षणग्रंथों पर ही अव-लंबित रहा। आधुनिक शास्त्र-संपत्ति का अधिकांश या तो संस्कृत का दाय है या पश्चिम से आयात है। हिंदी का अपना आलोचनाशास्त्र नहीं है। बहुत वर्षों से इसकी चर्चा सुनी जा रही है, लेकिन अभी तक हिंदी के ललित साहित्य को लक्ष्य मानकर उनके आधार पर व्यापक आलोचना-शास्त्र का प्रणयन नहीं हुआ। कुछ आलोचक भारतीय और पाश्चात्य समीक्षा-सिद्धांतों की खिचड़ी पका रहे हैं, बीच-बीच में हिंदी के उदाहरण भी दे देते हैं, यह ठीक है कि ग्राह्य को ग्रहण करना अनुचित नहीं है और तुलनात्मक अध्ययन की भी उपयोगिता है, परन्तु अनुकरण हेय है और समीक्षाशास्त्र-निर्माण का यह ढंग वैज्ञानिक नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि आगमनात्मक विधि से हिंदी-साहित्य में उपलब्ध तथ्यों की परीक्षा करके सिद्धांतों की स्थापना की जाए।

संस्कृत-समीक्षाशास्त्र का प्रवर्तन नाट्यशास्त्र से हुआ। रस की निष्पन्नता नाट्य में ही मानी गयी, श्रव्य काव्य में उसकी प्रतिष्ठा बाद में हुई। उसका विशद विवेचन नाट्यशास्त्रीय ग्रंथों और उनकी टीकाओं में किया गया। हिंदी-समीक्षाशास्त्र का आरंभ काव्य से हुआ, क्योंकि आधुनिक काल के पूर्व का हिंदी-साहित्य कविता का ही साहित्य है। यही कारण है कि मध्ययुग में नाट्य-शास्त्रीय ग्रंथ नहीं लिखे गये।

संस्कृत-समीक्षाशास्त्र में अलंकार तथा रस का अपेक्षाकृत अधिक विवेचन हुआ है, और तदनुसार हिंदी में भी। हिंदी के एकाध आलोचकों को यह मोह है

१. व्यंग जीव ताको कहत शब्द अर्थ है देह।
गुन गुन भूषन भूषणै दूषण दूषन एह॥—रसरहस्य (कुलपति), १।३४
व्यंग्य प्रान अरु अंग सब शब्द अर्थ पहिचानि। —रसपीयूषनिधि
(सोमनाथ), ७।६

संग्रहकारों की परंपरा चल पड़ी थी। मम्मट, विश्वनाथ आदि स्वतंत्र विचारक न होकर संग्रहकर्ता ही हैं।[1] हिंदी में १६ वीं शती ई० से लेकर १९ वीं शती ई० तक संस्कृत के काव्यालोचन-सिद्धांतों की ही उद्धरणी होती रही, उसी प्रकार काव्य के प्रयोजन, हेतु, लक्षण, गुण-दोष आदि का निरूपण किया जाता रहा। संस्कृत के अनुकरण पर हिंदी में भी दो प्रकार के शास्त्र-ग्रंथ लिखे गये : "काव्य-प्रकाश" आदि की भाँति विविधांग-निरूपक[2], और "कुवलयानन्द" आदि की भाँति एकांग-निरूपक।[3]

हिंदी-रीतिग्रंथों के अध्ययन से विदित होता है कि केशवदास, कुलपति, भिखारीदास आदि कुछ को छोड़कर अधिकतर रीतिकवि पल्लवग्राही पंडित थे। उन्होंने संस्कृत के गिने-चुने ग्रंथों[4] से सामग्री ग्रहण की। उनका मुख्य उद्देश्य संस्कृत-काव्यशास्त्र को हिंदी में प्रस्तुत करके सबके लिए बोधगम्य बनाना था।[5] उन्होंने न तो समस्त उपलब्ध ग्रंथों का अभिनिवेशपूर्वक अध्ययन किया और न ही विवेच्य विषय का प्राञ्जल प्रतिपादन। किसी-किसी ने नवीन अलंकारों की खोज की[6], अलंकारों का नये ढंग से वर्गीकरण किया[7], नयी नायिकाओं की उद्भावना की,[8] परन्तु शास्त्रीय सिद्धांतों का प्रौढ़ उपस्थापन नहीं हुआ। इस अभाव

१ उत्तर-काल में रूपगोस्वामी, मधुसूदन सरस्वती, पंडितराज जगन्नाथ आदि में निस्संदेह मौलिकता पायी जाती है। लक्ष्य बात यह है कि हिंदी-आचार्यों पर उनका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

२. कविप्रिया (केशवदास, १६०१ ई०,) कविकुलकल्पतरु (चिंतामणि, १६५० ई०), रसपीयूषनिधि (सोमनाथ, १७३४ ई०), काव्यनिर्णय (भिखारी दास, १७४६ ई०), काव्य-कल्पद्रुम (कन्हैयालाल पोद्दार, १९३४-३६ ई०), काव्य-दर्पण (रामदहिन मिश्र, १९४७ ई०) आदि।

३ यथा : अलंकार, रस, नायिकाभेद आदि के पूर्वोक्त ग्रंथ।

४ काव्यप्रकाश (मम्मट), साहित्यदर्पण (विश्वनाथ), चन्द्रालोक (जयदेव), कुवलयानन्द (अप्पय्य दीक्षित), रसतरंगिणी, रसमंजरी (भानुमिश्र) आदि।

५. जिनी देववानी प्रगट है कविता की घात।
ते भाषा में होंहि तो सब समझैं रस बात॥ —रसरहस्य, १।१४

६. स्वगुण अलंकार (भिखारीदास), यन्दतालंकार (रसरूप) आदि।

७ सामान्य और विशिष्ट (केशवदास), उपमा आदि ग्यारह वर्ग (भिखारीदास)

८. परिवार-प्रेमिका, देश-प्रेमिका, लोक-सेविका आदि (हरिऔध)

आदि आचार्यों के मतों की प्रतिध्वनि-मात्र है। उस परंपरा-प्रथित रस के निकष पर नयी कविता खरी नहीं उतरती। स्वयं संस्कृत के काव्यशास्त्र में रस काव्य का अकेला मानदंड नहीं रहा। रस को श्रेष्ठ मानने वालों ने भी वस्तु-अलंकार-ध्वनियों को पर्याप्त महत्व दिया है, और, उन आचार्यों ने जिसे अधम काव्य कहा है वह भी तो काव्य ही है। उसमें रस कहाँ है? नयी कविता कही जाने वाली कुछ ऐसी रचनाएँ मिल जाती हैं जिनमें रसाभिव्यक्ति है, परंतु कविता मानी जाने योग्य अधिकांश रचनाएँ ऐसी है जिनमें अभिनवगुप्त का "रस" नहीं मिलेगा।

अतएव हमारी मान्यता है कि ध्वनि-सिद्धांत आज भी ग्राह्य है। इसका यह तात्पर्य नहीं है कि नये कवियों और आलोचकों को ध्वनि के १०४५५ भेद कंठस्थ कराये जाएँ। मेरा अभिप्राय मूल सिद्धांत से है। तीन छोटे-छोटे उद्धरणों द्वारा अपने इस कथन की पुष्टि करना चाहूँगा।

गजानन मुक्तिबोध का "एक आत्मवक्तव्य" उनकी श्रेष्ठ कविताओं में परिगणित है, उनकी आरंभिक पंक्तियाँ हैं

.. और, अब
मेरा सिर दुखने लगता है,
धुँधले-धुँधले अकेले में, आलोचनाशील
अपने में से उठे धुएँ की ही चक्करदार
सीढ़ियों पर चढ़ने लगता हूँ।

इन पंक्तियों का कवित्व किस बात में है? यदि रस में है तो बताना पड़ेगा कि कौन-सा रस है। क्या करुण रस है? कहा जा सकता है कि यहाँ पर चिंता की व्यंजना की गयी है, और चिंता संचारी भाव है, इसलिए यह वाक्य रसात्मक होने के कारण काव्य है। परंतु चिंता कह देने मात्र से इसकी रमणीयता की व्याख्या पूर्ण नहीं होती। अधिक महत्वपूर्ण है आरंभ के तीन बिंदुओं के बाद प्रयुक्त 'और', 'धुँधले', 'धुएँ', 'चक्करदार सीढ़ियों' आदि की व्यंजना जिनके द्वारा कुंठाग्रस्त, निराशाच्छन्न तथा अपनी जटिल अनुभूतियों में घुमड़ रहे व्यक्ति का बिंब हमारी कल्पना की आँखों के सामने उभर आता है। आनंदवर्धन की 'छाया' से 'बिंब-योजना' या 'बिंबविधान' का भी अभिप्राय ग्रहण किया जा सकता है।

'गीतफरोश' भवानीप्रसाद मिश्र की प्रसिद्ध रचना है

जी हाँ हुज़ूर, मैं गीत बेचता हूँ।
मैं तरह-तरह के

इस रचना में भी ध्वनि की रमणीयता है। भूख से म्रियमाण व्यक्ति न तो कविता लिख सकता है और न कला का संरक्षण कर सकता है। विषम परिस्थितियाँ काव्य-रचना के मार्ग में बाधा भले पहुँचा लें किंतु उसके प्रवाह को रोक नहीं सकतीं।

ध्वनि-सिद्धान्त समन्वयवादी है। उसके साथ अन्य सभी सिद्धांतों की ठीक संगति बैठ जाती है। रस भी असंलक्ष्यक्रमव्यंग्य ध्वनि ही है। इसलिए नवीन परिस्थितियों को दृष्टि-पथ में रखते हुए युगधर्मानुसार उसका पुनर्व्याख्यान होना चाहिए। संस्कृत-काव्यशास्त्र का यह सिद्धान्त आज भी सर्वाधिक उपादेय है।

परिचर्चा

पु. ला. भार्गव : अपना निबंध पढ़ते हुए बीच-बीच में मौखिक रूप से आपने साधारणीकरण के संबन्ध में जो अपने विचार व्यक्त किये हैं और यह प्रतिपादित करना चाहा है कि साधारणीकरण व्यक्ति (—प्रेक्षक) के अपने अन्तःकरण का होता है और उस समय मन, बुद्धि, चित्त तथा अहंकार पृथक् पृथक् कार्य न करते हुए केवल सत्ता-मात्र रह जाते हैं तथा साधारणीकरण का तात्पर्य नाटक के नायक-नायिकादि का दर्शक से तादात्म्य नहीं है—इस सम्बन्ध में मुझे एक यह शंका है कि यदि दर्शक का नायक से तादात्म्य नहीं होता तो वह उसके सुखी या दुःखी होने पर स्वयं कैसे सुख या दुःख का अनुभव करता है और नायक अपनी जटिल परिस्थितियों से छूटने के लिये जितना व्यग्र रहता है उतनी ही व्यग्रता प्रेक्षक को भी क्यों होती है ?

द. मा. सिंह : नाटक के नायक के साथ तादात्म्य होने की बात मुझे अत्यन्त संकुचित लगती है। सब प्रकार के नायकों के साथ हमारा तादात्म्य कभी-कभी नहीं हो सकता। राम के साथ हो जाएगा, दुष्यन्त के साथ हो जाएगा किन्तु भाण और प्रहसन के नायकों के साथ नहीं हो सकता। महाकाव्य के नायक के साथ भले हो जाए पर मुक्तक के नायक से होना संदिग्ध है। जिस मुक्तक में नायक होता ही नहीं तो क्या वहाँ कवि के साथ होगा अथवा उसमें वर्णित वस्तु या भाव के साथ ? सिद्धान्त ऐसा होना चाहिये जो काव्य कहीं

रूप में रंगमंच पर देखते हैं, जिसको देख कर हमारा साधारणीकरण होता है वह उस व्यक्ति के साधारणीकरण से भिन्न है जिसने, उदाहरणार्थ, राम की कल्पना करके काव्य लिखा था, जवाहरलाल नेहरू को अपने जीवन में देखकर काव्य लिखा था या जिसने अपने जीवन के किसी प्रेम-व्यापार को लेकर कविता लिख दी थी। यह भिन्नता किस अर्थ में हो सकती है? यद्यपि मैं यह मानता हूँ कि स्वरूप में भी कुछ न कुछ अन्तर है फिर भी, क्योंकि इससे यहाँ विवाद बहुत बढ़ जाएगा, इस लिए मैं केवल यही कहूँगा कि यह अन्तर मात्राजन्य अधिक है और इसका सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि कवि को अपनी रचना पढ़ कर जो सुखानुभूति होती वह हमें नहीं होती। उसके स्वगतत्व का सर्वथा अभाव नहीं हो जाता, जब कि हमारे स्वगतत्व हो सकता है।

रा. च. द्विवेदी तब भट्टनायक के "नायकस्य कवे श्रोतु समानोऽनुभवस्ततः" इस कथन की आप कैसे व्याख्या करेंगे?

उ. भा. मिश्र इसकी पहली व्याख्या तो यह है कि 'मूढ़ परप्रत्ययनेयबुद्धि' और दूसरी यह कि—जैसा तुलसीदास जी ने कहा है, निज कवित केहि लाग न नीका। सरस होउ अथवा अति फीका—कवि को अपनी रसहीन रचना भी प्रायः सरस दिखाई पड़ती हैं। किसी साहित्यकार की एक कविता है 'वियेना की सड़क'। रंगमंच पर सुनाया करते थे 'वियेना की सड़क, वियेना की सड़क। श्यामा ठहरी, पर गई भड़क।' लोग खूब तालियाँ पीटते थे। वह सोचते थे—न जाने कितनी रसमय कविता है मेरी। अब यहाँ यह बताइये कि यदि अभिनवगुप्त की बात स्वीकार कर लें तो कवि को अपनी ही वस्तु की रसानुभूति कैसे होती है, इसे कैसे समझा जाएगा?

वेंकटाचलम् : रसानुभूति में तो श्रेणियाँ मानी जा सकती हैं पर तादात्म्य अनुभूति में हम अपनी बुद्धि आदि के चित् में विलयीकरण की श्रेणियाँ कैसे स्वीकार कर सकते हैं, यह मुझे अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ।

उ. भा. मिश्र यदि किसी दूसरे का ही प्रमाण लेना हो तो मैं मधुसूदन सरस्वती को उद्धृत कर सकता हूँ। उन्होंने रसानुभूति में जो तारतम्य की बात कही है वह साधारणीकरण के विषय में भी सत्य है। क्योंकि रसानुभूति और साधारणीकरण एक दूसरे से नियमतः संबद्ध हैं।

प्राच्य एवं पाश्चात्य काव्यशास्त्र में बिम्ब-सिद्धान्त

डा० रामगोपाल शर्मा 'दिनेश'

संस्कृत-काव्यशास्त्र संसार का सर्वाधिक वैज्ञानिक एवं सुचिन्तित काव्य-शास्त्र है। त्रिकाल-दर्शी आचार्यों ने काव्य-रचना के सभी पक्षों पर अनेक दृष्टि-कोणों से विचार किया है। रस, वक्रोक्ति, रीति, ध्वनि, अलंकार, औचित्य आदि सिद्धान्तों का पृथक्-पृथक् सम्प्रदायों के रूप में शताब्दियों तक आख्यान-पुनराख्यान होता रहा है और संस्कृत-साहित्य की परम्पराओं से विकसित आधुनिक भारतीय भाषाओं के साहित्यों में भी अद्यावधि इन सिद्धान्तों पर चर्चा-परिचर्चा ही नहीं गम्भीर विचारणा भी चलती रहती है। काव्यशास्त्रीय चिन्तन, विश्लेषण और मतस्थापन की इस सुदीर्घ प्राच्य-परम्परा में 'बिम्ब' एक सिद्धान्त के रूप में अब तक प्रतिष्ठित नहीं हो सका है। हिन्दी के उन विद्वानों ने, जिन्होंने प्राच्य और पाश्चात्य दोनों काव्यशास्त्रों का अध्ययन एवं विश्लेषण किया है, बिम्ब-सिद्धान्त को पूर्णतः एक पाश्चात्य काव्य-सिद्धान्त ही घोषित किया है। अतः यहाँ प्रस्तुत विषय पर विचार करने के लिए आरम्भ में ही यह स्पष्ट समझ लेना आवश्यक है कि बिम्ब-सिद्धान्त को भारतीय काव्य-सिद्धान्त के रूप में संस्कृत-काव्यशास्त्र में खोज निकालना हमारा लक्ष्य नहीं है। हम इस सिद्धान्त पर शुद्ध पाश्चात्य सिद्धान्त के रूप में ही विचार करेंगे, किन्तु हमारा लक्ष्य यह होगा कि हम संस्कृत-काव्यशास्त्र की मान्यताओं के सदर्भ में इस बात की परीक्षा करें कि इस सिद्धान्त की भारतीय काव्य-सिद्धान्तों के मध्य क्या स्थिति है? साथ ही हम यह भी देखने की चेष्टा करेंगे कि क्या इस सिद्धान्त को एक पूर्ण काव्य-सिद्धान्त के रूप में स्वीकार करना उचित है? हमारे अध्ययन का यह लक्ष्य भी होगा कि हम पता लगाएं कि आधुनिक काव्य के मूल्यांकन में उसकी क्या उपयोगिता है या हो सकती है?

'बिम्ब-सिद्धान्त' : व्याख्या

काव्य के सदर्भ में अनुभूति और अभिव्यंजना के भिन्न-भिन्न पक्षों पर विचार करते समय हिन्दी के कई आचार्यों ने 'बिम्ब' की चर्चा की है। ऐसे आचार्यों में रामचन्द्र शुक्ल, डा० श्यामसुन्दरदास, लक्ष्मीनारायण 'सुधांशु', डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी और डा० नगेन्द्र मुख्य हैं। नई पीढ़ी के चिन्तनशील

१ किसी व्यक्ति या पदार्थ की प्रतिकृति ।

२ मूर्त और दृष्ट प्रत्यकन ।

३ एक पदार्थ के लिए किसी ऐसे मूर्त-अमूर्त पदार्थ का प्रयोग जो उसके अत्यधिक समान हो अथवा उसे व्यंजित करता हो, जैसे मृत्यु के लिए निद्रा का प्रयोग ।[१]

इन तीनों परिभाषाओं मे प्रथम परिभाषा मे कोई नया तथ्य नही, द्वितीय परिभाषा प्रतिकृति के रूप मे बिम्ब को स्वीकार करती हुई भी उसकी मूर्तता और चाक्षुषता प्रतिपादित करती है तथा तीसरी परिभाषा बिम्ब की अपेक्षा प्रतीक के अधिक निकट है ।

एन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका मे प्रस्तुत की गई परिभाषा की शब्दावली है :

"ऐसी सचेत स्मृति जो मूल उद्दीपन की अनुपस्थिति मे किसी अतीत अनुभव का समग्र अथवा अंश रूप मे पुनरुत्पादन करती है ।"[२]

इस परिभाषा मे "बिम्ब" शब्द 'सचेत स्मृति की पुनरुत्पादन क्षमता' का पर्याय बन गया है ।

वस्तुत ये परिभाषाएँ 'बिम्ब' की शाब्दिक व्याख्याएँ हैं, काव्यशास्त्रीय कम । जिन विद्वानो ने बिम्ब-सिद्धान्त पर विचार किया है, उनमे एजरा पाउण्ड, सी० डे० लीविस, लैंगर ह्वेल्, ह्यूम आदि के नाम उल्लेखनीय हैं । लीविस ने माना है कि 'काव्य बिम्ब एक प्रकार का भाव-गर्भित शब्द-चित्र है ।'[३] स्पष्ट है कि शब्द-कोशो की परिभाषाओ मे जो बिम्ब मानस और उसकी शक्तियो तक सीमित था, वह इस परिभाषा मे शब्द तक आ गया है—भाव से उत्पन्न होकर शब्दो मे बँध गया है । काव्य भी शब्दों मे भाव का ही तो आभास है । अत यह परिभाषा हमें बिम्ब के काव्यशास्त्रीय अर्थ की ओर अग्रसर करती है ।

लैंगर लिखते हैं कि 'बिम्ब ऐन्द्रिय माध्यम द्वारा आध्यात्मिक अथवा बौद्धिक सत्यो तक पहुँचने का मार्ग है ।'[४]

इस परिभाषा मे फिर शब्द से पलायन तथा मानसिकता की ओर प्रयाण है । किन्तु एक तथ्य उक्त दोनों ही परिभाषाओं से सामने आता है, वह यह है कि बिम्ब को इन दोनों विद्वानों ने साधन माना है, साध्य नहीं, जैसा कि 'शब्द-चित्र' और 'मार्ग' शब्दों से प्रकट है । टी० ई० ह्यूम ने तो स्पष्ट कहा है कि

१ काव्य-बिम्ब पृष्ठ ४
२ वही
३. वही
४. वही

मे अंकित हो चुके होते हैं, काव्य के रूप मे पुन: मूर्तित हो जाते हैं। यह शक्ति कवि की प्रतिभा के रसायन से जन्म लेती है और शब्द की जडता को ही समाप्त नहीं करती, उसकी प्रकृति को भी बदल देती है। अत: संक्षेप मे कहा जा सकता है कि काव्य-बिम्ब मूलत: एक प्रकार की काव्य-भाषा है, जो उसी व्यक्ति के पास हो सकती है, जिसके पास कवि-प्रतिभा होती है। इसी कवि-प्रतिभा के फलस्वरूप शब्द-कोष या जनसामान्य का 'जगत' शब्द 'साकेत' महाकाव्य की सीता के लिए राजभवन और साम्राज्य के अनेक सुखद चित्र प्रस्तुत कर देता है—"इन कुटिया मे ही राज-भवन मन भाया"। हम जो कुछ देखते, सुनते, सूघते, स्वाद लेते और स्पर्श करते मे अनुभव करते हैं, वह सब हमारे मानस पर अपनी भिन्न-भिन्न छवियाँ डाल कर पीछे छूटता रहता है। वे छवियाँ मानस के घोल मे सक्रमण करती रहती हैं। कवि-प्रतिभा उस सक्रमण से नई छवियाँ गढती और उन्हें शब्दों मे उतार देती है। जो शब्द उन छवियो के वाहक बन जाते हैं, वे नयी अर्थवत्ता से अनुप्राणित होकर काव्य का स्वरूप धारण कर लेते हैं। काव्य-सर्जना की इस प्रक्रिया मे जो काव्य-चेतना जन्म लेती है, वही समस्त मानस-छवियो के शब्दो मे उतरने का फल होती है।

यहाँ एक बात और स्मरण रखने की है कि बिम्ब मानस-यत्र के माध्यम से या शब्दयत्र की सहायता से की गई फोटोग्राफी नहीं है। इसीलिए बिम्ब के निर्माण मे सहज अनुभूति के साथ-साथ कल्पना भी सहायक होती है और कवि की रुचि भी। यथा, कवि भिन्न-भिन्न प्रकार के फूल देखता है। वे फूल रस, रूप, गध आदि मे अनेक अन्तर रखते हैं। उन सब की छवियाँ मानस पर अकित होती रहती हैं, किन्तु वे छवियाँ न तो पूर्णत: अपने वास्तविक रूप मे रह पाती हैं और न स्थायी ही हो सकती हैं। एक-एक क्षण मे वे अपनी झलक दिखाकर मानस के घोल में घुलती मिलती रहती हैं। वे घुलनशील छवियाँ परस्पर सश्लिष्ट होकर कवि की रुचि के अनुसार उसकी कल्पना और प्रतिभा के बल पर एक ऐसे नए फूल के रूप मे शब्दो मे प्रकट होती हैं, जो अनेक छवियो की एक छवि होता है, जो वस्तु-जगत् से आया होने पर भी वस्तुजगत् का न होकर समग्रत: प्रतिभा, रुचि और कल्पना से प्रसूत होता है। उसमे जो रग होता है, जो रूप वह धारण करता है और उसमे जो गध अनुभव होती है, वह देखे हुए किसी एक फूल की देन नहीं हो सकती। इसीलिए बिम्ब की सर्जना फोटोग्राफी नहीं है। और इसी आधार पर काव्य मे यथार्थ की माग उसी रूप मे नही की जा सकती जिस रूप मे चित्रकला मे की जा सकती है। बिम्ब की दृष्टि मे काव्य मे यथार्थ का इतना ही अस्तित्व है कि कवि जो बिम्ब-सर्जना करे वह उसके प्रत्यक्ष या परोक्ष अनुभवो पर आधारित अवश्य हो। काव्य-बिम्ब के सिद्धान्त को उसके सही अर्थ मे न समझने के कारण ही कुछ नए रचनाकारो ने काव्य मे यथार्थ की

जाय, क्योंकि संस्कृत और हिन्दी के अधिकांश आचार्य इसी सिद्धान्त को काव्य की सर्जना एवं मूल्यांकन का पूर्ण सिद्धान्त मानते हैं। यह सिद्धान्त दो दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। प्रथम तो यह कि काव्य-सर्जना की समस्त प्रक्रिया को इसकी कसौटी पर सफलतापूर्वक कसा जा सकता है। शब्द के सभी व्यापार और उनके द्वारा ग्रहीत होकर अभिव्यक्त होने वाला वस्तु-जगत् ही नहीं गुण-जगत् भी किस प्रक्रिया से काव्य बनता है—यह सब समझने में यह सिद्धान्त सहायक होता है। द्वितीय बात यह कि इस सिद्धान्त की कसौटी पर सफलतापूर्वक उस मूल्य को भी समझा जा सकता है, जिसकी सिद्धि के लिए काव्य सर्जित होता है। इसीलिए रस-सिद्धान्त को आलम्बन, आश्रय एवं उद्दीपन की लौकिक भूमि से आरम्भ करके रसास्वाद की लोकोत्तर मधुमती भूमिका तक विस्तृत किया गया है। इस सिद्धान्त के विभाजन-व्यापार में बिम्ब-सिद्धान्त अन्तर्भुक्त है। आलम्बन और आश्रय के रूप एवं चेष्टा-गत समस्त आकर्षण काव्य में बिम्ब बन कर ही प्रस्तुत होते हैं। उद्दीपन के विभिन्न चित्र भी बिम्ब-रचना का ही तो विस्तार करते हैं। अनुभावों की अभिव्यक्ति बिम्बात्मक होती है। रसवादी कवि निरन्तर विभिन्न प्रकार के पूर्ण, खण्डित और संश्लिष्ट बिम्ब प्रस्तुत करके ही अपनी रचना को रसानुभूति की मधुमती भूमिका तक पहुँचाता है। अत: बिम्ब-सिद्धान्त के अनुसार हम जहाँ बिम्बों की रचना-पूर्ति पर रुक जाते हैं, वहाँ रस-सिद्धान्त के अनुसार हम बिम्बों को साधन मान कर उनसे आगे बढ़ जाते हैं—रचना की निष्पत्तियों की खोज करते हैं और वह निष्पत्ति लोकोत्तर आनन्द में परिणत हो जाती है। रस-सिद्धान्त और बिम्ब-सिद्धान्त को साथ रखकर समझने से यह तथ्य छिपा नहीं रहता कि जहाँ प्रथम सिद्धान्त काव्य की रचना की व्याख्या करके उसके मूल्यांकन में भी प्रवृत्त होता है, वहाँ बिम्ब-सिद्धान्त रचना की व्याख्या तक सीमित रह जाता है। बिम्ब-प्रक्रिया काव्य-रचना या उसकी व्याख्या की कोई ऐसी प्रक्रिया नहीं है, जिसे भारतीय काव्यशास्त्री न जानते हों तथा जिसे उनकी किसी मौलिकता के आधार पर रस-प्रक्रिया से भिन्न कोई पृथक् पद्धति माना जा सकता हो। रस-सिद्धान्त में रसानुभूति का निर्वैयक्तीकरण एवं साधारणीकरण आवश्यक माना गया है और बिम्ब-प्रक्रिया में भी ये दोनों बातें आवश्यक मानी गई हैं। जहाँ तक शब्दार्थ के माध्यम का प्रश्न है, वह दोनों के लिए चाहिए, किन्तु रस बिम्ब को शब्दार्थ तक सीमित छोड़ कर उच्च मानसी भूमिका की ओर अग्रसर हो जाता है। इस प्रकार जहाँ बिम्ब-सिद्धान्त के द्वारा हम किसी काव्य की रचना के तत्त्वों और उनसे सर्जित सौन्दर्य से परिचित होते हैं, वहाँ रस-सिद्धान्त के द्वारा हम रचना के तत्त्वों, उनसे सर्जित सौन्दर्य और उन दोनों की संश्लिष्ट देन से लोकोत्तर आनन्द की भी उपलब्धि करते हैं।

मैथिलीशरण की निम्नांकित पंक्तियों में मिलेगा, जहाँ भ्रांतिमान् अलंकार लाने के लिए बिम्ब-योजना हुई है—

> नाक का मोती अधर की कान्ति से
> बीज दाडिम का समझ कर भ्रान्ति से
> देखकर सहसा हुआ शुक मौन है
> सोचता है अन्य शुक यह कौन है।

अत यह स्पष्ट है कि संस्कृत काव्यशास्त्र का अलंकार-सिद्धान्त भी बिम्ब-सिद्धान्त से अधिक व्यापक और विस्तृत सिद्धान्त है। बिम्ब-सिद्धान्त की समस्त स्थितियाँ उसके प्रस्तुत और अप्रस्तुत विधान में अन्तर्भुक्त हैं। नए चिन्तक भारतीय काव्यशास्त्र को दूर से और ऊपर ऊपर से देखते हैं, इसलिए उन्हें बिम्ब-सिद्धान्त भारत के लिए एकदम नई उपलब्धि प्रतीत होता है।

जहाँ तक रीति, औचित्य और वक्रोक्ति सिद्धान्तों का प्रश्न है, इनका क्षेत्र शब्द और अर्थ की उन सभी सीमाओं का स्पर्श करता है, जिन सीमाओं में काव्य-सर्जना के अनिवार्य उपकरण के रूप में बिम्ब-विधान किया जाता है। रीति-सिद्धान्त में गुणों को आधार-भूत तत्त्व माना गया है। शब्द और अर्थ के अलग-अलग गुण माने जाने के कारण रीति-विधान बिम्ब-योजना में समर्थ होता है। उदाहरणार्थ, 'समता' नामक अर्थ-गुण के कारण ही निम्नांकित पंक्तियों में भिखारी के स्वरूप का बिम्ब अपने पूर्ण प्रभाव के साथ प्रस्तुत हो सका है। इस बिम्ब की रचना के मूल में क्रम-निर्वाह तथा सरल अर्थ-प्रतीति —दोनों ही प्रकार की समता विद्यमान है। निराला जी कहते हैं—

> वह आता
> दो टूक कलेजे के करता
> पछताता
> पथ पर आता।
> पेट पीठ दोनों मिलकर हैं एक
> चल रहा लकुटिया टेक
> मुट्ठी भर दाने को—भूख मिटाने को
> मुँह फटी पुरानी झोली को फैलाता
> दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।

औचित्य-सिद्धान्त में शब्द, अर्थ, भाव, आदि के सभी प्रकार के औचित्य

है। हिन्दी की नई कविता पश्चिम के अनुकरण पर काव्य-वस्तु की अवहेलना करके काव्य-भाषा को महत्त्व देती जा रही है, इसलिए इस अपूर्ण काव्य-सिद्धान्त के सम्मान में अभी और अधिक वृद्धि की ही सम्भावना है। आज का हिन्दी कवि और नया आलोचक भी—यह घोषणा करने लगा है कि वस्तु-पक्ष कविता की कोई कसौटी नहीं, भाषा ही कविता की पहचान है। वह कहता है कि मनुष्य की मूल संवेदना में कभी अन्तर नहीं आता, केवल भाषा के सदर्भ बदलते हैं। ऐसी परकीय मान्यता वाले चिन्तकों के लिए बिम्ब-सिद्धान्त एक पूर्ण कसौटी बन जाए, तो कोई आश्चर्य की बात नहीं।

परिचर्चा

बसन्त केतकी : आपने नेमिचन्द्र जैन और रामस्वरूप चतुर्वेदी के इस मत का उल्लेख करते हुए कि अर्थात् किसी एक शब्द के द्वारा व्यापक भाव को व्यक्त करना है इससे अपनी असहमति व्यक्त की। यदि जैन और चतुर्वेदी जी ने इस विषय में भ्रान्त धारणा प्रस्तुत की है तो कृपया आप ही बताएँ कि इसकी सही व्याख्या क्या हो सकती है।

इसके अतिरिक्त आपने अपने निबन्ध में स्वीकार किया है कि बिम्ब भाव की प्रेरणा से बाहर आता है। भाव एक आन्तरिक वस्तु है और यदि बिम्ब उसकी प्रेरणा से बाहर आता है तो निश्चित रूप से वह भाव का सम्प्रेषक होगा। ऐसा होने पर वह काव्य की आत्मा को ही सम्प्रेषित करेगा और केवल बाह्य-रूप में या शब्द रूप में उसकी स्थिति स्वीकारना भूल होगी, जैसा कि आपने किया है।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहूँगा कि आपने स्थान-स्थान पर विभिन्न विद्वानों के मतों का उल्लेख करते हुए जो यह कहा है कि ह्यूम ने इस विषय पर यह लिखा है, लेविस ने यह लिखा है और डा. नगेन्द्र ने—बल्कि डा. नगेन्द्र ने ही—यह कहा है उससे यह कहीं स्पष्ट नहीं होता कि आप बिम्ब से क्या समझते हैं और इस सिद्धान्त की कैसे व्याख्या करते हैं। यदि आप इस निबन्ध में हमें अपने विचारों से परिचित करा सकते तो हमारे लिए अधिक लाभदायक होता।

डा. रामगोपाल शर्मा : मैं आपके अन्तिम प्रश्न का उत्तर पहले दूँगा—बिम्ब से मैं क्या समझता हूँ : जब रचनाकार किसी वस्तु को देखता

अभिनवगुप्तपादप्रतिपादितं रसविवेचनम्

सुरजनदास स्वामी

रसो वै काव्यस्य जीवितमात्मा वेति निर्विवादमभिमतं प्रायशः सर्वेषामालङ्कारिकाणाम्। अत एवोक्तमग्निपुराणे— 'वाग्वैदग्ध्यप्रधानेऽपि रस एवात्र जीवितम्''। इति। आचार्यो भरतोऽपि—[1]''न हि रसादृते कश्चिदप्यर्थः प्रवर्तते'' इति ब्रुवाणो रसस्य इतरकाव्याङ्गापेक्षया प्राधान्यरूपमङ्गित्वं साधयति। ध्वन्यालोककारोऽपि—[2]''यत्र परिपाकवतां कवीनां रसादितात्पर्यविरहे व्यापार एव न शोभते''। ''स च न तादृक् काव्यप्रकारोऽस्ति यत्र रसादीनामप्रतीतिः''। [3]''अचेतना अपि हि भावा यथायथमुचितरसभावतया चेतनवृत्तान्तयोजनया वा न सन्त्येव ते ये यान्ति न रसाङ्गताम्, तस्मान् नास्त्येव तद् वस्तु यत् सर्वात्मना रसतात्पर्यवतः कवेस्तदिच्छया वा तदभिमतरसाङ्गतां न धत्ते''। [4]''प्रतीयमानस्य चान्यभेददर्शनेऽपि रसभावमुखेनैव उपलक्षणं प्राधान्यात्' इत्यादिभिर्वचनैः रसस्यैव प्राधान्यं प्रतिपादयन् तस्य काव्यजीवितत्वमाचष्टे। अभिनवगुप्तस्तु [5]''रस एव वस्तुतः काव्यस्यात्मा वस्त्वलङ्कारध्वनी तु सर्वथा रसं प्रति पर्यवस्येते'' इति स्पष्टं रसस्यैव काव्यात्मकत्वं ब्रूते।

तत्र रसस्वरूपप्रतिपादकं आचार्यभरतस्येदं सूत्रम्—''विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद् रसनिष्पत्तिः''। अस्यैव सूत्रस्य व्याख्याभेदात् रसविषये नाना मतानि विजृम्भन्ते। यद्यप्यत्र प्राधान्येन अभिनवगुप्तपादाचार्याणामेव मतं प्रतिपादनीयम्। तथापि तन्मतस्य वैशिष्ट्यप्रतिपादनार्थं सम्यक् अवगत्यर्थञ्च अन्यान्यपि मतानि समासतः प्रतिपादनीयतामर्हन्ति।

तत्र भट्टलोल्लटो भरतसूत्रस्थसंयोगपदस्य उत्पाद्योत्पादकभावसम्बन्धं निष्पत्तिपदस्य च उत्पत्तिमर्थं मनुते। यद्यपि तस्य मते विभावैः सह रतेः उत्पाद्योत्पादकभावसम्बन्धः, अनुभावैः सह प्रत्याय्यप्रत्यायकभावसम्बन्धः, व्यभिचारिभिश्च पोष्यपोषकभावसम्बन्धो वर्तते—सीतादिभिर्विभावैः

१. नाट्यशास्त्रे पृ. २७२।
२. ध्वन्यालोके पृ. ४९७।
३. ध्वन्यालोके पृ. ४९७।
४. ध्वन्यालोके पृ. ९०।
५. लोचने पृ. ८५।

भोजकत्वञ्चेति । अभिधया विशेषधर्मपुरस्सरमुपस्थापिता रामादयो विभावा भावनापरपर्यायेण भावकत्वव्यापारेण रसप्रतिबन्धकान् रामत्वादिविशेषधर्मान् परिहृत्य नायकत्वादिसामान्यधर्मपुरस्सरमुपस्थाप्यन्ते । एवं कटाक्षभुजाक्षेपादिप्रभृतयः अनुभावा लज्जौत्सुक्यप्रभृतयो व्यभिचारिणश्च रामादिव्यक्तिविशेषसम्बन्धपरिहारपूर्वकं कटाक्षत्वादिसामान्यधर्मपुरस्सरमुपस्थाप्यन्ते । एवमेव साधारणीकरणात्मना भावकत्वव्यापारेण सीतादिषु सामाजिकरसप्रतीतिप्रतिबन्धकाः पूज्यत्वादिधर्मा अपि निराक्रियन्ते । एवञ्च सीतादयो विभावाः, कटाक्षादयोऽनुभावा लज्जौत्सुक्यादयश्च सञ्चारिणः साधारण्यमापादिताः सन्तः सामाजिकरसप्रतीतौ प्रतिबन्धकतां नोपयान्ति । यथा च विभावादयः साधारण्यमापाद्यन्ते भावकत्वव्यापारेण, तथैव स्थायिभावो रतिरपि रामादिव्यक्तिविशेषसम्बन्धराहित्येन साधारण्यमापाद्यते । भावकत्वव्यापारेण साधारण्यमापाद्यमानाया रतेश्च सामाजिकैः रजस्तमसी अभिभूय सत्त्वोद्रेकात् प्रकाशानन्दमयसंविद्विश्रान्तिसतत्त्वेन मनसो या परिणतिः तदात्मकेन भोजकत्वव्यापारेण साक्षात्कारो विधीयते । तादृशेन मनसा साक्षात्क्रियमाणा सा साधारणीकृतात्मा रतिरेव रसः । अत्र मते भरतसूत्रस्थसंयोगपदस्य भोज्यभोजकभावसम्बन्धः, निष्पत्तिपदस्य च भुक्तिरर्थः । यतो हि भावकत्वव्यापारेण साधारणीकृता विभावादयः चर्व्यमाणाः सन्तः भोजकाः, साधारणीकृता च रतिर्भोज्या । साधारणीकृतानामेव विभावादीनां चर्वणया रजस्तमसी अभिभूय सत्त्वोद्रेकेण मनसः प्रकाशानन्दमयसंविद्विश्रान्तिसतत्त्वरूपो भोग उपजायते नान्यथा ।

अस्य मतस्य सांख्यमतानुसारित्वात् अत्र साधारणीकृतायाः रतेर्भोगः । भोगे एव सांख्यमतेन अस्य रसविषयकमतस्य सादृश्यं सांख्यमतानुयायित्वं वा । तथा हि यथा सांख्यमते बुद्धिधर्माणामेव ज्ञानसुखादीनां बुद्धिप्रतिबिम्बितायां चितिः अविवेकेन पुरुषस्य साक्षात्काररूपो भोगः तथा अत्रापि रामादिनिष्ठायाः रतेरेव सामाजिकानां साधारणीकरणरूपाविवेकेन भोगः ।

डा॰ नगेन्द्रमहोदयस्तु भट्टनायकमते भरतसूत्रस्थसंयोगपदस्य भाव्यभावकसम्बन्धं, निष्पत्तिपदस्य च भावितिमर्थं मनुते । परमेतत् नोचितं प्रतिभाति । न हि विभावादयो रसादेर्भावकाः भट्टनायकमते, अपि तु काव्यशब्दा एव भावकाः । एतच्च—"तच्चैतद् भावकत्वं नाम यत् काव्यस्य तद् विभावादीनां साधारणत्वापादनं नाम", "काव्यञ्च रसान् प्रति भावकम्", "न च काव्यशब्दानां

१. लोचने पृ. १८३ ।
२. लोचने पृ. १८८ ।
३ लोचने पृ. १८९ ।

(मुहुर्मुहुरनुसन्धीयन्ते) । पुनः पुनरनुसन्धानात्मनो ज्ञानस्यैव भावनात्वात् । तदुक्तं जगन्नाथपण्डितेः—[1]"भावना च पुनः पुनरनुसन्धानात्मा ज्ञानविशेषः" इति। भाव्यमानाश्च ते साधारणीकृतरूपेण उपस्थिता भवन्ति । प्रतिपादितञ्च एतत् पण्डितराजेन [2]"समुचितललितसन्निवेशचारुणा काव्येन समर्पितैः सहृदयहृदयं प्रविष्टैस्तदीयसहृदयतासहकृतेन भावनाविशेषमहिम्ना विगलितदुष्यन्तरमणीत्वादिभिः"रित्यादिना सन्दर्भेण ।

भावनया सह सहृदयताया अपि विभावादीनां साधारणीकरणे आवश्यकता वरीवर्ति । यतो हि सहृदयता नाम तन्मयीभवनम् । तदुक्तमभिनवगुप्तेन—[3]"येषां काव्यानुशीलनाभ्यासवशाद् विशदीभूते मनोमुकुरे वर्णनीयतन्मयीभवनयोग्यता, तेऽत्र सहृदयाः" । न च तन्मयीभवनमन्तरा केवलं भावनया कस्यापि वस्तुतः साधारणीकरणं सम्भवति ।

कारणकार्यसहकारिणां साधारणीकरणञ्चाभिनवगुप्तमते भट्टनायकवत् न नायकत्वादिसाधारणधर्मपुरस्कारेणोपस्थितिस्तेषाम्, अपि तु ममैवैते, परस्यैवैते, तटस्थस्यैवैते इत्येवं व्यक्तिविशेषसम्बन्धनियमस्य, न ममैवैते, न परस्यैवैते, न तटस्थस्यैवैते इति व्यक्तिविशेषपरिहारनियमस्य च परिहारेण देशकालव्यक्तिविशेषादिसम्बन्धराहित्येनोपस्थितिः । कारणादीनां व्यक्तिविशेषसम्बन्धपरिहारनियमवर्जनपूर्वकमुपस्थापने सति एते कारणानि सहृदयहृदये वासनारूपेण विद्यमानस्य रत्यादेर्भावस्य आस्वादाङ्कुरयोग्यतापादने समर्थानि भवन्ति, अतो विभावयन्ति—वासनात्मतया अतिसूक्ष्मरूपेण अवस्थितानां रत्यादीनामास्वादयोग्यतामापादयन्तीति व्युत्पत्त्या विभावाः, कटाक्षादीनि कार्याणि अनुभावयन्ति—वासनारूपेणावस्थितान् सामाजिकचित्तगतान् रत्यादीन् भावान् अनुभवविषयतामापादयन्तीति व्युत्पत्त्या अनुभावाः, लज्जादिसहकारिकारणानि च वासनारूपेण स्थितान् रत्यादीन् काये विशेषेणाभितः सञ्चारयन्तीति व्युत्पत्त्या व्यभिचारिणो व्यपदिश्यन्ते । साधारणीभवनानन्तरं रत्यादेः कारणकार्यसहकारीणि अलौकिकतामुपयान्ति । अर्थात् देशकालव्यक्तिविशेषसम्बन्धराहित्येन उपस्थापितत्वात् तानि अलौकिकानि जायन्ते । लोके हि तानि कार्यकारणसहकारिकारणसंज्ञया प्रोच्यन्ते, इदानीन्तु विभावादिव्यापारविशेषत्वात् अलौकिकविभावानुभावव्यभिचारिसंज्ञां भजन्ते इति भावः । अस्यां दशायां तानि अलौकिकाभिरेव संज्ञाभिर्व्यपदेशं लभन्ते । स्पष्टीकृतं चैतद-

१. रसगङ्गाधरे पृ. २ ।
२. रसगङ्गाधरे ।
३. ध्वन्यालोकलोचने पृ. ३७८ ।

वैषयिकोपरागशून्यशुद्धपरयोगिगतस्वात्मानन्दैकघनानुभवाच्च विशिष्यते।" इति।

अस्मिन्मते सामाजिकैः रसनापरपर्यायेण अलौकिकेन ज्ञानेन प्रतीतिविषयतामासादिता रतिः सर्वविघ्नविशेषराहित्येन अभिव्यक्ता सती न लौकिकी, लौकिक्या रतेः व्यक्तिविशेषसम्बन्धित्वात्। नापि शङ्कुकमतवत् मिथ्या। तथा हि शङ्कुकमते नटे अनुमीयमाना स्थायित्वेन सम्भाव्यमाना या रतिः सामाजिकैरास्वाद्यते, सा वस्तुतः अनुकर्तरि नटे न विद्यते, अपि तु अनुकर्तृनिष्ठत्वेन सामाजिकैः प्रतीयते इति मिथ्यैव। अभिनवगुप्तमते तु या रतिः सामाजिकैरास्वाद्यते, सा वस्तुतः सामाजिकानामेव चेतसि वासनारूपेण विद्यते इति न मिथ्या। नाप्येषाऽनिर्वाच्या रतित्वेन तस्या निर्वक्तुं शक्यत्वात् सामाजिकचेतसि वस्तुतो विद्यमानत्वाच्च। नापि सा लौकिकतुल्या सर्वविघ्नविशेषराहित्येन तस्या अभिव्यक्तत्वात्। लौकिकतुल्यायाश्च लौकिकवत् व्यक्तिविशेषसम्बन्धित्वात्।

न वा भट्टलोल्लटमतवद् आरोपिता एषा रतिः। तथा हि भट्टलोल्लटमते नटे वस्तुतोऽविद्यमानापि रतिः आङ्गिकादिभिरभिनयैः तत्र रामत्वानुसन्धानबलात् आरोप्य सामाजिकैः साक्षात्क्रियते। अत्र तु मते न सा नटे आरोप्य साक्षात्क्रियते, अपि तु सामाजिकैः स्वचेतसि वासनारूपेण विद्यमानायाः विभावादिचर्वणया साधारण्येन अभिव्यक्तायास्तस्या आस्वादो विधीयते। अतः सा नात्र मते आरोपरूपाऽपि, अपि तु अलौकिक्येव सा रतिः। अत एवोक्तमभिनवभारत्याम्—"[1] तत एव विशेषान्तरानुपहितत्वात् सा रसनीया सती न लौकिकी, नानिर्वाच्या, न लौकिकतुल्या, न तदारोपादिरूपा वा।"

एषा रतिश्च वस्तुतः न स्थायिनी, व्यक्तिविशेषसम्बन्धिन्याः लौकिक्या एव रतेः स्थायित्वात्। अस्याश्च व्यक्तिविशेषादिसम्बन्धराहित्येन अभिव्यक्त्या स्थायिविलक्षणत्वात्। अत एव सा न सिद्धवस्तुस्वभावा, अपि तु तात्कालिक्येव। अत एव रसस्य तात्कालिकत्वं स्थायिविलक्षणत्वं चोक्तमभिनवगुप्तेन यथा "[2]अलौकिकनिर्विघ्नसंवेदनात्मकचर्वणागोचरतां नीतोऽर्थः चर्व्यमाणतैकसारो न तु सिद्धस्वभावः, तात्कालिक एव न तु चर्वणातिरिक्तकालावलम्बी, स्थायिविलक्षण एव रसः।

एष च रसः सर्वथा अलौकिकः। तथा हि रस्यमाना सती रसव्यपदेशं भजमाना रतिः साधारण्येनोपस्थितत्वात् यथा अलौकिकी, यथा च सीताकटाक्षभुजाक्षेपलज्जौत्सुक्यादयः कारणकार्यसहकारिणः तेऽपि साधारण्यं भजन्तः अलौ-

१ अभिनवभारती पृ. २८०।

२. अभिनवभारती पृ. २८०।

अलौकिक एवाय चर्वणोपयोगी विभावादिव्यवहार । क्वान्यत्र इत्य दृष्टमिति चेन् भूषणमेतदस्माकम् अलौकिकत्वसिद्धौ । पानकरसास्वादोऽपि किं गुड-मरीचादिषु दृष्ट इति समानमेतत् ।"

विभावादीनां कारकहेतुत्वाभावेऽपि रसस्य च निष्पत्त्यभावेऽपि तद्विषयिण्या रसनाया. निष्पत्त्या रसनानिष्पत्ति च रसे उपचर्य रससूत्रे 'रसनिष्पत्ति' इति प्रयोग कृत । तदुक्तम् ' 'नहि सूत्रे निष्पत्तिरिति कथम्, नेय रसस्य अपि तु तद्विषयरसनाया. । तन्निष्पत्त्या तु यदि तदेकायत्तजीवितस्य रसस्य निष्पत्ति-रुच्यते न कश्चिदत्र दोष ।"

यद्यपि सामाजिकहृदि साधारण्येन अभिव्यक्ता अत एव तात्कालिकी अलौकिकी रतिरेव प्रत्यक्षानुमानस्मृत्यादिलौकिकप्रमाणभिन्नस्वसवेदन-सिद्ध-रसनाव्यापारविषयभूता रस । तथापि सा रति लोकापेक्षया स्थायिभाव एव । अत एव आचार्येण भरतेन ''नानाभावोपगता अपि स्थायिनो भावा रसत्वमाप्नु-वन्ति", ''नानाभावाभिनयव्यञ्जितान् वागङ्गसत्त्वोपेतान् स्थायिभावानास्वाद-यन्ति सुमनस प्रेक्षका" इत्यादिषु वचनेषु, "भावाभिनयसबद्धान् स्थायि-भावास्तथा बुधा । आस्वादयन्ति मनसा तस्मान्नाट्यरसा स्मृता ॥" इत्यानुवंश्यश्लोके च स्थायिभावस्य रसत्वमुक्तम् । स्पष्टीकृतञ्चैतदभिनव-गुप्तेन—'नानाभूतैर्विभावादिभिरुप समीप प्रत्यक्षकल्पना गता लोकापेक्षया ये ते स्थायिनो भावास्ते रस्यमानैकजीविन रसत्व प्रतिपद्यन्ते । अत एतया दृष्ट्या स्थायिभावस्य रसत्ववचनमप्युचितम् ।"

रसावस्थाया साधारणीकृताया रते देशाद्यनियन्त्रणेन निर्विघ्नमुपचयात् भट्टलोल्लटसम्मत उपचयवाद, भावानुगामितया करणात् शङ्कुकसम्मत: अनुकरणतावाद:, विज्ञानवादावलम्बनाच्च कस्यचित् साख्यदृश सम्मत-सुखदु खजननशक्तियुक्ता बाह्या विषयसामग्री एव रस इति वादोऽप्यत्र मते अशतः स्वीकर्तुं शक्यते । अत एव अभिनवगुप्तेन रसस्वरूपविषये भट्टलोल्ल-टादीना मतानि प्रत्याख्याय स्वमतप्रतिपादनात् पूर्वं एतत्स्पष्टमुक्त यत्तया न रसविषयेऽपूर्वं किञ्चिदुच्यते, अपि तु पूर्वाचार्याणां मतान्येव परिष्क्रियन्ते ।

१ अभिनवभारत्या पृ. २८५ ।
२. नाट्यशास्त्रे पृ २८८ ।
३ तत्रैव पृ २८९ ।
४ तत्रैव पृ. २९० ।
५ अभिनवभारत्या पृ. २८८ ।

समयप्रयोगस्यानन्तरमप्रत्यूहपरिहाराय च ‘विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिरिति सूत्रे संयोगपदमुपादीयते। शृङ्गारादिरसाङ्गानां विभावादीनां प्रत्येकं व्यभिचारित्वेन समययोगे सत्यपि तेषां संयोगस्य कुत्रापि व्यभिचारित्वाभावेन समययोगस्यायोगात्।

एतेषां विघ्नानां च सर्वत प्रथममभिनवगुप्तेनैव सविस्तरं निरूपणं विहितमभिनवभारत्याम्। तच्च विस्तरभयान्नेहोद्ध्रियते।

अस्मिन्मते रससूत्रस्थसंयोगपदस्य व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावः सम्बन्धः निष्पत्तिपदस्य चाभिव्यक्तिरर्थः। प्रत्यभिज्ञादर्शनवेदान्तदर्शनानुसारिणी चैषा व्याख्या।

अत्र रससूत्रे रसपदं ‘रस्यते आस्वाद्यते’ इति व्युत्पत्त्या रत्यादिस्थायिभावपरम्। तस्माद् विभिन्नेषु मतेषु क्रमशः उत्पत्त्यनुमितिभुक्त्यभिव्यक्तयो रत्यादिस्थायिभावानामेव न तु रसस्य। अतोऽभिनवगुप्तमतेऽभिव्यक्तिः लौकिकस्य वासनारूपेण सामाजिकानां चेतसि विद्यमानस्य रतिस्थायिभावस्यैव। रसस्य तु नाभिव्यक्तिः तस्य तात्कालिकत्वात्, स्थायिविलक्षणत्वात्, पूर्वसिद्धत्वाभावाच्च। तस्य तु स्वसंवेदनसिद्धा प्रत्यक्षादिप्रमाणविलक्षणा बोधरूपा रसनैव।

यथा पण्डितराजेनोक्तम्, रत्याद्युपहिता चिदेव रसः। अतो रसे रत्यादिस्थायिभावोपहितस्य चिदात्मनोऽनुभूतिर्भवति बोधरूपया स्वानुभूत्यपरपर्यायया रसनया। तथा च रसोऽपि स्वसंवेदनसिद्धः, रत्यादिचिदात्मनश्चोभयस्यापि मनोमात्रविषयत्वात्। किं तु समाधौ निर्विषयस्यात्मनोऽनुभूतिः। अत्र तु रत्यादिविषयावच्छिन्नस्यात्मन इत्येव विशेषः। अत एव रसास्वादस्य परब्रह्मास्वादसविधत्वमुच्यते न परब्रह्मास्वादत्वम्।

ये तु केचिदाधुनिकाः प्राहुः—रसस्य हृदयमात्रसम्बन्धित्वात् तस्य बुद्धिसम्बन्धिभिर्दर्शनैः सह सम्बन्धस्थापनं भारतीयानामाचार्याणां नोचितं प्रतिभातीति ते सर्वथाऽनभिज्ञा देवानां प्रियाः रसतत्त्वस्य। न हि केवलायाश्चित्तवृत्तेरास्वादनं रसः अपि तु रत्यादिचित्तवृत्तिविशिष्टस्यात्मनः। अन्यथा सर्वरसानामानन्दाव्यभिचारित्वं न स्यात्। चित्तवृत्तीनां सुखदुःखोभयरूपत्वात्। अपि च ‘ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति’ इति गीतावचनेनात्मनो रत्यादिस्थायिभावानां चोभयोरपि हृदयवर्तित्वेन अन्तर्मुखमनोवृत्त्या तन्मयीभवनदशायामेकाकिनो रत्यादिस्थायिभावस्य ग्रहानुपपन्नत्वात्। इति शम्।

मम्मटाभिमतं लक्षणायाः षड्विधत्वं हेत्वलंकारश्च

डा० रेवाप्रसाद द्विवेदी

मम्मटाचार्य—

"मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात् ।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत् सा लक्षणाऽऽरोपिता क्रिया ॥"   इत्येव काव्यप्रकाशे

"तद्बाधे रूढितोऽर्थाद् वा लक्षणीयस्तदन्वित" ।
इत्येव च शब्दव्यापार—

विचारे लक्षणासामान्य लक्षयित्वा द्वयोरप्यनयोर्ग्रन्थयोस्तद्भेदाश्च—
"स्वसिद्धये पराक्षेप परार्थं स्वसमर्पणम् ।
उपादानं लक्षणं चेत्युक्ता शुद्धैव सा द्विधा ॥"
सारोपान्या तु यत्रोक्तौ विषयी विषयस्तथा ।
विषय्यन्तःकृतेऽन्यस्मिन् सा स्यात् साध्यवसानिका ॥
भेदाविमौ च सादृश्यात् सम्बन्धान्तरतस्तथा ।
गौणौ शुद्धौ च विज्ञेयौ ॥"   इत्येव प्रतिपाद्य

"लक्षणा तेन षड्विधा" इत्यस्याः षड्विधत्वं निगमयति । अत्र के नु ते षड् भेदा इति प्रश्ने काव्यप्रकाशटीकाकारो नैकधा प्रतिष्ठन्ते । तेषु—

१ चण्डीदासादयः—शुद्धगौण्योरारोपाध्यवसानयोरुपादानलक्षणाभ्यां भिद्यमानतामगीकृत्याष्टविधत्वमस्या आमनन्ति ।[2] मम्मटोक्ते षड्विधत्वे च (१) रूढि, (२) प्रयोजनम्, (३) उपादानम्, (४) लक्षणम्, (५) आरोप, (६) अध्यवसान चेत्येषा भेदकाना षड्विधत्वौपयिकता दर्शयन्ति । काव्यप्रकाश-

---

१. "जाति क्रिया गुण सज्ञा वाच्योऽर्थः समितध्वनि"-रित्यस्य पूर्वार्द्धम् । ततस्तन्निर्देनात्र वाच्योऽर्थ परामृश्यते ।

२ काव्यप्रदीपप्रभायाः काव्यमालासंस्करणे पृ० ३६ ।

३. उपर्युक्त काव्यप्रदीप, तत्प्रभा च ।

(१) शुद्धा सोपादाना, (२) शुद्धा सलक्षणा, (३) शुद्धा सारोपा, (४) शुद्धा साध्यवसाना, (५) गौणी सारोपा, (६) गौणी साध्यवसाना चेति षोढात्वं तत्र सिद्धान्तयन्ति । जयदेव[1] अप्पय्यदीक्षित,[2] पण्डितराजो जगन्नाथ,[3] श्रीविद्याचक्रवर्ती,[4] हरिशंकर,[5] विश्वेश्वर[6]श्चैतेन क्रमेण मनुष्यन्ति । मम्मटस्योपर्मोव्यतमो भट्टमुकुलोऽपि लक्षणाभेदगणनायाममुमेव क्रममाद्रियते ।[7] सोऽत्रानुपस्थितो मतिकल्प्ह ।

वयमत्र तृतीयमेव मतं मम्मटाभिमतं प्रतिपद्यामहे, प्रतिपद्यामहे च त्रयमत्र प्रमाणम् (१) काव्यप्रकाश-शब्दव्यापारविचारयोर्लक्षणानां प्रतिपादनक्रम, (२) तत्रैव प्रस्तुतानि लक्षणाभेदानामेषामुदाहरणानि, (३) उपयोगित्वं चेति । तत्र—

१ प्रतिपादनक्रम पूर्वोद्धृताभिः 'स्वसिद्धये पराक्षेप' इत्येताभिः लक्षणाभेद-कारिकाभिस्तु स्पष्ट एव, काव्यप्रकाश-शब्दव्यापारविचारयोस्तदीयेन वृत्तिग्रन्थेनापि स स्पष्टभूयिष्ठ । तत्र काव्यप्रकाशे ग्रन्थकृत् "कुन्ताः प्रविशन्ति ··· उपादानेनैव लक्षणा" इत्यत आरभ्य गङ्गायां घोष इत्यत्र तटस्य · लक्षणेनैषा लक्षणा"—इति यावद् उपादान-लक्षण-नाम्नो भेदयो निरुक्ति-निदर्शने प्रदर्श्य, "उभयरूपा चेयं शुद्धा, उपचारेणामिश्रितत्वात्" इत्येवं तयो शुद्धात्वं च निगमय्य

---

१. चन्द्रालोकस्य ९।१०-१३—कारिकासु ।

२. वृत्तिवार्त्तिके । जघामावेका जहदजहल्लक्षणानाम्नी "ग्रामो दग्ध" इत्यादिषु ग्रामैकदेशाद्यर्थं प्रयुक्तेषु ग्रामादिशब्देषु सप्तमीमपि लक्षणां मनुते सा च "अग्रहस्ते हस्त" इत्यादिभिरुदाहरणैः मम्मटेनोपदर्शितायाम् अवयवावयविभावमूलायां लक्षणायाम् अन्तर्भवतीति न ततो भी ।

३. रसगङ्गाधरस्य लक्षणाप्रकरणारम्भे ।

४ काव्यप्रकाशस्य सञ्जीविनीनाम्न्या टीकायाम् ।

५ नागेश्वरीटीकायाम् ।

६ काव्यप्रकाशस्य हिन्दीभाषानुवादे ।

७. "शुद्धोपचारमिश्रत्वाल्लक्षणा द्विविधा मता । उपादानाल्लक्षणाच्च शुद्धा सा द्विविधोदिता । आरोपाध्यवसानाभ्यां शुद्धगौणोपचारयोः । प्रत्येकं नियमानत्वादुपचारश्चतुर्विधः ॥" ("—अभिधावृत्तिमातृका०—२-५) "एषा च लक्षणा त्रिरूपा शुद्धत्वात्, आरोपात्, अध्यवसानाच्च। तत्र शुद्धरूपत्वस्य द्वैविध्यम् उपादानलक्षणाभ्यामुक्तम्, आरोपाध्यवसानरूपत्वयोरपि प्रत्येक द्विप्रभेदता शुद्धगौणोपचारमिश्रत्वात्" इति, इत अव्यवहितपूर्ववर्तिना "एतेन चतुर्विधेनोपचारेण सह पूर्वोक्तौ द्वौ लक्षणाभेदौ संकलय्य षट्प्रकारा लक्षणा वक्तव्या" इत्यनेन च वृत्तिग्रन्थेनाभिधावृत्तिमातृकाया तथ्यमिदं स्पष्टमेव ।

	लक्षणाभेदः	काव्यभेदः	उदाहरणम्
२.	लक्षणलक्षणा	अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वनिः	"उपकृतं बहु तत्रे"-त्यादि[1]
३.	सारोपा गौणी	रूपकपरिणामापह्नुतयः	"राजिकापालिकी"[2]
४.	साध्यवसाना गौणी	निगीर्याध्यवसानातिशयोक्तिः	कमलमनम्भसि कमले च कुवलये—०[3]
५	सारोपा शुद्धा		आयुर्घृतम्
६	साध्यवसाना शुद्धा[4]		आयुः

---

१. काव्यप्र० उदा० २४।
२ काव्यप्र० उदा० ४२१।
३ काव्यप्र० उदा० ४४९।
४. निम्नलिखिताष्टीकाकारा अपि तालिकामिमामनुमोदन्ते—

१. सुधासागरकारो भीमसेनदीक्षितः। यदुक्तं तेन—"अत्रोपादान-लक्षणाभ्याम् अर्थान्तरसंक्रमितात्यन्ततिरस्कृतवाच्यौ ....., गौणीभ्यां सारोपसाध्यवसानाभ्यां रूपकातिशयोक्ती.. ... निरूपयिष्यतीति।

२. म०म० गोकुलनाथशर्मा। यदुच्यते तेन—"प्रयोजनवती तु यद्युपादानं यदि वा लक्षणम्। उभययापि ध्वनिविशेषो व्यञ्जयति, "गङ्गायां घोषः" इत्यत्र तटे लक्षणलक्षणया गङ्गाताद्-रूप्यस्य तेन च पावनत्वरूपस्य अत्यन्ततिरस्कृतवाच्यध्वनेर-भिव्यञ्जनात्। "कुन्ताः प्रविशन्ती"त्यत्र कुन्तधरेषूपादान-लक्ष्येषु कुन्तताद्रूप्यद्वारा निर्दयप्रहर्तृत्वादेरर्थान्तरसंक्र-मितवाच्यकस्य ध्वननात्.... ....सादृश्यमूला लक्षणा। गौर्वाहीक इत्यत्र रूपकम्, "गामिमां वारये"त्यत्राति-शयोक्तिम्, "जडेन वाहीकगवेन दण्डमादाय गुप्ता धनिकस्य गावः"इत्यत्र परिणामम्, "गौरयं न तु वाहीकः" इत्यत्रापह्-नुतिम् उत्थापयति।"

३ नरसिंहमनीषाकारः। यदुच्यते तेन—"उपादानलक्षणार्था-न्तरसंक्रमितवाच्यध्वन्युपयोगिनी, लक्षण-लक्षणा चात्यन्त-तिरस्कृतवाच्यध्वन्युपयोगिनी, गौणसारोपा रूपकालङ्कारो-पयोगिनी गौणसाध्यवसाना च प्रथमातिशयोक्तिप्रयोजिका। इति। द्र० वामनस्य बालबोधिनी।

दार्शनिका[1] अपि तामेव मतिसृतिमनुसरन्ति । ततश्च[2] काव्यप्रकाशं विधित्सुर्मम्मटोऽपि काव्यानुपयोगीनि लक्षणान्तराणि तितिक्षति चेद् वैज्ञानिकमेव पन्थानमाश्रयति । ततश्च तृतीयमेव लक्षणाभेदगणनाक्रममसौ सिद्धान्ततयोररीकरोति नान्यम् ।

ननु—'यदि काव्योपयोगिन एव लक्षणाभेदा अत्र प्रतिपिपादयिषितास्तर्हि प्रथमतमाश्चत्वार एव भेदा अत्र प्रतिपादनीयाः, तेषामेवोपयोगस्य मम्मटोदाहृतेषु काव्येषूपलभ्यमानत्वात्, ततश्च "लक्षणा तच्चतुर्विधे"त्येव निगमनीयम्, न तु "लक्षणा तेन षड्विधे"ति । अन्त्यौ शुद्धारोपाध्यवसानमूलौ तु भेदौ परिहर्तव्यावेव मम्मटेन, तदुपयोगभाजः काव्यस्थलस्य तेनादर्शितत्वात् न परिहृतौ चेत् काव्यस्थलान्यपि तेन तदुपयोगभाजि दर्शनीयानि । न च तानि दर्शितानि प्रसक्तमत्र ग्रन्थस्थले अवाच्यवचनम् वाच्यावचनं[3] वा । यच्चोच्यते—"घृतमायुः, आयुरेवे"—त्यादीन्येव प्रयोजनं व्यञ्जयन्ति स्थलान्यत्रोदाहरणतयाभिमतानीति नास्ति तादृशदोषद्वयभीतिरिति तदयुक्तम् "अस्त्यत्र वैचित्र्यं न वा, नास्ति चेत् कथमिदं काव्यत्वेन गण्यते, अस्ति चेत् कथमिदं गौणोपचारवदलङ्कारकोटौ न निवेश्यते, कथं च निवेशितमपि वक्ष्यमाणहेत्वलङ्कारकोटौ परैः, "हेत्वलङ्कारो न लक्षितः, आयुर्घृतमित्यादिरूपो ह्येष न भूषणतां कदाचिदर्हति, वैचित्र्याभावादि"त्येवमेतन्निराक्रियते । यच्चोच्यते—"परिकरालङ्कारं यावदेव काव्यप्रकाशं निर्माय व्युपरते मम्मटाचार्ये शेषपूरणस्यालकभट्टस्यैष दोषः, परिकरादूर्ध्वमेव कारणमालाप्रकरणेऽस्य वैचित्र्याभावप्रतिपादनो वृत्तिग्रन्थस्योपलम्भादि"—ति, तर्हि चतुर्थ उल्लासे कस्य दोषः, यत्र काव्यलिङ्गस्य कृते हेत्वलङ्कार[6] इति काव्यहेतुरिति[7] च व्यपदेशः क्रियते,

---

१ द्र० न्यायदर्शनसूत्रम्—२।२।६४, व्याकरणमहाभाष्यम् ४।१।४८—सूत्रे, वाक्यपदीयस्य द्वितीयं काण्डं च ।

२. शब्दव्यापारविचारेऽपि मम्मटो व्यवहारोपयोगिनीमेव लक्षणां मीमांसते "इह हेयोपादेययोः हानोपादाने प्रमाणादेव, तच्च निश्चयात्मना प्रामाण्यं भजते, निश्चयश्च शब्दसाहित्येनार्थं विषयीकरोती"ति तेन तथैव प्रक्रान्तत्वात् । मुकुलभट्टोऽपि व्यवहारोपयोगिनीमेव लक्षणाममुख्याभिधासंज्ञया लक्षयति ।

३. दोषान्तरात्मना द्र० व्यक्तिविवेके अस्मत्संस्करणे पृ० २८७ ४३६, ।

४ काव्यप्रकाशे कारणमालालङ्कारवृत्तिः ।

५ द्र० वामनाचार्यस्य काव्यप्रकाशभूमिका पृ० ८, म० म० डा० काणेकृतं संस्कृतसाहित्यशास्त्रेतिहासश्च ।

६. काव्यप्रकाशे उदा०—७१ महिलासह०, उदा० ९० पविमल्ली० ।

७ काव्यप्रकाशे उदा० ६५ केसेसु बलामोडिअ० ।

हेत्वलंकारस्य द्वैरूप्यं प्राचामभिमतम् (१) कार्यविधेयहेतुत्वेन हेतुना सह हेतु-मतो यद् वर्णनम् तदुक्तमेकम् (२) एवं च हेतुमता हेतोरभिन्नतया यद् वर्णनं तदपरम्। अनयोरेव प्रथम तत्र काव्यादर्शकारो दण्डी—'हेतुश्च सूक्ष्मलेशौ च वाचामुत्तमभूषणम्' इति भूषणत्वेनैव पश्यति, प्रस्तौति च तत्प्रभेदान् सार्धचतुर्विंशति कारिकोदाहृती[1]। भामहाचार्यस्तु तत्र

'हेतुश्च सूक्ष्मो लेशश्च नालंकारतया मतः।
समुदायाभिधानस्य वक्रोक्त्यनभिधानतः॥'[2]

इत्येवमनलङ्कारतां पश्यति, वामनोद्भटरुद्रटाश्च तद्दर्शनं तथैवानुमोदन्ते, हेतुमिममलङ्कारत्वेन च न मन्यन्ते[3] यद्यपि भामहस्य दर्शनमिदं सूक्ष्म-लेशयोः कृते रुद्रटस्य मतिं न विलुम्पति, पश्यत्येव स तयोरलङ्कारभावम् तथापि हेतोः कृते दण्डिनः पदवीं भामहस्वीकारेणामी मोचयितुं न प्रभवति तद्दर्शनम् —

हेतुमता सह हेतोरभिधानमभेदकृद् भवेद् यत्र।
सोऽलंकारो हेतुः स्यादन्येभ्यः पृथग्भूतः॥'[5]

इत्येवं भिन्नमेव पन्थानमुन्मील्य "अविरलकमलविकास···काल" इत्यादिना निदर्शयति, तमनेन च नानुमोदनमुपयुक्तानाः महद्भ्यः परम्परया। अनयोः प्रथम काव्यलिङ्गनाम्ना जीवितिचारि विमर्शिनादयस्तिविषयावर्षेद-

---

१. काव्यादर्शस्य २।२३५-६१।

२. काव्यालंकारे २।८६, अत्र मतमिदं चात्र २६६ पृष्ठे प्रथम पाद-टिप्पणे "गतोऽस्तमर्क" इत्यादिकारिका प्रस्तौति। समुदायाभिधानं—वाक्यार्थप्रतिपादनम्।

३. वामनोद्भटरुद्रटानां काव्यालंकारेषु हेतुभेदस्यानुपलम्भादियमुक्तिः।

४. रुद्रटः सूक्ष्मलेशौ मनुते, पार्थक्येन चानयोरलङ्कारत्वमाकलयति। द्र० काव्यालं० ७।९८-१०२। सूक्ष्मे काव्यप्रकाशोक्तमपि अलंकारभावं पश्यति, यतोऽत्र उक्तार्थे "कुरुते ललितं" इत्यादिना लक्षणोदाहरणाभ्यां तदुदाहरत्यपि।

५. रुद्रटकाव्या० ७।८२। काव्यप्रकाशे तत्त्वालोकस्य "हेतुमता सह" इत्यादिकारिकार्थमेव स्वीकृत्य, काव्यलिङ्गालंकारो वामनाचार्यैः पुनरत्र तद्भेदो-भूतं रामयति।

नामुपन्यासे परिकरविच्छित्तिमभिमनुते—

"यद्यप्यपुष्टार्थस्य दोषताभिधानात् तन्निराकरणेन पुष्टार्थस्वीकारः कृत. तथापि एकनिष्ठत्वेन बहूना विशेषणानामेवमुपन्यासे वैचित्र्यमित्यलङ्कारमध्ये गणित."[1] ।

इत्येव च ता दोषाभावान्तर्भावविपत्तेरस्तायं अलङ्कारत्वरूप गजस्कन्धमधिरोपयते तस्य "आयुर्घृतमि"त्यादिषु एकाविहेतुहेतुमद्भावस्थलेषु मा भूदलङ्कारत्वधी

"आयुर्घृतं यशस्त्यागो भयं चौरः सुखं प्रिया ।
वरं द्यूतं गुरुज्ञानं श्रेयो ब्राह्मणपूजनम् ॥"[2]

इत्यादिषु, "अविरलकमले"त्यादिषु, "उल्लास" इत्यादिषु च तादृशानेकहेतु-हेतुमदभेदभासु काव्यरत्नेषु तु सा कथ न जायत इति परमस्य विस्मयावह-मेव । एव प्रथम हेतुभेदमलङ्कारतयाङ्गीकृत्य परत्र प्रत्यवतिष्ठमान श्रीमम्मट ज्यारिगणे बद्धश्रद्धस्तन्द्रमम क्षिपति, मशकप्रमाण काचं बहुमन्यमान स्फटिक जुगुप्सते, कलहायमानयोश्च वालि-सुग्रीवयो सुग्रीवमेव हिनस्ति, वालिनमेव रक्षति । किमत्र तत्त्वमिति चेदिदम्—

हेतुहेतुमतोरभेदेन जायमाना विच्छित्तिरभेदमेवोपजीवति, न हेतुत्वम् । ततश्च तस्या हेतुनाम्ना व्यपदेशोऽनुचित, विच्छित्तिजनकनाम्नैवालङ्काराणा व्यपदेशस्य निर्धारणात् । अत एव सत्यामपि सामग्र्याम् अनन्वय उपमापदेन न व्यपदिश्यते, तत्र विच्छित्ते. द्वितीयसदृशव्यवच्छेदजनितत्वात्, एवमेव उपमेयोपमापि, तस्या तृतीयसदृशव्यवच्छेदाश्रितत्वात् । एव यदि विच्छित्ति-निदानम् अभेदमुल्लङ्घ्य अभेदानुयोगिनो हेतोर्नाम्ना व्यपदेश क्रियते तर्हि तत्प्रतियोगिना हेतुमता किमपराद्ध, तन्नाम्नैव व्यपदेश कथमत्र न क्रियते हेतुमानिति भ्रान्तिमानितिवत् । नास्ति चात्र अभेदोपि विच्छित्तिकारणम्, हेतौ हेतुमत आरोपस्यैव तत्कारणतयानुभूयमानत्वाद् । अस्ति चाभेदारोपयो-

---

1 परिकरालङ्कारप्रकरणे काव्यप्रकाशवृत्ति ।

२. रुद्रटकाव्याल० ७।८२—कारिकाया नमिसाधोर्विवृति । अत्र विरलविद् निदर्शनामप्यनेकत्वात्, तेषु च प्रकृताप्रकृतोभयान्वितात्कल्पनाया. मतवाद् दीपक-तुल्ययोगिताभ्यामसाङ्कर्यप्रसङ्गो हेतुभेदस्य विघटयतीति एकनिष्ठ-तया अनेकेषामभेद प्रस्तुवन्ति "अविरलकमलविकास" इत्यादीन्येवोदाहरणानि समीचीनतराणि ।

कान्ता निरस्तम्ये'त्यादि, तदितरसंबन्धमूलकाय च तस्मै

"उल्लासो लतिकानामकालमूर्च्छा वियोगिवर्गस्य ।
प्रभवति दक्षिणवायुर्बहुजयो मदनमल्लस्य ॥" इत्येतत् पद्यरत्नम् ।

निराकरोति च सादृश्यैकमूल आरोपे रूपकत्वमावध्नन जरत्तरानेवम्—

इहान्ये सादृश्यनिमित्त एवारोपो रूपकं, न संबन्धान्तरनिमित्तकोऽपि, तेन संबन्धान्तरपूर्वक आरोपो वैचित्र्यमात्रम्, न त्वलंकारः कश्चिदिति" मन्यन्ते, पठन्ति च "उपमैव निरोभूतभेदा रूपकमिष्यते" इत्यादि । तन्न निपुणहृदयावर्जकम् । तथा हि इह तावद् द्विविधा लक्षणा, प्रयोजनरहिता रूढा, तद्युता च कार्या । तत्र रूढायाः प्रयोजन-व्यंग्यार्थाभावादभिधावद् वैचित्र्य-चारुत्वाविरहान्न रसपरिपोषकत्वमिति नालंकारता । कार्या पुनस्त-द्वलसम्पत्त्येन काव्यजीवितायमाना सर्वथा कविभिरादरणीयेति सर्वेषां ध्वनि-कारादीनामविप्रतिपत्तिः । न च तस्याः सादृश्ये संबन्धान्तरे वा कश्चिद् विशेषो, येनैकत्रालंकारता, परत्र तदभाव इति स्यात् । न च संबन्धान्तर-निमित्त आरोपोऽलंकारतया लक्षितः, नापि तद् युज्यते, रूपकसाजात्येन तदन्तर्भावस्यैवोचितत्वात् । अत एव 'आरोपो रूपकमि'ति सामान्येनैव सूत्रितम्, न च सादृश्यमित्यनुपपन्नम् ।[1]

संगृह्णाति चामुं सर्वमेवाभिप्रायमनया कारिकया—

"सादृश्यसंबन्धनिबन्धनाया अलंकृतित्वं यदि लक्षणायाः ।
साम्येऽपि सर्वस्य परस्य हेतोः संबन्धभेदेऽपि तथैव युक्ता ॥

अलङ्कारविमर्शिनीकारो राजानकश्रीजयरथोऽपि रत्नाकरमिमं प्रगुणवन्नलङ्कार-भाष्यालङ्कारानुसारिणीकृत्तौ शुद्धारोपप्रसूतस्याप्यारोपस्य रूपकालङ्कृतित्वा-यानुगुणं मतमिदमेवमुपन्यापयति—

"केषाचित् संबन्धान्तरहेतुरप्यारोपो रूपकांगमेवेति मतम् । यदाहालंकार-भाष्यकार—"लक्षणापरमार्थं यावता रूपकम्" इत्युपक्रम्य "सारोपान्या च सादृश्याद् वा संबन्धान्तराद् वा" इत्यादि । स तु यथा—

"अमृतकवलः शोभाराशिः प्रमोदरसप्रपा
सितिमशकटं ज्योत्स्नावाहो तुषारघरट्टिका ।

[1] अलङ्काररत्नाकरस्य पुनानन्करणे पृ० ३२-३३ ॥

पण्डितराजोऽपि च "उल्लास" इत्यादिनि[1] पद्ये। अत एव च रत्नाकरकारो हेत्वलङ्काराय काव्यलिङ्गात्मकं प्रथममेव हेतुभेदं लक्षयति, काव्यलिङ्गमिति नाम विहाय च "हेतु"शब्देनैव तं व्यपदिशति[2]। द्वितीयं चाभेदभूतं हेतुभेदं रूपक एव प्रागुक्तेन क्रमेण गतार्थयति। एवमेव चातिशयोक्तिप्रथमभेदेऽपि "आयुरेवे"त्यादिकं सङ्कलयितुं तल्लक्षणे सादृश्येतरमपि सम्बन्धमुपाददद्यात्। यदि च "आयुर्घृतम्" इत्यादावारोपापेक्षयाऽतिशये चमत्काराधिक्यमनुभूयेत तर्हि "कार्यकारणयोः पौर्वापर्यविपर्ययतो" जायमानायामतिशयोक्तौ भेदममुं सङ्कलय्येन, तदर्थं च तल्लक्षणं "कार्यकारणयोर्भेदक्रमयोर्यो विपर्ययः" इत्येव सङ्कोचयेत्। अस्ति चात्र हेतुहेतुमद्भावाश्रित एवातिशयः, अत एव दण्डिना हेतुनाम्नैव व्यपदिश्यते भेद एषोऽतिशयोक्ते काव्यादर्शे[3]। अत एव च काव्यप्रकाशे नरसिंहमनीषां रचितवान् नरसिंहठक्कुरोऽपि शुद्धासारोपाया अतिशयोक्तेरस्मिन् भेदे चारितार्थ्यं[4] पश्यति, यद्यपि पूर्वोक्तेन क्रमेण लक्षणमशोधयित्वा तेन स्वत्र तत्र चारितार्थ्यं न लभ्येत, पौर्वापर्यविपर्ययमात्रेण कार्यकारणयोरभेदारोपस्य प्रतिपेद्धुमशक्यत्वात्।

ननु—"शक्यतेऽनया शुद्धस्य आरोपस्य रूपके, अतिशयोक्तेश्चतुर्थे भेदे वा सङ्ग्रहः कर्तुम्, तद्विशिष्टानाम् "अविरल-कमलविकास" इत्यादीनां काव्यानामुपलभ्यमानत्वात्, शुद्धाध्यवसानस्य तु का गतिः, तद्घटितस्य काव्यस्योदाहरणतया अनुपस्थानत्वादि"ति चेद्, अस्ति तस्यापि तादृशमेव भवतः पुर एव स्फूर्जमानमुदाहरणम्। किं तदिति चेदिदम्—

"आराध्यैनं शरवणभवं देवमुल्लङ्घिताध्वा
सिद्ध-द्वन्द्वैर्जलकणभयाद् वीणिभिर्मुक्तमार्गः।

---

1. "उल्लास" इत्यादेः श्लोकस्य विवरणे "अत्र वृत्त्यनुप्रास-प्राचुर्यादोजोगुणप्रकाशकत्वाच्च शब्दस्य, प्रसादगुणयोगादनन्तरमेवाधिगतस्य रूपकस्य हेत्वलङ्कारस्य वा वाच्यस्य चमत्कृत्योस्तुल्यस्फुरणत्वात् सममेव प्राधान्यमिति रसगङ्गाधरे काव्यस्यासमभेदनिरूपणान्ते पण्डितराजो रूपकत्वमत्र प्रतिपद्यते।

2. "परमात्मक लिङ्ग हेतुः"। (सू० ७९ अल० रत्ना०)। "लिङ्गेन परमात्मकं परार्थानुमानरूपं काव्यलिङ्गपर्यायो हेतुः" इति (वृत्तिस्तत्रैव)।

3. काव्यादर्शस्य २।२५३, २५७।

4. नरसिंहमनीषाया बालबोधिन्यामुद्धृता इयं पङ्क्तिः—"शुद्धसारोपा तु चतुर्थातिशयोक्तिस्थिके"ति। द्र० बालबोधिनी "लक्षणा तेन षड्विधे"ति प्रकरणान्ते।

परिचर्चा

पु ला भार्गव — मम्मने तु 'स्वसिद्धये पराक्षेप परार्थं स्वसमर्पणम्। उपादान लक्षण चेत्युक्ता शुद्धैव सा द्विधा' इति कथयता मम्मटेन स्पष्ट कृत यदत्र तृतीय मतमेव मम्मटाभिसम्मत वर्तते। अस्मिन् विषये विवादस्य अवसर एव नास्ति।

रे. प्र द्विवेदी — वस्तुतो नास्ति विवाद । प्रदीपकृतायमेव हेतुर्दत्त—"रूढि प्रयोजनाभ्या भेदे सभवत्यपि 'एव—'तु'—शब्दयोरनालोचनाविजृम्भितत्वादनादेयम्" इति तु मया तस्य वाक्यानि उद्धृतानि। अत स एव भेदोऽस्माभि स्वीक्रियते। अत्र एक एव हेतुरस्माभि प्रतिपादित, उपादेयतारूप । अन्येऽपि तावद् हेतव सन्ति तेऽत्र नोपस्थापिता । तेषु अस्याप्यन्तर्भाव ।

अ न. जानी — इयमपि मान्यतैका वर्तते पण्डितेषु यत् काव्यप्रकाश मम्मटेनाल्लटसूरिणा चोभाभ्या लिखित—"कृत श्रीमम्मटाचार्यवर्यै परिकरावधि । प्रबन्ध पूरित शेषो विधायाल्लटसूरिणा"। अत्र प्रष्टुमना अस्मि—अप्यय भाग अल्लटसूरिविरचिते भागे प्राप्यते उताहो मम्मटेन रचिते ।

रे प्र द्विवेदी — अल्लटसूरिविरचितभागे।

अ न जानी — तदा तु मतद्वय वर्तेतैव।

रे प्र द्विवेदी — परिकरालकारात् परम् अल्लटसूरिविरचिते भागे वर्तते कारणमालालकारस्य वर्णनम्। कारणमालालकारस्य वृत्तौ एव वर्तते एतस्य हेत्वलकारस्य खण्डनम् । किन्तु चतुर्थे उल्लासे मम्मटकृतान् प्रयोगानेव दृष्ट्वा अल्लटसूरिणा हेत्वलकारे चमत्कारभाव स्वीक्रियते। मम्मटेनामकृत् चतुर्थे उल्लासे कथ्यते यत् अत्र काव्यलिंगमिति यद् वक्तव्य तत् कैश्चिद् उच्यतेऽत्र हेत्वलकार इति। अत्र काव्यहेतु अत काव्यलिंगालकारो वर्तते। हेतुहेतुमतोर्यत्राभेदो वर्तते ईदृश न किमप्युदाहरणमधिकृत्य तेनोक्तम् अत्र हेत्वलकार इति। वस्तुत कुत्रचनापि उदाहरणेषु मम्मटेन हेत्वलकारस्य नामोल्लेखो न क्रियते । इदमेव मनसि कृत्वा अल्लटसूरिणा अग्रे उच्यते यदत्र एवविधेषु हेत्वलकारस्यलेषु चमत्कारो नास्ति । सर्वेऽपि एतादृशा प्रयोगा अस्माभि समुपस्थापिता ।

कामिनी और कचन की आसक्ति से दूर करना पर अभिव्यक्ति में कुछ ऐसी त्वरा होती है, वह ऐसी लजीज और अजीज हो जाती है कि आसक्ति दूर तो क्या होगी वह और भी बढ़ने लगती है। हिन्दी मे उग्रजी का साहित्य इसका उदाहरण है। उग्रजी की पुस्तकें "चद हसीनों के खतूत", "बुधुआ की बेटी", "चाकलेट" का थीम कोई बुरा नही, सब मे नवयुवको की चरित्रभ्रष्टता को दूर कर उनके पवित्राचरण की ही वकालत की गई है। पर उनकी शैली मे कुछ ऐसी उग्रता है कि वह अपने आधार पर ही कुठाराघात करने लगती है, जिस चीज का विरोध करना चाहती है उसी के प्रति आसक्ति, आकर्षण उत्पन्न करने लगती है।

दूसरी ओर यह भी सभव है कि कवि या कथाकार युद्ध पर या अन्य किसी दुर्धर्ष विषय पर रचना कर रहा है पर फिर भी उसकी अभिव्यक्ति इतनी सौम्य हो, मतुलित हो कि उसे पढ़ कर या सुन कर हृदय में शान्ति के ही भाव उत्पन्न हो। गाधी जी कहा करते थे कि यदि अहिंसा-दर्शन एक व्यापक दर्शन है तो उसमे युद्धो को भी सभालने की शक्ति होनी चाहिये। उसी तरह कहा जा सकता है कि साहित्यिक अभिव्यक्ति सबको ही सभाल सकती है। जयवर्द्धन नामक उपन्यास का एक पात्र कहता है "मै मान नही सकता कि आधी का चित्र शान्त नहीं हो सकता"। साहित्य मे या दर्शन मे युद्ध और विग्रह हो, पर साहित्य-दर्शन को स्वय कभी विग्रहात्मक होने को नही कहा जा सकता। जिन्दगी जो दीखती है वही तक वर्णन का लाभ नहीं है। उसकी एक भूमिका, एक परिपार्श्व देकर प्रस्तुत करना पड़ता है। वही साहित्यदर्शन की विशिष्टता है। कुरुक्षेत्र मे सहस्र लक्ष व्यक्ति मारे गए लेकिन इस आख्यान पर रचे गए महापुराण ने इतिहास को और सस्कृति को और धर्म को जीवित रखा। वह युद्ध को भी, हिंसा को भी, हत्या को भी, भ्रष्टाचार को भी इस तरह वर्णित कर सकता है, इस तरह अभिव्यक्ति दे सकता है कि वह भी साहित्य हो जाय, 'सहस्य भाव' को जाग्रत करने लगे। और वास्तव मे देखा जाय तो साहित्य यही करता भी आया है। वहाँ शृगार रस है, तो करुण रस भी है, बीभत्स भी है, वीर भी है, हास्य भी है। सभी का मूल रूप भिन्न-भिन्न है पर सभी साहित्य मे आकर रस ही हो गए हैं, सब पारस्परिक भेदभाव को भूल कर एक साथ बैठे हैं। साहित्य के 'दीरघ दाघ निदाघ' ने जगत को तपोवन बना दिया जहाँ कहिलाने मे अहि, मयूर, मृग, बाघ एकत्र रहने लगे है। यही काम साहित्य करता आ रहा है, आज भी उसे यही करना चाहिये।

जब से लोगों के बीच वैज्ञानिक दृष्टि का विकास हुआ और व्यक्ति पर भी यान्त्रिक दृष्टि से विचार करने की प्रवृत्ति जगी तब से यह सोचा जाने लगा कि जिस तरह का वर्ण्य विषय होगा उसी तरह की प्रतिक्रिया पाठक मे भी जगेगी। अमुक भाति का विषय, अमुक भाति की प्रतिक्रिया। तुलसी ने भक्ति-परक कविता

यहाँ पर साहित्यिक अभिव्यक्ति से मेरा क्या अभिप्राय है मेरा क्या तात्पर्य है और वह साधारण अभिव्यक्ति से क्यों कर श्रेष्ठ है—इस बात को स्पष्ट करने के लिए मुझे जरा कवि बनने दीजिये। दो प्रांत थे, दोनों स्थानों में आर्थिक मंदी के कारण बेरोजगारी छा गई। निर्णय यही हुआ कि लोगों को आर्थिक वृत्ति तो दी ही जाय, इसके सिवा दूसरा कोई चारा ही नहीं है पर वृत्ति प्राप्त करने की शर्तें ऐसी कड़ी कर दी जाय कि लोगों को इसके लिये उत्साह न रहे पर परिणाम जो सामने आया वह अति भयंकर था। जब कभी जाँच करने वाले निरीक्षक उनके यहाँ जाकर छोटी-छोटी बातों की पूछताछ करते तो उन्हें अखरता और वे समझते कि उनकी विपन्नता का उपहास किया जा रहा है। उन्हें लगता कि उनकी भिखमंगी पर उनकी पत्नियाँ, बच्चे आत्म-ग्लानि से गले जा रहे हैं। उनमें साहस नहीं रह गया कि वे समाज के अन्य सदस्यों में आँखें मिला सकें। कुछ ने तो आत्महत्या कर ली। कुछ ने इस धिक्कृत जीवन में चोरी करना और डाका डालना ही श्रेयस्कर समझा। दवा रोग से भी भयंकर निकली।

दूसरे प्रान्त में भी वृत्तिदान के द्वारा ही समस्या हल की गई। पर वहाँ पर इसे दान न कह कर दावा कहा गया। प्रायः समझा यही जाता है कि मनुष्य भावों से प्रभावित होता है, "भाव अनूठो चाहिये, भाषा काऊ होय"। पर अब यह बात समझ में आने लगी कि "भाषा" (अभिव्यक्ति) अनूठी चाहिये, 'भाव काऊ होय'। प्रभविष्णुता भाषा, अभिव्यक्ति, में रहती है, भाव में नहीं। वह भाषा-परक है, भाव-परक नहीं। कहा गया कि हम Risk Cover करने के लिये बीमा कराते हैं ही, थोड़ी थोड़ी अर्थ-राशि किस्तों के रूप में जमा करते हैं, जब पालिसी परिपक्व हो जाती है, हमें रकम मिल जाती है। वह तो दान नहीं, हम उसके दावेदार हैं। आज जो समाज में समृद्धि है उसको बनाने में सभी ने थोड़ी-थोड़ी किस्त जमा की है। वह ऐसे ही अवसरों *के लिए तो किया गया था। आज अर्थसंकट रूपी दुर्घटना के कारण वह पालिसी* मेच्यूर कर गई है और रुपये प्राप्त हो रहे हैं तो यह उचित ही है। यह सीधा सादा व्यापारिक मामला है, इस हाथ दे उस हाथ ले, अन्तिम किस्त की अदायगी अर्थात् वृत्तिदान का प्रारम्भ बड़े धूम-धाम से किया गया। इस समारोह का उद्घाटन राष्ट्रपति के करकमलों के द्वारा किया गया। फोटो लिया गया। वृत्ति-प्राप्त व्यक्तियों का फोटो अखबारों में प्रकाशित किया गया। जहाँ एक प्रान्त में इस दान के कारण अराजकता फैली वहाँ दूसरे में सुराज की स्थापना हुई। प्रश्न यह है कि यह जादू क्यों कर संभव हो सका।

दूसरा उदाहरण लीजिये। जब विश्वव्यापी द्वितीय महायुद्ध चल रहा था। तो एक ही समाचार दो रूप में प्रकाशित किये जाते थे। French army in

उदाहरण के लिये इस स्थिति को ध्यान पूर्वक देखिये जब दो अपरिचित व्यक्ति आपस में मिलते हैं। प्रश्न यह है कि जो अपरिचय की दीवार उनके बीच खड़ी है वह कैसे टूटे और वे किस तरह समीप जायें ? पर अब देखिये उनमे किस तरह बात प्रारम्भ होती है।

"Fine day, isn't it ?" दिन बड़ा सुहावना है।

"It certainly is" हां, अवश्य (मिलन का प्रथम आधार बिंदु प्राप्त हुआ। आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त)।

'Altogether it has been a fine summer सब मिलाकर इस बार ग्रीष्म ऋतु बड़ी अच्छी रही।

"Indeed, it has been What a nice spring too सही है, इस बार बसंत ऋतु भी सुखद रही (दो मिलनबिंदु प्राप्त हो ही गये है। दूसरा व्यक्ति तृतीय मिलनबिंदु पर सहमत होने का निमंत्रण दे रहा है)।

"हां, बसंत ऋतु भी सुखद थी" (तीसरे बिंदु पर सहमति प्राप्त)।

अब मैत्री का मार्ग प्रशस्त है जिस पर वे आगे बढ़ सकते हैं।

प्रश्न यह है कि अजनबीपन का, अपरिचय का, पृथकत्व का चट्टान कैसे टूटा ? दो लोक के प्राणी एक कैसे हुए ?

उत्तर है शुद्ध अभिव्यक्ति। यहां अभिव्यक्ति पर ध्यान दें। यदि यह नहीं होती तो सारे मैत्रीभाव के बावजूद भी वहां पर पारस्परिक सम्मेलन की घटना नहीं घट सकती। कल्पना कीजिये कि एक व्यक्ति ने स्पष्ट शब्दों में दूसरे के प्रति अपने मैत्रीभाव की घोषणा की। यह सुनकर दूसरे के हृदय में तुरन्त शंका पैदा हुई कि कुछ दाल में काला है। यह व्यक्ति ठग है, इसकी दृष्टि मेरी थैली पर है और येन केन प्रकारेण वह मेरे विश्वास को प्राप्त कर मुझे अंत में लूटना चाहता है। अंत में जाते जाते बात यहां तक बढ़ सकती है कि वहां साम्प्रदायिक दंगा हो जाय, पुलिस को गोली चलानी पड़े और कितने निरीह व्यक्तियों की जान जायें। प्रश्न यह है कि घटनाओं ने यह विचित्र मोड़ क्यों लिया। प्रारम्भ तो मैत्री के प्रदर्शन में ही हुआ था, एक ने दूसरे के प्रति प्रेम के ही भाव प्रगट किये थे। पर वहां पर यह दुखद दृश्य कैसे सामने आया ? उत्तर है. शुद्ध अभिव्यक्ति। भाव तो मैत्री के ही थे। प्रेम के ही थे। बड़े सुन्दर भी थे पर वे जिस तरह अभिव्यक्त किये गये वह ढंग उग्र था, हिंसात्मक था, उसमें त्वरा थी और उसी में ध्वंस के बीज छिपे थे। यही है सद्भाव की अहिंसात्मक अभिव्यक्ति। चाहे तो इसे आप अनौचित्य कह सकते हैं।

जितना उसके आस्वाद पक्ष का, किन्तु यह आरोप तथ्यमूलक प्रतीत नही होता कि संस्कृत काव्य-समीक्षको ने काव्य के सर्जना-पक्ष की सर्वथा उपेक्षा की। अलंकारशास्त्र के विभिन्न ग्रथो मे काव्य-सर्जन के विषय मे अनेक महत्त्वपूर्ण धारणाओं व विचारो का निरूपण मिलता है जिससे यद्यपि काव्य के निर्माण-पक्ष का समग्र चित्र तो नहीं उभरता, फिर भी काव्य के इस महत्त्वपूर्ण पक्ष के सम्बन्ध मे संस्कृत काव्य-विवेचकों की सम्यक् अभिज्ञता का परिचय तो मिल ही जाता है। प्रस्तुत निबंध मे संस्कृत आलंकारिको के काव्य-सर्जना से संबन्धित विचारो की एक संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करने का यत्न किया जा रहा है।

संस्कृत मे काव्य-निर्माता का सामान्य अभिधान 'कवि' है जिसकी व्युत्पत्ति 'कु शब्दे' या 'कुङ् शब्दे'[1] या 'कव् (वृ) वर्णे'[2] या 'कव् वर्णने'[3] धातुओं से उणादि इ प्रत्यय के योग से मानी गई है। अत कवि शब्द का व्युत्पत्ति-लभ्य अर्थ है 'शब्दनीय' 'वर्णनीय' या 'कवि का कर्म'।[4] संस्कृत साहित्य मे कवि शब्द का काव्य-रचयिता के अलावा स्तोता, विचारक, विद्वान्, अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न, सर्वज्ञ, स्रष्टा, ऋषि, क्रान्तदर्शी, भविष्यद्रष्टा आदि नाना अर्थो मे प्रयोग हुआ है। शतपथ ब्राह्मण मे कवि को ऋषि से अभिन्न माना गया है। ईशोपनिषद् में ईश्वर के लिए 'कवि' विशेषण का प्रयोग मिलता है—कविर्मनीषी परिभू स्वयभू। शंकराचार्य के अनुसार यहाँ कवि का अर्थ है क्रान्तदर्शी या सर्वद्रष्टा[5]। आनन्दवर्धन ने कवि-प्रतिभा के लिए 'दृष्टि'[6] शब्द का प्रयोग करते हुए कवि को मुख्यत द्रष्टा माना है। राजशेखर का भी यही मत है। उनके अनुसार प्रतिभायुक्त व्यक्ति परोक्ष पदार्थों को भी देख लेता है जब कि प्रतिभा-विकल जन को प्रत्यक्ष वस्तुएँ भी अदृष्ट रहती हैं।[7] अन्यत्र राजशेखर ने महाकवि को दिव्य द्रष्टा बतलाते हुए कहा है कि त्रिलोचन शिव तथा सहस्रनेत्र इन्द्र भी जिसे नहीं देख पाते उसे कवि अपनी प्रातिभ दृष्टि से अनायास प्रत्यक्ष कर लेता है। राजशेखर के मत मे कवियो के मतिदर्पण मे समस्त विश्व

१ अमरकोश, भानुजी दीक्षित कृत टीका, निर्णय सागर प्रेस, पृ २५२
२. काव्यमीमांसा, अध्याय ३
३ काव्यानुशासन, अध्याय ८, सूत्र १
४. अभिनवभारती (गायकवाड ओरियन्टल सिरीज) भाग २, अध्याय १६, पृ. २९७ (प्रथम संस्करण)
५. ईशोपनिषद, मंत्र ८ पर शंकराचार्य का भाष्य
६. ध्वन्यालोक, उद्योत ३
७ काव्य-मीमांसा, अध्याय ४

वहाँ कवि-वाणी की अपरिसीम।[1] मम्मट के मत मे ब्रह्मा की सृष्टि नियति-कृत नियमो से बद्ध है, सुख, दुःख तथा मोह मे आपूर्ण है, उपादान आदि कारणो के परतन्त्र है तथा केवल षड्रसो से ही युक्त है, जब कि कवि-निर्मिति नैसर्गिक नियमो से रहित, एकमात्र आह्लाद-स्वरूप, बाह्य कारणो मे अनधीन तथा नवरसो से आप्यायित है।[2] इस प्रकार सस्कृत काव्य-समीक्षको ने काव्य को एक मौलिक व अपूर्व सृजन मानते हुए काव्यलोक मे कवि के सार्वभौम स्वातन्त्र्य को स्वीकार किया है।[3] कवि ब्रह्मा द्वारा निर्मित जगत् का अनुकर्ता मात्र नहीं है, वह एक नूतन और विलक्षण सृष्टि का विधाता है। उसका विधातृत्व न केवल ब्रह्मा के समकक्ष है, अपितु उससे भी श्रेष्ठतर है।

सस्कृत समीक्षा-शास्त्र मे कवि व्यक्तित्व को पर्याप्त महत्त्व दिया गया है। काव्य कवि-व्यक्तित्व की सृष्टि है, उसी की आत्माभिव्यजना है। जिस प्रकार बीज ही वृक्ष के रूप मे विकसित होता है उसी प्रकार कवि की अनुभूति ही काव्य का रूप ग्रहण करती है। अलकारवादी और रीतिवादी आचार्यों की दृष्टि प्रधानतया काव्य के बहिरग के विश्लेषण-विवेचन तक ही सीमित थी अत वे काव्य-निर्माण मे कवि व्यक्तित्व के यथार्थ महत्त्व का समुचित मूल्याकन नही कर सके, यद्यपि उसका एक अस्पष्ट निर्देश उन्होंने अवश्य किया है, किन्तु रस-ध्वनिवादी आचार्यों ने कवि-व्यक्तित्व तथा कृति के सम्बन्ध का विशद निरूपण किया है। अलकारवादी भामह के अनुसार कवि का पार्थिव रूप तो काल-कवलित हो जाता है परन्तु उसका काव्यमय वपु चिरस्थायी रहता है।[4] राजशेखर के अनुसार जैसा कवि का स्वभाव होता है वैसा ही उसका काव्य हुआ करता है।[5] आनन्दवर्धन द्वारा उद्धृत एक आनुवश्य श्लोक के अनुसार यदि कवि शृगारी हो तो जगत् रसमय हो जाता है यदि वह वीतराग हो तो सब कुछ नीरस प्रतीत होने लगता है।[6] कुन्तक ने भी वक्रोक्ति-तत्त्व को कवि-व्यापार-जन्य विच्छित्ति या वैचित्र्य से युक्त भगीभणिति कह कर कृतिगत सौन्दर्य के विधान मे कवि-व्यक्ति का योग स्वीकार किया है।[7] इसी प्रकार रीतियो के वर्गी-

१. लोचन, ध्वन्यालोक उद्योत ४ पृ ५२७
२ काव्य-प्रकाश, उल्लास १, कारिका १
३ ध्वन्यालोक, उद्योत ३, कारिका ४३ की वृत्ति, पृ ४९८
४. काव्यालंकार (भामह कृत) १, ६
५ काव्य-मीमासा, अध्याय १०
६ ध्वन्यालोक, उद्योत ३, कारिका ४३ की वृत्ति, पृ ४९८
७. वक्रोक्तिजीवित १.७

चेत् कविः काव्ये' आदि श्लोक की व्याख्या में लोचनकार ने स्पष्ट कहा[1] है कि यहाँ शृंगारी का अर्थ स्त्री-व्यसनी नहीं है, वरन् 'शृंगाररसोचित विभाव, अनुभाव आदि की चर्वणा-रूप प्रतीति में युक्त' यह अर्थ लिया जाना चाहिए। इस प्रकार संस्कृत अलंकारशास्त्र ने कवि के सर्जनधर्मा अलौकिक काव्यात्मक व्यक्तित्व को काव्य का मूल तत्त्व स्वीकार किया है।

अब प्रश्न यह है कि कवि काव्य-निर्माण में क्यों प्रवृत्त होता है? वह कौन-सी महती प्रेरणा या उत्प्रेरक प्रयोजन है जो उसे सर्जनोन्मुख बना देता है। प्रायः सभी संस्कृत आलंकारिकों ने काव्य के प्रयोजनों पर विचार करते हुए उन्हें दो वर्गों में विभक्त किया है—(१) कवि के प्रयोजन, (२) सहृदय के प्रयोजन। अधिकतर आचार्यों ने कीर्ति, प्रीति, अर्थ-प्राप्ति, अनर्थ-निवारण तथा पुरुषार्थ-चतुष्टय को कवि की दृष्टि से प्रयोजन स्वीकार किया है। भामह के अनुसार महाकवियों के दिवंगत हो जाने पर भी उनका काव्यमय कलेवर अक्षुण्ण रहता है।[2] जब तक कवि की अनश्वर कीर्ति पृथ्वी और अन्तरिक्ष में व्याप्त रहती है तब तक वह दिव्य लोक में निवास करता है।[3] अतः भामह के अनुसार चिरस्थायी कीर्ति की वांछा हो तो मनुष्य को काव्यरूप प्रयत्न में दत्तचित्त होना चाहिए।[4]

रुद्रट के अनुसार भी अलङ्कृत व सरस काव्य के रचयिता महाकवि का यश आकल्प स्थायी रहता है।[5] मम्मट ने यश की काव्य-प्रयोजनता का निरूपण करते हुए कालिदास का दृष्टान्त दिया है।[6] रुद्रट व मम्मट ने अर्थप्राप्ति, रोग विमुक्ति या शिवेतरक्षति को भी काव्य-प्रयोजन स्वीकारा है।[7] किन्तु हेमचन्द्र ने अर्थ-प्राप्ति व अनर्थ-निवारण को अनैकान्तिक बतलाते हुए केवल आनन्द और यश को ही प्रयोजन माना है।[8] भामह और विश्वनाथ ने पुरुषार्थचतुष्टय को भी काव्य-प्रयोजन के रूप में प्रस्तुत किया है।[9] अभिनवगुप्त ने अन्य प्रयोजनों को अस्वीकार करते हुए प्रीति या आनन्द को ही काव्य का प्रमुख व

१. ध्वन्यालोक, उद्योत ३ पृ. ४९८ का लोचन
२. काव्यालंकार (भामह कृत) १, ६
३ वही १, ७
४. वही १, ८
५ वही १,४
६. काव्यप्रकाश १, २ की वृत्ति
७. काव्यालंकार (रुद्रट कृत) १, ८; काव्यप्रकाश १, २
८ काव्यानुशासन, अध्याय १ सूत्र ३
९ काव्यालंकार (भामहकृत) १, २; साहित्यदर्पण अध्याय १

भावावेग की स्थिति में मनुष्य की चित्तवृत्ति स्वत विलाप-प्रलाप आदि के रूप में प्रवाहित होने लगती है उसी प्रकार वाल्मीकि की वह तीव्र शोकानुभूति भी 'मा निषाद' आदि श्लोक के रूप में छलक पड़ी। शोक की यह श्लोक-परिणति आकस्मिक एव स्वत स्फूर्त थी जिससे कि वाल्मीकि को बाद में यह विस्मय हुआ कि शकुनि के शोक से आर्त मेरे मुख से यह कैसी वाणी फूट पडी? यद्यपि आदि कवि की प्रथम वाणी का वाच्यार्थ शोक नहीं है, वह तो शापपरक ही है, तथापि वह व्यजना द्वारा कविगत साधारणीकृत शोक की ही अभिव्यक्ति है। अभिनव के अनुसार वाल्मीकि का यह (साधारणीकृत) शोक आवेग के कारण स्वत स्फुरणा द्वारा श्लोक-बद्ध हुआ, न कि किसी प्रयत्न के द्वारा। करुण रस या अन्य रसों का स्वभाव ही उच्छलन या छलक पडना है। अत कवि का रसावेग या भावावेग ही काव्य-सर्जना की मूल प्रेरणा है। अभिनव ने अपने मत के समर्थन में भट्टनायक के हृदय-दर्पण का यह वाक्य उद्धृत किया है— 'यावत्पूर्णो न चैतेन तावन्नैव वमत्यमुम्' अर्थात् जब तक कवि-हृदय रस से परिपूर्ण नहीं हो जाता तब तक काव्य का उद्‌गार नहीं होता। इस प्रकार अभिनव व भट्ट-नायक दोनों ही काव्य को कवि का भावोद्‌गार या भावोच्छ्वास स्वीकार करते हैं। किन्तु यहाँ यह स्मरण रखना चाहिए कि रसवादी आचार्यों ने काव्य को कवि की व्यक्तिगत भावानुभूति का उद्‌गार नहीं माना है। अभिनव के अनुसार वाल्मीकि ने 'मा निषाद' आदि श्लोक में जिस शोक को अभिव्यक्ति दी है वह उनका व्यक्तिगत शोक नहीं था। यदि उसे व्यक्तिगत शोक ही माना जाय तब तो वाल्मीकि को भी क्रौञ्च के समान शोक से दुखित मानना पड़ेगा। इस स्थिति में रस की आनन्दस्वरूपता खण्डित हो जायगी। साथ ही लौकिक शोक में संतप्त व्यक्ति की वैसी दशा नहीं सुनी या देखी जाती जैसी कि वाल्मीकि की हुई थी।

यहाँ अभिनवगुप्त का यह तात्पर्य प्रतीत होता है कि वाल्मीकि ने 'मा निषाद' आदि में जिस शोकानुभूति को अभिव्यक्त किया है वह उनकी साधारणीभूत अनुभूति है, व्यक्तिगत नहीं। म्रियमाण क्रौञ्च को देखकर क्रौञ्ची के हृदय में जो शोक उद्‌बुद्ध हुआ वह एक लौकिक और व्यक्तिगत अनुभव था। किन्तु शोक-विह्वल क्रौञ्ची के अनुभावादि के अवलोकन से वाल्मीकि के मन में सहानुभूति-वशात् जिस शोक का उदय हुआ वह वस्तुत कवि का साधारणीभूत अनुभव था। 'मा निषाद' में कवि के इसी साधारणीकृत अनुभव का अभिव्यजन हुआ है।

अभिनव के पूर्वोक्त मत से यह भी लगता है कि वे साधारणीकरण की प्रक्रिया को सहृदय तक ही सीमित रखना नहीं चाहते, उनकी दृष्टि में कवि का संवेदनशील हृदय भी अन्य प्राणियों के सुख-दुख आदि का साक्षात्कार कर हृदय-

में उनके कर्तृत्व की गभीर व्याख्या की। रस व ध्वनिवादी आचार्य काश्मीर शैवागम के अनुयायी थे अत उनके प्रतिभाविषयक चिन्तन पर काश्मीरी शैव-दर्शन का गहरा प्रभाव पड़ा है। दार्शनिक दृष्टि से प्रतिभा ईश्वरीय सर्जन-शक्ति का ही मानवगत प्रतिरूप है। वह कवि की सर्जना-शक्ति तो है ही, उसकी तत्त्व-दृष्टि, अन्तर्दृष्टि, मानस-चित्रों का विधान करने वाली कल्पना, काव्यात्मक अभिव्यंजना के कौशल, सौन्दर्यानुभूति, प्रातिभज्ञान, वस्तुओ में अपूर्वता का दर्शन करने वाली क्षमता आदि की पर्याय भी है। इस प्रकार संस्कृत आलंकारिकों ने प्रतिभा के रूप में काव्यनिर्मात्री शक्ति का बड़ा ही विशद निरूपण किया है।

आनन्दवर्धन के अनुसार महाकवियों की वाणी दिव्य आनन्द रस को प्रवाहित करती हुई अलोकसामान्य व चतुर्दिक् स्फुरणशील प्रतिभा-विशेष को अभिव्यक्त करती है। यों तो इस संसार में विभिन्न प्रकार के कवियों की एक अखड परम्परा रही है परन्तु प्रतिभा-विशेष के धनी महाकवियों की संख्या उँगलियों पर गिनी जा सकती है।[1] यदि कवि में शक्ति या प्रतिभा हो तो कवि के अव्युत्पत्तिजन्य दोष भी आवृत हो जाते है किन्तु प्रतिभा के अभाव से उत्पन्न दोष छिप नहीं पाते।[2] ध्वनिमार्ग का अवलम्बन करने पर कवि की प्रतिभा निःसीम हो जाती है। यह प्रतिभा की ही देन है कि दृष्टपूर्व अर्थ भी काव्य में नित्य नवीनता धारण कर अवनीण होते हैं तथा हर कवि के लिए नूतन निर्माण का क्षेत्र अक्षुण्ण रहता है।[3]

अभिनवगुप्त ने प्रतिभा के स्वरूप की इस प्रकार व्याख्या की है—'प्रतिभा अपूर्ववस्तुनिर्माणक्षमा प्रज्ञा, तस्या विशेषो रसावेशवैशद्यसौन्दर्यकाव्यनिर्माण-क्षमत्वम्' अर्थात् अपूर्व वस्तु के निर्माण में समर्थ प्रज्ञा का ही नाम प्रतिभा है। रसावेश, चित्त-नैर्मल्य, सौन्दर्यानुभूति व काव्य के निर्माण की क्षमता ही उसका विशेष है। कवि के हृदय-मन्दिर में सतत जाग्रत प्रतिभारूप सरस्वती के अनुग्रह से ही कवि को अपूर्व निर्माण की शक्ति प्राप्त होती है।[4] अन्यत्र लोचनकार ने कहा है—'शक्तिः प्रतिभानं वर्णनीयवस्तुविषयनूतनोल्लेखशालित्वम्' अर्थात् वर्णनीय वस्तुओं के सर्वथा नूतन पक्षों और विशेषताओं का उन्मीलन करनेवाली कवि-शक्ति ही प्रतिभा है।[5] यह प्रतिभा कवि की एक ऐसी विलक्षण दृष्टि है

१. ध्वन्यालोक, उद्योत १, कारिका ६
२ वही उद्योत ३ पृ ३१६
३. वही उद्योत ४.१-२
४. अभिनव-भारती भाग १, अध्याय १, पृ. ४
५. ध्वन्यालोक, उद्योत ३, कारिका ६ का लोचन

ने काव्य-सर्जना की दृष्टि से प्रतिभा और व्युत्पत्ति को एक ही कोटि मे रखा है।[1]

कुन्तक ने पूर्वजन्म व इह जन्म के सस्कारो के परिपाक से प्रौढता को प्राप्त करने वाली प्रतिभा को एक विलक्षण व अनिर्वचनीय तत्त्व माना है। उन्होंने कवि-व्यापार के रूप मे काव्यगत कवि-कर्तृत्व को महत्त्व देते हुए कहा है कि प्रतिभा मे तत्काल उदित एक अनिर्वचनीय परिस्पन्द के कारण लौकिक पदार्थों का स्वरूप एक विशेष उत्कर्ष या विच्छित्ति से आच्छादित हो जाता है।[2] यह विच्छित्ति ही कुन्तक की वक्रता है जिसे वे काव्य का जीवित स्वीकार करते हैं।

महिम भट्ट के अनुसार जब कवि रसानुकूल शब्दार्थ का चिन्तन करता हुआ एकाग्रचित्त हो जाता है तब क्षणभर के लिए उसे आत्म-साक्षात्कार की स्थिति प्राप्त हो जाती है। इस आत्म-स्पर्श मे उत्पन्न प्रज्ञा को वे प्रतिभा कहते हैं। यह प्रतिभा कवि के लिए शिव के तृतीय नेत्र के समान है जिसके द्वारा वह लोक-त्रयवर्ती पदार्थों का साक्षात्कार करता है।[3]

हेमचन्द्र के अनुसार अज्ञानावरण का उपशम हो जाने पर उद्भासित आत्म-चैतन्य ही प्रतिभा है। उन्होंने व्युत्पत्ति और अभ्यास को प्रतिभा का सस्कारक मात्र माना है।[4]

प्रतिभा सबन्धी उक्त विवरण से स्पष्ट है कि भारतीय काव्य-मीमासको ने काव्य-सर्जना के लिए प्राय एक स्वर से प्रतिभा की सत्ता आवश्यक मानी है। साथ ही उसके सस्कार के लिए व्युत्पत्ति व अभ्यास के महत्त्व पर भी उन्होंने बल दिया है। काव्य लोक के प्रति कवि का एक सप्रेषण या आत्म-निवेदन ही है। काव्यानुभूति का मूल आधार भी अन्तत लोक जीवन ही है। अत कवि के लिए लोकव्यवहार का तथा लोक की बौद्धिक व भावात्मक परम्परा के मूर्त-रूप शास्त्रों एव अन्य कवियों के काव्यों का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है। काव्य एक कलात्मक अभिव्यजना भी है अत उसकी पद्धति व उपकरणो पर अधिकार प्राप्त करने हेतु कवि के लिए अभ्यास की आवश्यकता का भी निषेध नहीं किया जा सकता। इसीलिए दण्डी व मम्मट आदि ने प्रतिभा, व्युत्पत्ति व अभ्यास की सयुक्त काव्य-कारणता अगीकार की है। केवल व्युत्पत्ति व अभ्यास द्वारा श्रेष्ठ काव्य की सर्जना सभव नहीं है, क्योंकि प्रतिभा के अभाव मे ऐसा काव्य केवल निर्जीव शब्दार्थों की सघटना मात्र होता है।

१. वही अध्याय ४
२ वक्रोक्तिजीवित १, ९ की वृत्ति
३. व्यक्ति-विवेक २, ११७-११८
४. काव्यानुशासन अ १, सूत्र ७

सर्जन मे आरम्भ से अन्त तक कवि का व्यापार रस से ही प्रसूत एव उसी की अभिव्यजना मे तत्पर रहता है —"न परिपाकवता कवीना रसादितात्पर्यविरहे व्यापार एव न शोभते।"[1] जब कवि रसादि के प्रति तत्पर होकर सर्जन-कर्म मे सलग्न होता है तब यह सभव नही कि कोई वस्तु उसके अभिमत रस का अग न बने।[2]

रसवादियो के मत मे रस काव्य की आत्मा होने के कारण उसका अगी है और अलकार, रीति आदि अग। जिस प्रकार शरीर आत्मा की अभिव्यक्ति है तथा उसके माध्यम से आत्मा ही स्वय को प्रकाशित करती है उसी प्रकार काव्यात्मक वर्णना व अभिव्यजना वस्तुत कविगत रस का ही बहि प्रकाश है। रस मे आक्षिप्त होकर ही काव्य मे उन्हे औचित्य प्राप्त होता है।

कविगत रस का अभिव्यजन-रूप सहज व्यापार या प्रयत्न ही अलकारो का स्वत विधान कर देता है। इस प्रकार से निष्पादित अलकार ही ध्वनि-मत मे स्वीकृत है[1] क्योकि अलकार का तो लक्षण ही यह है कि वह रस रूप अगी का अगभूत हो तथा कवि के भावाभिव्यजनरूप व्यापार या प्रयत्न से निर्वर्तित हो। जब कोई अलकार रस के निबन्धन के लिए कृतसकल्प कवि की उस वासना का उल्लघन कर यत्नान्तर द्वारा निष्पन्न होता है तब वह रस का अग नही रहता। यो जब आचार्य लोग अलकारो का निरूपण करने बैठते है तो वे बड़े दुर्घट प्रतीत होते है किन्तु जब कोई प्रतिभाशाली कवि रससमाहित-चित्त होकर काव्य-सर्जन के प्रति उन्मुख होता है तब वे ही अलकार मानो प्रतिस्पर्धा करते हुए आ आकर गिरते है। आनन्दवर्धन ने बाणकृत कादबरी मे चन्द्रापीड द्वारा कादबरीदर्शन के प्रसग का इसके दृष्टान्त के रूप मे उल्लेख किया है। उनके मत मे रसाभिव्यक्ति के कार्य मे अलकार आदि को बहिरग मानना उचित नही है क्योकि रसो का विशिष्ट वाच्यार्थ के द्वारा आक्षेप ही सभव है। वाच्यार्थ का प्रतिपादन शब्दो द्वारा किया जाता है तथा वाच्यार्थ ही वस्तुत रूपक आदि अलकार कहे जाते है अत वे रसव्यजना की दृष्टि से अन्तरग ही है। इस प्रकार वस्तु और वर्णना, अनुभूति और अभिव्यजना दो पृथक् एव खण्डित वस्तुएँ नही है, वे एक ही जीवन्त काव्य-व्यक्तित्व के दो अविभाज्य पहलू है। जहाँ शृगारादि रसो मे कवि यमक, श्लेष आदि की योजना करने लगता है वहाँ निश्चय ही उनकी बहिरगता सिद्ध है क्योकि उनके निष्पादन के लिए कवि को अपने अनुभूतिप्रसूत, सहज अभिव्यजना-व्यापार मे

१. ध्वन्यालोक, उद्योत ३, कारिका ४२ की वृत्ति, पृ ४९७
२. वही पृ. ४९८
३ ध्वन्यालोक, उद्योत २, कारिका १६ व उसकी वृत्ति

का वर्णन करूँ' इस प्रकार के वर्णना रूप द्वितीय व्यापार से काव्य में अलंकारों का सम्पादन होता है। 'मैं शब्दों को समुक अर्थों से संघटित करूँ', यह कवि के तीसरे व्यापार का स्वरूप है। इस प्रकार कवि-कर्म के तीन सोपान हुए—(१) प्रतिभारूप प्रथम परिस्पन्द से रस व गुणों की निष्पत्ति (२) वर्णना-रूप द्वितीय व्यापार से अलंकार-योजना तथा (३) तृतीय व्यापार से शब्दार्थ-संघटना।

यद्यपि उक्त विवेचन से काव्य-सर्जन की समग्र प्रक्रिया का तर्कयुक्त प्रतिपादन नहीं होता तथापि रसवाद की दृष्टि से (और यही दृष्टि भारतीय काव्य-शास्त्र की प्रतिनिधि दृष्टि है) काव्य-सर्जन की समस्या पर महत्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है। रसवादियों के अनुसार प्रतिभा ही काव्य की मूल सर्जन-शक्ति है। प्रतिभाशाली कवि अपनी सहज सहृदयता द्वारा अन्य मनुष्यों व प्राणियों के साथ अपना हृदय-संवाद स्थापित कर तन्मयीभवन की स्थिति का अनुभव करता है जिसके फलस्वरूप उसकी चित्तवृत्तियाँ साधारणीकृत रूप में जाग्रत हो जाती हैं। इन्हीं साधारणीभूत चित्तवृत्तियों का आस्वादन कविगत रस है जिसे अभिनवगुप्त ने काव्य का बीजस्थानीय माना है। यह रस कवि की अपनी विशिष्ट प्रतिभा की ही देन है। तदनन्तर इस रसानुभव के तात्कालिक संस्कार या स्मृति की प्रेरणा से वह अपनी अनुभूति की वर्णना में प्रवृत्त होता है। इस कार्य में उसे कल्पनाशक्ति, जिसे भारतीय आचार्यों के अनुसार प्रतिभा का ही एक रूप कह सकते हैं, सबसे अधिक सहायता देती है। इस कल्पना शक्ति द्वारा वह प्रथम तो वर्णना का मानसिक साक्षात्कार करता है और फिर उसे शब्दार्थमयी अभिव्यंजना में परिणत कर देता है। काव्य-निर्माण की उक्त समस्त प्रक्रिया वस्तुतः कवि-प्रतिभा का ही क्रमिक उन्मीलन है। यह कवि-प्रतिभा काव्य-सर्जना की सभी अवस्थाओं को अनुप्राणित किये रहती है जैसा कि भट्ट तोत ने भी कहा है —

> प्रज्ञा नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा मता।
> तदनुप्राणनाजीवद्वर्णनानिपुणः कविः।

गुणीभूत व्यंग्य या मध्यम काव्य में कविगत रसमस्कार वर्णना को पूरी तरह अनुप्राणित नहीं कर पाता जिससे वस्तु (कवि की अनुभूति), और वर्णना में असंतुलन उत्पन्न हो जाता है। फिर भी ऐसे काव्य में कवि की अनुभूति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से व्यक्त अवश्य होती है। चित्रकाव्य में कवि अपने रसानुभव के प्रति नितान्त उपेक्षाशील रहता है जिससे उसके काव्य में मात्र रचना-कौशल का वैचित्र्य प्रकट होता है। अतएव ऐसे काव्य को अधम काव्य की संज्ञा दी गई है।

आनन्दवर्धन के अनुसार ध्वनि या व्यजना ही एक मार्ग है जो कवि की प्रतिभा के गुणो को अनन्त बना देता है जिससे प्राचीन कवियो द्वारा दृष्टपूर्व विषय भी उसी प्रकार नूतन छटा धारण कर लेते हैं जिस प्रकार कि मधुमास मे वृक्ष।[1] इस दृष्टि से व्यजना और कवि-प्रतिभा को पर्यायवाची सा माना जा सकता है।

रसवादी आचार्यों ने लोक और काव्य की भूमिकाओ को पृथक् मानते हुए काव्यगत अनुभूतियो को अलौकिक स्वीकार किया है। लौकिक अनुभूति देश, काल व व्यक्तित्व के सीमित बोध से ग्रस्त रहती है जबकि काव्य मे व्यक्त कवि की अनुभूति एक साधारणीकृत अतएव लौकिक बोध की सीमाओ से मुक्त चित्तवृत्ति है। काव्य मे कवि का व्यक्तित्व लौकिक आवरणो से मुक्त होकर एक सार्वभौम, सार्वकालिक व विश्वजनीन रूप ग्रहण कर लेता है। तब उसकी वाणी केवल उसी का प्रतिनिधित्व नही करती अपितु वह समस्त मानवता का भावोद्गार बन जाती है।

संस्कृत काव्यशास्त्र के अनुसार काव्य का सत्य वस्तु-जगत् के सत्य से भिन्न होता है। राजशेखर ने काव्य मे निबद्ध वस्तुओ को 'प्रतिभासरूप' माना है। अवन्तिसुन्दरी के अनुसार काव्य मे वस्तुओ का कोई निश्चित स्वभाव नही होता, विदग्ध कवि की वचन-वक्रता ही काव्य मे किसी वस्तु को स्वभाव-विशेष प्रदान करती है।[2] मम्मट ने कविभारती को नियतिकृत नियमो से रहित कहा है। अभिनव के अनुसार काव्य और नाट्य न अनुकरण हैं और न अनुभावन। वे वस्तुत भावानुकीर्तन या अनुव्यवसाय रूप हैं।[3] काव्य मे लौकिक विषयो और भावो का साधारणीकृत रूप मे साक्षात्कार कर सहृदयो द्वारा रसानुभूति प्राप्त की जाती है। इसी का नाम भावानुकीर्तन या अनुव्यवसाय-विशेष है। इस प्रकार काव्य मानवमात्र की मूलभूत एकता का, उसके देश, काल व व्यक्ति से अनिवद्ध रूप का दर्शन कराने मे समर्थ होता है। इसलिए कवि को क्रान्त-द्रष्टा, सर्वदर्शी या ऋषि कहा गया है, प्रत्युत कवि ऋषि से भी एक कदम आगे है। ऋषि मे केवल तत्त्वदर्शन की क्षमता होती है जब कि कवि अपनी उस प्रतिभा-रूप तत्त्वदर्शिनी दृष्टि को वर्णना द्वारा सर्वगोचर भी बना सकता है —

> नानृषि कविरित्युक्तमृषिश्च किल दर्शनात् ।
> विचित्रभावधर्मांशतत्त्वप्रख्या तु दर्शनम् ॥

१ वही, उद्योत ४, कारिका ४
२. काव्य-मीमासा, अध्याय ८
३ अभिनव-भारती, भाग १, पृ ३५-६

रा. चं. द्विवेदी : आपने काव्य के सर्जनापक्ष का बहुत सुन्दर विवेचन किया है पर मैं समझता हूँ आप जयरथ द्वारा इस प्रसग में कही गई कुछ मुख्य बातों को अपने निबन्ध में और सम्मिलित कर लेना चाहेंगे। हृदय-संवाद के उसने दो भेद किये हैं—चित्तवृत्तिसंवाद और वस्तुसंवाद। वस्तु संवाद में उन्होंने वस्तुसंबन्धी रचना-प्रक्रिया तथा अनुभूति को अलंकारादि से संबन्धित किया है—ईदृगिद वस्तु इति वस्तुसंवाद.। और दूसरे संवाद का अर्थ है 'परकीया-यादिचित्तवृत्तेः आत्मीयचित्तवृत्त्यभेदेन सह परामर्श'। यदि सर्जना-पक्ष की दृष्टि से जयरथ की आलोचना करें तो प्रतीत होगा कि जयरथ के मत से कुछ तो ऐसे कवि हैं जो अलंकार रचना में ही तत्पर होते हैं और कुछ दूसरे के मनोभावों को अपने मनोभावों की भांति अनुभूत करते हुए उन्हें काव्य में व्यक्त करते हैं। साथ ही इस बात का भी पर्यालोचन आवश्यक है कि प्रतिभा का सर्वतोभावेन प्रामुख्य मानने पर भी संस्कृत का परवर्ती साहित्य व्युत्पत्ति और अभ्यास का उत्तरोत्तर दास या धनी क्यों बनता चला गया जैसाकि भट्टिकाव्य, नैषध आदि की काव्यसर्जना से प्रमाणित होता है और इन काव्यों के कवियों के अपने वक्तव्य भी हैं। मुझे तो ऐसा प्रतीत होता है कि "श्रुतेन यत्नेन च वागुपासिता ध्रुव करोत्येव कमप्यनुग्रहम्" में उल्लिखित अनुग्रह संस्कृत कवियों को अधिक प्राप्त हुआ, आनन्दवर्धन द्वारा निर्दिष्ट—सरस्वतीयैषा घटयति यथेष्ट भगवती—सारस्वत प्रसाद कम उपलब्ध हो पाया।

Works and Authors

A

Abhidhāvṛttimātṛkā, 161, 261n
Abhilaṣitārthacintāmaṇi, 82
Abhinava-bhāratī 48, 66, 80, 81, 104n, 106n, 154n, 162n, 221, 253-258, 282, 284n, 286n, 291n, 292n, 294, 296n, 299n
Abhinavagupta, 13, 14, 36-39, 43-45, 47, 49, 66, 67, 69, 73,74, 78-80, 94, 97, 104-6, 110, 111, 147, 152, 154, 155, 161-63 176, 183, 187, 188, 195, 196, 209, 210, 214, 216, 226, 229, 247, 251-55, 257, 280, 282, 284, 286-292, 294, 296-300
Acyutarāya, 266
Aeschylus, 28
Agatha Christie, 3
Agnipurāṇa, 154n, 247
Alaka (Allaṭa) 265, 275
Alankārabhāṣya, 271
Alankārakaustubha, 195n.
अलंकारमंजरी, 226n
अलंकारमंजूषा, 226n
Alankārānusāriṇī 271,
अलंकारपीयूष, 226n
Alankārasarvasva, 62, 151, 157, 268n, 272
Alankāraratnākara, 268, 270-73
अमरचंद्रिका, 223
Amarakoṣa 206, 283n,
Amarasimgha, 29
Amaruśataka, 55, 56
आनन्दप्रकाश दीक्षित, 222
Ānandavardhana, 6, 36, 38, 39, 43, 44, 49, 67, 71, 73, 74, 76-8, 86, 87, 89-91, 118-121, 125, 145, 146, 152, 155, 159-62 165, 173, 175n, 176, 177, 180-87, 190, 191, 203, 207, 208, 210, 214, 216, 224, 226 283-85 290, 291, 294-96 297, 301
Antigony 28
Appayya Dikṣita, 11, 109, 191, 227n, 261, 266
Aristotle, 18-28, 133-38, 140-43, 189, 278
अर्जुनदास केडिया, 222, 226
Arthadyotanikā 222, 223n
Art Of Poetry, 18
Aṣṭādhyāyī, 212
Avantisundarī, 299
Avesta, 30

B

Bacon, 2
बैरीसाल, 226n
Bālabhārata, 80
Bālapriyā, 44
Bāna (Bhaṭṭa), 88, 119, 150, 204, 222n, 223, 295
बरवैरामायण, 222
बेनीप्रवीन, 226n
Bhagavadgītā, 168, 257
भगवानदीन, 226
Bhāgavata, 130, 194n, 196
Bhaktıcandrıkā, 199
Bhaktırasāyana, 197n
Bhāmaha, 10-13, 67, 70, 84, 98-101, 116, 120, 121, 153, 157-59, 178-180, 190, 201,

E

E. A. Wallace, 46
एक आत्मवक्तव्य, 229
Eliot, 176, 236
An Essay on Man, 177n
Essays in Sanskrit Criticism, 176n, 201
Essays on Indian Poetics, 157n

F

F. P. Scott, 17

G

गजानन मुक्तिबोध, 229
Ganganath jha, 56
Gaudavaho, 48
Geldner, 31
Gitakarpura (-kulaka,) 13
(-*Vṛtti*) 13
गीतफरोश, 229
गीतावली, 222
Gorgius, 129
Gould Thomas, 197

H

हजारीप्रसाद द्विवेदी, 235
Har Dutt (H D) Sharma, 59, 206
हरिऔध, 222, 226, 227n, 242
Haribhaktirasāmṛtasindhu, 57n, 195n, 197n
हरिप्रकरा, 223
Hegelian, 138
Helārāja, 131
हितरंगिणी, 226n
Hemacandra, 33, 58, 155n, 191, 195, 197, 284, 287, 292, 293
Homer, 135, 142
Hṛdayadarpaṇa, 36, 39, 162, 289

I

I A. Richards, 17
Ingram Bywater, 18
Īśa Up , 283
Īśvarapratyabhijñāvivṛti, 47

J

Jagannātha (Panditarāja), 58, 59, 64, 78, 108, 115, 116, 118-20, 125, 155n, 190-94, 196, 197, 201, 206, 210, 221, 227n, 248, 250, 251, 257, 261, 266, 268 273
Jahlana, 272n
Jayadeva, 82, 227n, 261
Jayanta Bhatta, 166
Jayaratha, 151, 157, 163, 217, 268, 271, 286, 301
जायसी, 222n
Jayavardhana, 277
Jīvagosvāmin, 5, 195, 196
Joyce, 124
जुही की कली, 242

K

Kādambarī, 119, 295
Kālidāsa, 3, 13, 36, 38, 53, 54, 63, 88, 98,, 119, 123, 127, 138, 164, 180, 185, 202, 204-6, 210, 222n, 223, 287
कालिदास की निरंकुशता, 224
कन्हैयालाल पोद्दार, 222, 226, 227n
Kaumudī, 35, 44
Kauṣītakī Up , 33
Kavikarnapūra, 195
कविकुलकल्पतरु, 227n
कविप्रिया, 227n
Kavirāja, 150, 195
कविता की मौत, 230

मानसपीयूष, 223
Mandāramarandacampū, 109
Mānikyacandra, 155
Mathew Arnold, 17, 121
मतिराम, 226
Mayūra, 138
Medhāvirudra, 292
Meghadūta, 127
Milton, 169
Mimāmsādarśana, 264n
Mṛcchakaṭika, 25, 26, 124
Mudrārākṣasa, 25
Mukula Bhatta, 161, 261, 265n
Murāridāna, 109

N

नगेन्द्र, 235, 236, 238, 242, 245, 249
Naiṣadha, 301
Nārāyana 191, 192
Nārāyanatīrtha, 199
Nāṭyaśāstra (N.S) 18-23, 57, 58n, 62, 69, 98, 101, 102n, 105n, 157n, 162, 164, 178, 182n, 187, 205, 225, 247n, 296
नवरसतरंग, 226n
नायिकाभेद, 226n
निराला, 242, 243
Nyāyasūtra, 265n

O

Ode to the Intimations of Immortality, 122
Ode to Nightingale, 122
Ode to the West Wind, 122
ओमप्रकाश शर्मा, 228

P

पद्माभरण, 226n
पद्माकर, 226n
Pānini, 78, 130
Paradise Lost, 2, 169
Patañjali, 130, 131
Plato, 131-34, 136-38, 142 143, 197, 278
Platonic Love, 197n
Plotinus, 140, 141
Poetics, 18, 142
Pound (Ezra), 124, 236, 237, 246
Prabhākara, 191, 192
प्रसाद, 244
प्रसाद जी के दो नाटक, 224
प्रतापसाहि, 221
Pratihārendurāja, 161
Pratimānāṭaka, 129
Punyarāja, 75, 77
Purūravo-vicāra, 13
P V Kane, 201, 265n

R

Rāghavabhaṭṭa, 223
Rāghavapāṇḍavīya, 224
Raghuvaṁśa, 36, 98, 127
Rājasekhara, 37, 80, 103, 104, 154, 155n, 162, 182, 191, 203, 206, 219, 224, 283 285, 292, 294, 298, 299
Rāmacandra-gunacandra, 191
Rāmānuja, 5
Rāmāyana, 3, 36, 48, 187, 205
रामचन्द्र शुक्ल, 223, 235
रामचरितमानस, 168, 222
रामदहिन मिश्र, 227n
राममूर्ति त्रिपाठी, 228
Ram Singh, 106
Rasagangādhara, 59, 78, 108, 109n, 155n, 192n, 221n, 226, 250, 251n, 258, 261n, 266n, 268
रसकलश, 222, 226n
Rasakaumudī, 92
रसमंजरी, 226, 227n
रसपीयूषनिधि, 225, 227n

Tempest, 26
Thomas Hardy, 169
T.S Eliot, 17
तुलसीभूषण, 221, 222n
तुलसीदास, 168, 221, 222n, 223, 233, 277

U

Udbhaṭa, 87, 146, 197, 267, 268n, 270n
Ugra (works also), 277
Ujjvalanīlamaṇi, 195n
Upalocana, 45
Urubhanga, 25
Uttararāmacarita 27, 123

V

Vāgbhata, 191
Vāgbhaṭālankāra, 155n
Vaidyanātha, 82, 191
Vakroktijīvita, 81, 84, 86, 91, 150, 285, 293n
Vākyapadīya, 74-8, 131, 265n
Vālmiki 35-37, 185, 284, 288, 289, 294, 300
Vāmana, 12, 14, 33, 48, 67, 70, 79-81, 116, 118-20, 125, 145-52, 154, 159, 181n, 193, 226, 267
Vāsavadattā, 33
Vasubandhu, 158
Vasugupta, 79
Veṇīsamhāra, 25, 205
Vidyābhūṣana, 266
Vidyācakravartin (Śrī-) 63, 157
Vidyādhara, 191
Vidyānātha, 191
Vijjikā, 41, 42
Vimarśinī, (*Alankāra-*) 157n, 217, 257, 268, 271, 272
Viṣṇudharmottara, 69, 71-3, 79
Viśvanātha (kavirāja), 18, 57, 58, 108, 115, 116, 118-21, 124, 191-93, 195, 206, 227, 260, 266, 287
Viśveśvara, 192
V Raghavan, 48, 201
Vṛttivārtika, 261
Vyākaraṇamahābhāṣya, 265n
Vyaktiviveka 105n, 224, 265n, 284n, 293n
व्यङ्ग्यार्थकौमुदी, 221
Vyāsa, 185

W

Winter's Tale, 3, 26
Wordsworth, 119-21, 124

Y

Yajurveda, 21
Yaśavantayaśobhūṣana, 109